आषाढ़ कृष्ण पक्ष षष्ठी 02:46 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित


मंगलवार, 17 जून 2025
वर्ष 3, अंक 297, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



खामेनेई परिवार के साथ बंकर में छिपे 14

आपदा प्रबंधन क्षेत्र में अग्रणी बना भारत 12

## दो चरणों में पूरी होगी राष्ट्रीय जनगणना
## केंद्र सरकार ने जारी की अधिसूचना

नई दिल्ली, एजेंसी

साल 2011 में हुई पिछली जनगणना के 16 साल बाद सरकार ने भारत की 16वीं जनगणना 2027 में कराने के लिए सोमवार को अधिसूचना जारी की जिसमें जाति गणना भी शामिल होगी। अधिसूचना में कहा गया है कि लद्दाख जैसे बर्फीले क्षेत्रों में जनगणना एक अक्टूबर 2026 की संदर्भ तिथि तथा देश के बाकी हिस्सों में एक मार्च 2027 की संदर्भ तिथि से की जाएगी।

इसमें कहा गया, उक्त जनगणना के लिए केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू- कश्मीर और हिमाचल प्रदेश तथा उत्तराखंड के बर्फ बारी वालों क्षेत्रों के अलावा बाकी राज्यों के लिए संदर्भ तिथि एक मार्च, 2027 को 00.00 बजे होगी।



- सोलहवीं जनगणना में 13,000 करोड़ हो सकता खर्च

लद्दाख और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर तथा हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड राज्यों के बर्फ से ढके क्षेत्रों के लिए संदर्भ तिथि एक अक्टूबर 2026 को 00:00 बजे होगी। यह कार्य 34 लाख गणनाकर्ताओं और पर्यवेक्षकों तथा डिजिटल उपकरणों से लैस लगभग 1.3 लाख कर्मियों द्वारा किया जाएगा। इस पर सरकार के 13 हजार करोड़ खर्च होने की संभावना है। जनगणना 2011 के अनुसार देश की जनसंख्या 121.019 करोड़ थी, जिसमें से 62.372 करोड़ पुरुष और 58.646 करोड़ महिलाएं थीं।

### जातिगत गणना भी होगी

राष्ट्रीय जनगणना के साथ ही जातिगत गणना भी की जाएगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने केंद्रीय गृह सचिव, भारत के रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण और अन्य अधिकारियों के साथ जनगणना की तैयारियों की समीक्षा की।

## पहलगाम हमला बिना आतंकी फंडिंग के संभव नहीं

### आतंकवादियों के अंतिम संस्कार में पाकिस्तानी अफसरों की मौजूदगी कटघरे में खड़ा करने के लिए काफी

नई दिल्ली, एजेंसी

वैश्विक निगरानी संस्था वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) ने अप्रैल में पहलगाम में हुए बर्बर आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए सोमवार को कहा कि उसने अपना ध्यान आतंकवाद के वित्तपोषण से निपटने के लिए विभिन्न देशों द्वारा उठाए गए कदमों की प्रभावशीलता पर केंद्रित किया है। एफएटीएफ ने कहा, आतंकवादी दुनिया भर में लोगों की जान लेते और भय पैदा करते हैं।

एफएटीएफ ने 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए बर्बर आतंकवादी हमले पर गहरी चिंता व्यक्त की और इसकी निंदा की है। एफएटीएफ ने कहा कि यह और हाल में हुए अन्य



- एफएटीएफ ने पहलगाम हमले की निंदा कर आतंकवाद के वित्तपोषण से निपटने पर दिया जोर

हमले, बिना पैसे और आतंकवादी समर्थकों के बीच धन के हस्तांतरण के बिना नहीं हो सकते हैं।

भारतीय अधिकारियों ने पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद को लगातार समर्थन दिए जाने और हथियारों की खरीद के लिए धन मुहैया कराने की बात को उजागर किया है। एफएटीएफ का यह बयान उसकी पृष्ठभूमि में आया है। भारत ने लगातार कहा है कि पाकिस्तान ने आतंकवादियों को पनाह दी है, भारतीय सैन्य हमलों में मारे गए आतंकवादियों के अंतिम संस्कार में वरिष्ठ सैन्य अधिकारी मौजूद थे। एएफएटीएफ के एशिया प्रशांत समूह की 25 अगस्त को होने वाली बैठक और 20 अक्टूबर को समूह की अगली पूर्ण बैठक और कार्य समूह की बैठक से पहले, भारत धन शोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण विरोधी एफएटीएफ मानदंडों के संबंध में पाकिस्तान द्वारा की गई चूक पर एक दस्तावेज (डोजियर) तैयार कर रहा है।

### संदिग्ध सूची में डालने के लिए भारत देगा आवेदन

पाकिस्तान को संदिग्ध सूची में डालने के लिए भारत एफएटीएफ को आवेदन देगा। वर्तमान में, एफएटीएफ की संदिग्ध सूची में 24 देश हैं। इन देशों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। एफएटीएफ के संदिग्ध सूची में पाकिस्तान का इतिहास फरवरी 2008 से शुरू होता है, जब इसे निगरानी सूची में रखा गया था। जून 2010 में उसे सूची से हटा दिया गया, लेकिन फरवरी 2012 में उसे वापस शामिल किया गया और फिर फरवरी 2015 में हटा दिया गया। जून 2018 में उसे तीसरी बार फिर सूची में शामिल किया गया और बाद में अक्टूबर 2022 में हटा दिया गया।

### एफएटीएफ की भूमिका

बता दें कि एफएटीएफ पिछले कई वर्षों से दुनिया भर के 200 से ज्यादा देशों को आतंकवाद की फंडिंग से निपटने के लिए गाइडलाइन दे रहा है। इन गाइडलाइनों में बैंकिंग सिस्टम पर निगरानी, संदिग्ध लेनदेन की पहचान, और सोशल मीडिया, क्राउड फंडिंग या क्रिप्टो जैसी नई तकनीकों के दुरुपयोग से जुड़ी चेतावनियां शामिल हैं।

### एक नजर

#### अमिताभ कांत ने जी-20 शेरपा पद से दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** अमिताभ कांत ने जी20 शेरपा के पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने 45 वर्ष की अपनी सरकारी सेवा के दौरान कई कार्यभार संभाले। केरल कैडर के 1980 बैच के सेवानिवृत्त भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी कांत को जुलाई 2022 में भारत का जी20 शेरपा नियुक्त किया गया था। भारत के जी20 की अध्यक्षता संभालने के कुछ महीने पहले उनकी नियुक्ति की गई थी। पेशेवर मंच लिंक्डइन पर 'मेरा नया सफर' शीर्षक के साथ कांत ने लिखा, 45 साल की समर्पित सरकारी सेवा के बाद, मैंने नए अवसरों को अपनाने तथा जीवन में आगे बढ़ने का फैसला किया है।

#### कुपवाड़ा में आतंकवादी की संपत्ति कुर्क की

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर पुलिस की राज्य जांच एजेंसी ने पाकिस्तान में रह रहे एक आतंकवादी की कुपवाड़ा जिले में स्थित अचल संपत्ति सोमवार को कुर्क की। आतंकवादी की पहचान अब्दुल हामिद लोन के रूप में की गई है, जो गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के मामले में वांछित है। एसआईए ने आतंकवाद का मुकाबला करने और इसके समर्थन ढांचे को नष्ट करने के उद्देश्य से आतंकवादी की कुपवाड़ा के मावर बाला कलमाबाद में स्थित संपत्ति कुर्क कर ली है।

## यह युद्ध का युग नहीं : मोदी

### पीएम और साइप्रस के राष्ट्रपति ने प. एशिया व यूरोप में चल रहे संघर्षों पर जताई चिंता

निकोसिया, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि उन्होंने और साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस ने पश्चिम एशिया और यूरोप में चल रहे संघर्षों पर चिंता जताई और उन दोनों का मानना है कि यह युद्ध का युग नहीं है। मोदी ने यहां क्रिस्टोडौलिडेस के साथ व्यापक वार्ता के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में अपने संबोधन में यह भी कहा कि बातचीत के जरिए समाधान और स्थिरता बहाल करना मानवता की मांग है।

प्रधानमंत्री ने सीमा पार से होने वाले आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में साइप्रस के समर्थन के लिए भी धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री मोदी तीन देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण में अभी साइप्रस में हैं। मई में भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर चलाए जाने के बाद यह उनकी पहली विदेश यात्रा है। राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस ने कहा, हमारे बीच ऐतिहासिक मित्रता है और हमारे संबंधों में विश्वास है। उन्होंने 22 अप्रैल के भयावह पहलगाम आतंकी हमले को भी याद



साइप्रस में मोदी को सर्वोच्च सम्मान देते राष्ट्रपति निकोस। ● एजेंसी

- द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने को प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की दोनों देशों के बीच सीधी उड़ान जल्द
- आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में साइप्रस के समर्थन के लिए जताया आभार

किया और कहा कि साइप्रस, भारत के साथ पूरी एकजुटता के साथ खड़ा है। कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में वह भारत के साथ खड़ा है। अपने संबोधन में क्रिस्टोडौलिडेस ने अहमदाबाद में 12 जून को हुए एअर इंडिया विमान हादसे का भी जिक्र किया और कहा कि साइप्रस के लोग दुख की इस घड़ी में भारत के साथ हैं। उन्होंने रक्षा, सुरक्षा, व्यापार, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा, नवीकरणीय ऊर्जा और जलवायु न्याय जैसे क्षेत्रों में सहयोग के बारे में बात की। उन्होंने क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की। बाद में, मोदी ने भारत-साइप्रस संबंधों को बढ़ावा देने के लिए कई मुद्दों पर चर्चा करने के लिए राष्ट्रपति के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारे संबंध न तो परिस्थितियों से बने हैं और न ही सीमित हैं। हम एक-दूसरे की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करते हैं। मोदी ने कहा कि साइप्रस भारतीयों के लिए भी पसंदीदा पर्यटन स्थल है और दोनों देशों के बीच सीधी उड़ान के लिए प्रयास किए जाएंगे।

### साइप्रस में प्रधानमंत्री मोदी को मिला सर्वोच्च नागरिक सम्मान

**निकोसिया।** प्रधानमंत्री मोदी को सोमवार को साइप्रस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस तृतीय' से सम्मानित किया गया। प्रधानमंत्री ने पुरस्कार प्राप्त करने के बाद कहा, साइप्रस से सम्मान प्राप्त करके मैं बहुत कृतज्ञ हूं। मैं इसे हमारे देशों के बीच की मित्रता को समर्पित करता हूं। साइप्रस के राष्ट्रपति ने मोदी को सम्मानित किया। इस सम्मान का नाम साइप्रस के पहले राष्ट्रपति आर्चबिशप मकारियोस तृतीय के नाम पर रखा गया है। मोदी ने 140 करोड़ भारतीयों को यह सम्मान समर्पित किया।

## ननौरा के पास कार और बाइक में सीधी भिड़ंत, 5 लोगों की मौत

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** श्रीनगर-बेलाताल मार्ग पर ननौरा के पास सोमवार दोपहर बाइक और कार की सीधी भिड़ंत में पांच लोगों की मौत हो गई। टक्कर के बाद कार अनियंत्रित होकर खाईं में पलट गई। हादसे में कार सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें एक की हालत चिंताजनक देखते हुए झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। हादसे सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह, एसडीएम सदर जितेंद्र कुमार और चरखारी सीओ पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और जायजा लेने के साथ घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया।

कुलपहाड़ कोतवाली क्षेत्र के मुढारी गांव निवासी अजय कुमार (19) पुत्र सुनील कुमार, भरत (35) पुत्र आशादीन और संजू (18) पुत्र राकेश तीनों चचेरे भाई थे, जो सोमवार की दोपहर बाइक से ननौरा गांव अपनी रिश्तेदारी में जा रहे थे। ननौरा गांव से कुछ दूर पहले ही तेज रफ्तार ईको कार से बाइक की सीधी भिड़ंत हो गई, जिसमें तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद



हादसे के बाद मौके पर पहुंचीं एएसपी वंदना सिंह।

- महोबा में श्रीनगर-बेलाताल मार्ग पर हुआ भीषण हादसा
- हादसे में चार लोग गंभीर घायल एक को झांसी रेफर किया गया

कार अनियंत्रित होकर खाईं में पलट गई। खाईं में कार पलटने से महोबा के बजरिया निवासी कार चालक रामपाल (32) और बगरौन गांव निवासी विनोद (27) पुत्र भगवानदास की मौत हो गई, जबकि कार में सवार बगरौन गांव के उदयभान कुशवाहा (32), उसकी पुत्री खुशी (4), भतीजा ऋषि (11) और भांजा अंकित (10) गंभीर रूप से घायल हो गए। कार सवार लोगों में चीख-पुकार मच गई।

हादसे के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। लोग खाईं में पलटी कार में फंसे लोगों को बाहर निकालने में जुट गए। हादसे सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह, एसडीएम सदर जितेंद्र कुमार और चरखारी सीओ पुलिस के साथ पहुंचे और सभी घायलों को फौरन जिला अस्पताल पहुंचाया। अपर पुलिस अधीक्षक ने जिला अस्पताल में डॉक्टरों से बातचीत कर बेहतर इलाज पर जोर दिया। चरखारी सीओ के मुताबिक घायलों में खुशी की हालत चिंताजनक देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। बाकी घायलों का जिला अस्पताल में ही इलाज चल रहा है।

## तकनीकी समस्या से हांगकांग लौटा एअर इंडिया का विमान

**मुंबई।** एअर इंडिया के एक बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान के दिल्ली के लिए उड़ान भरने के एक घंटे के भीतर उसमें तकनीकी समस्या का संदेह होने के बाद सोमवार को उसे हांगकांग लौटना पड़ा। आपात स्थिति में सुरक्षित से विमान की लैंडिंग कराई गई। विमान का निरीक्षण किया जा रहा है।

उड़ान हांगकांग से दोपहर 12.16 बजे (स्थानीय समयानुसार) रवाना हुई और इसे भारतीय समयानुसार दोपहर 12.20 बजे दिल्ली में उतरना था। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट 'फ्लाइटरडार.कॉम' के अनुसार, यह उड़ान लगभग 3.5 घंटे की देरी से रवाना हुई थी। इसका निर्धारित प्रस्थान समय सुबह 8.50 बजे था।

- दिल्ली के लिए बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर ने भरी थी उड़ान

### बम की धमकी के बाद फ्रैंकफर्ट लौटा विमान

**लंदन/हैदराबाद।** हैदराबाद के लिए उड़ान भरने वाले लुफ्थांसा कंपनी के एक विमान में बम रखा होने की धमकी मिलने के बाद उसे फ्रैंकफर्ट हवाईअड्डे पर लौटना पड़ा। विमान संख्या एलएच752 रविवार को जर्मनी से स्थानीय समयानुसार दोपहर 2.14 बजे रवाना हुआ था और इसे देर रात हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरना था, उड़ान के कुछ घंटों बाद ही मार्ग में परिवर्तन देखा गया।

## 119 मृतकों का हुआ डीएनए मिलान

### पूर्व सीएम विजय रूपाणी का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

अहमदाबाद/ राजकोट, एजेंसी

अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान दुर्घटना के चार दिन बाद, अब तक डीएनए मिलान के जरिये 119 मृतकों की पहचान कर ली गई है और गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी समेत 64 लोगों के शव उनके परिजनों को सौंप दिए गए हैं। पूर्व सीएम विजय रूपाणी का राजकीय सम्मान के साथ राजाकोट में अंतिम संस्कार किया गया।

एक अधिकारी ने उम्मीद जताई की कि सभी मृतकों के डीएनए मिलान की प्रक्रिया मंगलवार शाम या बुधवार सुबह तक पूरी हो जाएगी। रूपाणी उन 242 लोगों में शामिल थे, जो गुरुवार दोपहर लंदन जा रही एअर इंडिया की उड़ान एआई-171 में सवार थे। पूर्व मुख्यमंत्री रुपाणी के पार्थिव शरीर को शहर के सिविल अस्पताल में उनकी पत्नी अंजलि रुपाणी और परिवार के अन्य सदस्यों को सौंप दिया गया। विजय रूपाणी का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार के दौरान उन्हें 21 तोपों की सलामी दी गई। इस मौके पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मौजूद रहे।



विमान हादसा

- डीएनए मिलान प्रक्रिया दो दिन में पूरी होने की उम्मीद
- गृह मंत्री अमित शाह ने रूपाणी को दी अंतिम विदाई

## अब यूपीआई से लेनदेन होगा और तेज

**नई दिल्ली।** यूपीआई के जरिए लेनदेन सोमवार से और तेज होने जा रहे हैं। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने भुगतान के लिए प्रतिक्रिया समय को घटाकर 10 सेकंड कर दिया है। यूपीआई एक तत्काल भुगतान प्रणाली है, जिसे एनपीसीआई ने मोबाइल फोन के जरिए बैंकों के बीच लेनदेन की सुविधा के लिए विकसित किया है। एनपीसीआई के हाल के परिपत्र के अनुसार धन हस्तांतरण, स्थिति जांच और वापसी सहित लेनदेन अब 30 सेकंड के बजाय 10 से 15 सेकंड में पूरे हो जाएंगे। इस तरह यूपीआई भुगतान में पता सत्यापित करने में लगने वाला समय अब पहले के 15 सेकंड की तुलना में केवल 10 सेकंड लगेगा।

## पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट चार महिलाओं की मौत

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचारः** थाना रजबपुर क्षेत्र के गांव अतरासी के जंगल में पटाखा फैक्ट्री में तेज धमाके के साथ विस्फोट हो गया। फैक्ट्री के मलबे में दबकर 4 महिला श्रमिकों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि अन्य 9 श्रमिक घायल हो गए इनमें 8 महिलाएं हैं। डीएम, एसपी ने मौका मुआयना किया।

हादसा सोमवार की सुबह रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव अतरासी के जंगलों में बनी पटाखा फैक्टरी में हुआ। हापुड़ निवासी सैफउर्ररहमान पुत्र कौसर अहमद की पटाखा फैक्ट्री में सोमवार को महिलाएं एवं पुरुष काम कर रहे थे। अचानक फैक्ट्री में तेज धमाका हुआ। विस्फोट से फैक्ट्री धराशायी हो गई। टिनशेड के टुकड़े कई मीटर दूर जाकर गिरे। मलबे में कई मजदूर दब गए। पुलिस और दमकल टीम ने ग्रामीणों की मदद से मलबे में दबे लोगों को बाहर निकाला। हादसे में चार महिला श्रमिकों रुक्साना पुत्री जाकिर अली निवासी गांव रजबपुर, रुमा पत्नी दानवीर निवासी गांव पपसरा, प्रवेश पत्नी शोविन्द्र निवासी गांव पपसरा, शहनाज पत्नी शाबिर निवासी रजबपुर की मौत हो गई।

- मलबे में दबकर 8 महिलाओं सहित 9 श्रमिक घायल
- तेज धमाके के साथ फैक्ट्री की बिल्डिंग और टिनशेड ध्वस्त

## ईरान के हमले से दहला इजराइल

तेल अवीव, एजेंसी

ईरान ने इजराइल के मध्य तथा उत्तरी क्षेत्र को निशाना बनाते हुए सोमवार को फिर सिलसिलेवार मिसाइल हमले किए जिसमें कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। उधर, इजराइल ने दावा किया कि उसने ईरान की राजधानी पर हवाई श्रेष्ठता हासिल कर ली है और उसके विमान अब बिना किसी बड़े खतरे का सामना किए तेहरान के ऊपर उड़ान भर सकते हैं।

इजराइल की सेना ने कहा कि ईरानी वायु रक्षा और मिसाइल प्रणालियों पर कई दिनों तक हमले किए जाने के बाद उसके विमान अब पश्चिमी ईरान से तेहरान तक के आसमान में आसानी से उड़ान भर सकते हैं और



- 5 की मौत, दर्जनों घायल, इजराइल का दावा- ईरान के 120 से अधिक मिसाइल लांचर नष्ट किए

उसने जमीन से जमीन पर मार करने वाले 120 से अधिक उन मिसाइल लांचरों को नष्ट कर दिया है जहां से इजराइल पर हमला किया जा रहा था। ईरान ने कहा कि उसने 100 मिसाइलें दागीं और उसने पिछले शुक्रवार को इजराइल द्वारा उसके परमाणु संवर्धन केंद्रों एवं सैन्य नेतृत्व पर किए गए आश्चर्यजनक हमले के खिलाफ आगे भी जवाबी हमले करने का संकल्प जताया। इजराइल ने कहा कि अब तक ईरान ने 370 से ज्यादा मिसाइलें और सैकड़ों ड्रोन दागे जिसके कारण अब तक 24 लोगों की मौत हो चुकी है।

### विदेश मंत्रालय ने कहा- ईरान में भारतीय छात्रों से संपर्क बनाए हुए हैं

**नई दिल्ली।** ईरान–इजराइल संघर्ष के बीच, केंद्र ने सोमवार को कहा कि तेहरान स्थित भारतीय दूतावास सुरक्षा स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है और ईरान में भारतीय छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उनसे संपर्क कर रहा है तथा कुछ मामलों में उन्हें सुरक्षित स्थानों पर भी पहुंचा रहा है। अन्य व्यवहार्य विकल्पों पर भी विचार किया जा रहा है।


## सस्ती बिजली खरीद भारी कमाई की तैयारी में निजी कंपनियां

### सलाहकार कंपनी की रिपोर्ट से हुआ खुलासा, उपभोक्ता परिषद ने आयोग में दाखिल की याचिका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** ऊर्जा निगमों में निजीकरण के जरिये बिजली वितरण क्षेत्र में कारोबार का सपना देख रही नामचीन निजी कंपनियां सस्ती बिजली खरीदकर भारी मुनाफा कमाने की तैयारी में हैं। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन की ओर से राज्य विद्युत नियामक आयोग में पेश की गई सलाहकार कंपनी ग्रांट थॉर्नटन की रिपोर्ट से इसका खुलासा हुआ है।

इस बीच, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने आयोग में याचिका दाखिल कर इस पर सख्त आपत्ति जताई है। याचिका में कहा गया है कि पावर कॉरपोरेशन से पहले परिषद की याचिका पर सुनवाई की जाए। वर्तमान में पावर कॉरपोरेशन पावर पर्चेज एग्रीमेंट पीपीए के तहत राज्य विद्युत उत्पादन निगम व अन्य स्रोतों से सस्ती बिजली खरीदता है और राज्य विद्युत नियामक आयोग की ओर से निर्धारित बिजली दरों पर बिजली उपभोक्ताओं को बिजली विक्रय कर रहा है। इसके अलावा किसानों को लिए नलकूप के लिए मुफ्त बिजली देने के एवज में सरकार की ओर से सब्सिडी भी दी जा रही है। परिषद की ओर से दाखिल याचिका में कहा गया है कि सलाहकार कंपनी ने अपनी रिपोर्ट में निजी कंपनियों को सरकारी निगमों की तर्ज पर सस्ती बिजली देने व सब्सिडी देने की बात कही है। ऐसा होने पर निजी कंपनियों को बिजली उपभोक्ताओं से बिल व सब्सिडी के तौर पर भारी मुनाफा होने की संभावना है।



- कहा, पावर कॉरपोरेशन से पहले की जाए परिषद की याचिका पर सुनवाई

### निजी घरानों को लाभ पहुंचाने के लिए सरकार नहीं दे सकती निर्देश

सलाहकार कंपनी की रिपोर्ट में कहा गया है कि राज्य सरकार विद्युत अधिनियम की धारा 108 का प्रयोग निजीकरण के मामले में भविष्य में करेगी। कॉरपोरेशन ने इस पर भी नियामक आयोग से अभिमत मांगा है। इस पर उपभोक्ता परिषद की याचिका में आपत्ति उठाते हुए कहा गया है कि धारा 108 का प्रयोग सरकार लोक महत्व के मामले में कर सकती है न की निजी घरानों को लाभ पहुंचाने में करने का अधिकार है।

### बिजली दरों में बढ़ोतरी के खिलाफ भी याचिका

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने सोमवार को राज्य विद्युत नियामक आयोग में बिजली दरों में बढ़ोतरी के खिलाफ भी याचिका दाखिल की। याचिका में बढ़ोतरी के प्रस्ताव को खारिज करने की मांग की गई है। परिषद की ओर से कहा गया है कि कॉरपोरेशन के प्रस्ताव में ग्रामीण घरेलू उपभोक्ताओं की अधिकतम 8 रुपये प्रति यूनिट और शहरी घरेलू की अधिकतम 9 रुपये प्रति यूनिट की बात कही गई है।

# शिवम की मौत की गंभीरता से हो जांच, एसपी से मांग

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** तीन दिन पहले बेहरिन गांव के निकट देर रात हुई दुर्घटना में युवक की मौत के मामले में परिजनों को हत्या की आशंका है। इसको लेकर भाजयुमो कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे परिजनों ने एसपी से शिकायत कर गंभीरता से जांच कराए जाने की मांग की है।

सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे मृतक के पिता हरिपाल सिंह पुत्र झरबू सिंह ने एसपी विनोद कुमार को प्रार्थना पत्र दिया। इसमें कहा कि शिवम 13 जून को स्कूटी से तिर्वा से वापस घर लौट रहा था। तभी उसके साथ घटना घटी। पुलिस ने घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजन मेडिकल कालेज पहुंचे और बाद में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने एसपी से मांग की कि घटना की निष्पक्ष जांच कराई जाए। एसपी ने जांच में सामने आने वाले तथ्य के आधार पर कार्रवाई किए जाने का भरोसा दिलाया।


शहर में कैंडल मार्च निकालते युवक। अमृत विचार



एसपी को ज्ञापन देने पहुंचे परिजन व भाजयुमो कार्यकर्ता। कोतवाली में सीसीटीवी फुटेज देखते परिजन व पुलिस के जवान।

- दुर्घटना नहीं मान रहे परिजन हत्या की आशंका जताई
- यातायात प्रभारी की शिकायत की गई

भाजयुमो की तरफ से यातायात प्रभारी आफाक खान द्वारा आम जनता, विशेषकर ऑटो चालकों व रिक्शा चालकों के प्रति की जा रही अनुचित कार्रवाई को लेकर शिकायत की गई। आरोप लगाया वे वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डालने के साथ बेवजह चालान काटते हैं। एसपी ने इस पर भी ध्यान देने का आश्वासन दिया है। स्पष्ट किया कि किसी भी नागरिक को बेवजह परेशान नहीं किया जाएगा। यदि कोई ऐसा करता है तो उस पर कार्रवाई की जाएगी। आफाक खान के व्यवहार की जांच कराई जाएगी। इस मौके पर भाजपा युवा मोर्चा पूर्व नगर अध्यक्ष छोटू यादव, पवन पांडे, भाजपा जिला महामंत्री सौरभ कटियार, आरएस कठेरिया, श्याम जी मिश्रा, विशाल शुक्ला, भाजयुमों जिलाध्यक्ष अभिमन्यु ठाकुर, आकाश मिश्रा, शिवेंद्र नगर अध्यक्ष भाजपा शिवेंद्र कुमार समेत कई युवा मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### कैंडल मार्च निकाल फोटग्राफर को दी श्रद्धांजलि

**कन्नौज।** भाजयुमो के कार्यकर्ताओं ने रविवार की रात शहर में कैंडल मार्च निकालकर मृतक शिवम को श्रद्धांजलि दी। मार्च सरायमीरा में भ्रमण के बाद तिर्वा क्रासिंग पर समाप्त हुआ। दीवानी न्यायालय परिसर में फोटोग्राफी करने वाले वोर्डिंग मैदान निवासी शिवम सिंह तीन दिन पहले बेहरिन गांव के निकट सड़क किनारे घायल अवस्था में मिले थे। मेडिकल कालेज में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया था। उनको श्रद्धांजलि देने को कैंडल मार्च निकाला गया। इस मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष शिवेंद्र कुमार, आकाश शुक्ला, समेत कई युवा शामिल हुए। इस के बाद दो मिनट का मौन रख कर मृत आत्मा की शांति के लिये भगवान से प्रार्थना की गई।

### हत्या की आशंका में कोतवाली में लगे सीसीटीवी फुटेज देखे

**तिर्वा।** हत्या की आशंका पर सदर कोतवाली के अशोकनगर निवासी शिवम सिंह चौहान (30) पुत्र हरिपाल सिंह की मौत के मामले में परिजनों को हत्या का अंदेशा है। मृतक के भाई ने तहरीर देकर कहा कि उसके भाई की शरीर पर जो चोट दिख रही उससे प्रतीत हो रहा कि हत्या की गई है। परिजनों ने बेहरिन से लेकर कोतवाली तक जगह-जगह सीसीटीवी के फुटेज को देखना शुरू कर दिया। पुलिस ने भी कोतवाली गेट पर लगे कैमरे का फुटेज चेक किया। परिजनो ने बताया कि स्कूटी क्षतिग्रस्त नही हुई लेकिन युवक के शरीर पर चोट आई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर एक -एक बिन्दु गहनता से जांच कर रही है।


चेयरमैन प्रतिनिधि हाजी रईस का घेराव करते भाजपाई।


जानकारी देते भाजपा नगर अध्यक्ष शिवेंद्र कुमार। अमृत विचार

# शव वाहन ठीक न होने पर भड़क उठे भाजपाई, चेयरमैन कक्ष में जड़ा ताला

## अध्यक्ष प्रतिनिधि का घेराव कर लगाया हिंदू विरोधी होने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद का शव वाहन खराब पड़ा होने से गुस्साए भाजपाइयों ने चेयरमैन प्रतिनिधि का घेराव कर हिंदू विरोधी होने का आरोप लगा हंगामा किया। शव वाहन व फ्रीजर की व्यवस्था न होने तक उनको भी उनके कक्ष में न बैठने देने की बात कही। उनको बाहर कर कक्ष में ताला डाल दिया। तीन दिन का समय दिया और इसके बाद पूरे पालिका कार्यालय में तालाबंदी की चेतावनी दी।

सोमवार को भाजपा के नगर अध्यक्ष शिवेंद्र कुमार, वरिष्ठ नेता संजय मिश्रा के नेतृत्व में कई कार्यकर्ता नगर पालिका पहुंचे। यहां शव रखने वाले फ्रीजर तथा शव वाहन की व्यवस्था न होने को लेकर जमकर हंगामा किया। इस दौरान चेयरमैन कौसरजहां अंसारी के पति व उनके प्रतिनिधि पूर्व अध्यक्ष हाजी रईस अहमद से जमकर बहस भी हुई। यहां भाजपाइयों ने खुलेआम हिंदुओं का विरोध करने का आरोप लगाते हुए फ्रीजर व शव वाहन की व्यवस्था न किए जाने की बात कही। इसके बाद उन्हें चेतावनी दी कि जबतक ये व्यवस्था नहीं होती तब तक वे भी अपने कक्ष में नहीं बैठेंगे। इसके बाद उनके कक्ष में ताला डाल दिया। बाद में नगर अध्यक्ष ने बताया कि जबसे कौसर जहां पालिकाध्यक्ष बनी हैं तब से फ्रीजर खराब हो गए हैं। शव वाहन भी महीनों से खराब बताया जा रहा है। इस भीषण गर्मी में हिंदुओं को खासी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। आरोप लगाया कि जानबूझकर भेदभाव किया जा रहा है। जानकारी दी कि चेयरमैन प्रतिनिधि को दोनों व्यवस्थाओं के लिए तीन दिन का समय दिया गया है। अभी केवल चेयरमैन के कक्ष में ताला डाला है। तीन दिन बाद भी समस्या दूर न हुई तो पालिका परिसर स्थित सभी कार्यालयों में तालाबंदी की जाएगी। इस मौके पर नीतीश तिवारी, अभिमन्यु ठाकुर, विशाल शुक्ला, श्यामजी मिश्रा मौजूद रहे।

# सड़क के लिए मंत्री ने डीआरएम से मांगा अनापत्ति प्रमाण

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** मकरंदनगर सिटी स्टेशन के एक तरफ जीटी रोड तो दूसरी तरफ मौसमपुर मौरारा मोहल्ला है। यह क्षेत्र नगर पालिका में आता है लेकिन इसके बाद भी यहीं की सड़क की हालत बरसों से खराब है। कारण यह कि इसे बनाने के लिए रेलवे की अनुमति जरूरी है। ऐसे में समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व सदर विधायक असीम अरुण ने इस संबंध में डीआरएम को पत्र लिखकर सड़क निर्माण को लेकर अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने को कहा है।

मंत्री ने मंडल रेल प्रबंधक, इज्जतनगर, बरेली को पत्र लिख कर कहा है कि नगर पालिका परिषद, कन्नौज को इस सड़क निर्माण कार्य के लिए शीघ्र अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाए। आगे लिखा है कि स्थानीय नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए उन्होंने स्वयं इस क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया था। इस दौरान यह तथ्य सामने आया कि मोहल्ला मौसमपुर मौरारा की सड़क जर्जर एवं कच्ची स्थिति में है, जिससे नागरिकों को आवागमन में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ होना आवश्यक है ताकि स्थानीय जनता को राहत मिल सके। बताते चलें कि यह सड़क कई साल अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। किसी समय में बिछा खड़ंजा कहीं कहीं टूट चुका है तो कई जगह पूरी तरह से गायब है। पानी का निकास न होने से किनारे स्थित घरों का पानी भी इसी सड़क पर भरता है। इस कारण से बरसात के बिना भी यहां जलभराव रहता है। उल्लेखनीय है कि नगर पालिका परिषद, कन्नौज द्वारा इस विषय में मंडल रेल प्रबंधक, इज्जतनगर को पत्र के माध्यम से अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत करने हेतु पूर्व में ही अनुरोध किया जा चुका है।

### महिला ने लगाया सिलेंडर व चूल्हा न देने का आरोप

**गुरसहायगंज।** धोखाधड़ी करके महिला के नाम गैस सिलेंडर एवं चूल्हा ले लेने और वापस न करने का आरोप महिला ने पड़ोसी गांव के युवक पर लगाया है। क्षेत्र के ग्राम अनीभोज निवासी नाजिम बानो पत्नी निसार ने कोतवाली पुलिस को दिए पत्र में कहा है कि नगर पंचायत समधन के महल निवासी युवक ने धोखाधड़ी करके कन्नौज स्थित एक गैस एजेंसी से उज्ज्वला योजना का उसके नाम पर गैस कनेक्शन ले लिया। जानकारी होने के बाद भी वापस नहीं कर रहा।

## सार-संक्षेप

### कन्नौज के परिषदीय स्कूल छोड़ना चाहते हैं 62 शिक्षक

**कन्नौज।** जनपद के परिषदीय स्कूलों से 62 शिक्षक अपने मनचाहे जिले में जाना चाहते हैं। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन किए हैं। उसके बाद फाइलें बीएसए कार्यालय में जमा हो चुकीं हैं। आज सत्यापन कराया जाएगा। दरअसल, कई सालों से शिक्षक-शिक्षिकाएं घर से दूर नौकरी कर रहे हैं। या महिला शिक्षकों की शादी होने के बाद ससुराल या उसके निकट वाले जनपद में तैनाती पाने की इच्छा है। कुछ अध्यापक-अध्यापिका दोनों एक ही जनपद में नौकरी करना चाहते हैं। इन सभी तमाम कारणों की वजह से ऑनलाइन आवेदन किए गए। पहले तो 13 जून तक आवेदन हुए थे, बाद में समय बढ़कर 15 जून हो गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के मुताबिक ऑनलाइन आवेदन के बाद अंतिम तारीख तक कुल 62 अध्यापकों ने तबादले को लेकर फाइलें जमा कीं हैं। उन्हीं का सत्यापन कराया जाएगा। उसके बाद सूची निदेशालय में चली जाएगी। वहीं से ही फाइनल लिस्ट जारी होगी। उसके बाद पता चलेगा कि अंतरजनपदीय तबादले का लाभ कितने शिक्षकों को मिला। खास बात यह है कि जनपद कन्नौज से शिक्षक-शिक्षिकाएं जा तो सकेंगे लेकिन आने के लिए पद रिक्त नहीं है। इस वजह से कई इच्छुक शिक्षकों को हताशा हाथ लगी है।

### बढ़ी उमस कर रही बीमार, अस्पतालों में बढ़े मरीज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** भीषण गर्मी के बाद शुरू हुई बारिश ने जहां उमस को बढ़ा दिया है। वहीं संक्रामक रोगों ने भी दस्तक दे दी है। मौसम बदलने के कारण लोग रोगों की चपेट में आ रहे है। इससे अस्पतालों में मरीजों की तादात बढ़ने लगी है। सोमवार को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों की संख्या बढ़ गई है। ओपीडी में मरीजों को देख रहे डॉ. नीरज ने बताया कि मौसम बदलने और बरसात होने की बजह से बच्चों व बुजुर्गों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उमस व नमी बढ़ने से सांस व दिल के रोगियों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। जबकि खांसी, जुकाम, बुखार, दस्त, डायरिया और चर्म रोगों के मरीजों की संख्या भी बढ़ रही है। बदलते मौसम में खानपान का विशेष ध्यान रखने व संक्रामक रोगों से बचाव के लिए गंदगी व जलभराव न होने देंने को कहा गया है। पिछले कुछ दिनों से मरीजों की संख्या अस्पतालों में बढ़ी है। आम दिनों में ओपीडी में 80 से 100 मरीज आते थे। वर्तमान समय में यह संख्या बढ़कर 150 से 180 तक हो गई है।

### गमा देवी का चबूतरा तोड़कर रास्ता बनाने में दो गिरफ्तार

**छिबरामऊ।** गांव सराय गूजरमल में प्लाटिंग में जाने के लिए गमा मंदिर के चबूतरे को तोड़कर रास्ता बनाने के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शहर के मोहल्ला सराय गूजरमल में प्रापर्टी डीलर ने प्लाटिंग करने के दौरान रास्ता दिया। इस रास्ते में गमा देवी मंदिर आ रहा था। इस पर डीलर ने मंदिर के चबूतरे को तोड़ दिया। इसकी जानकारी पर लोगों की भीड़ मौके पर लग गई। जानकारी पर सीओ छिबरामऊ व प्रभारी निरीक्षक विष्णुकांत तिवारी ने मौके पर पहुंच कर मामले की जानकारी ली। यहां ग्रामीणों ने बताया कि करीब 100 वर्ष पुराना मां गमा देवी का मंदिर है। यहां पर लोग पूजा करने आते थे। रविवार की रात इसको मनमाने तरीके से तुड़वा दिया गया। जानकारी पर नायब तहसीलदार राम प्रकाश पहुंचे। पड़ताल करने के बाद उन्होंने कार्य को रुकवा दिया। मंदिर का चबूतरा क्षतिग्रस्त करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। दीपकपुर गांव के रहने वाले सुरेश चन्द्र शाक्य की तहरीर पर पुलिस ने गौरव शाक्य पुत्र सूबेदार व रवि खान पुत्र मुल्लन निवासी सराय गूजर मल के खिलाफ रिपोर्ट कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

### ठेला वाले की बेटी का पुलिस में चयन, हुआ सम्मान

**छिबरामऊ, कन्नौज।** सिकंदरपुर नगर पंचायत के भगत सिंह नगर के ठेला लगाने वाले की पुत्री का उत्तर प्रदेश पुलिस में चयन हो गया। नियुक्ति पत्र मिलने के बाद घर पहुंचने पर स्वागत किया गया। सिकंदरपुर निवासी रामू सविता ठेला लगाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता हैं। उनकी चार पुत्री व एक पुत्र है। सबसे बड़ी पुत्री काजल की मेहनत और लगन के चलते उसका उत्तर प्रदेश पुलिस में चयन हो गया। जब काजल नियुक्ति पत्र लेकर लौटी तो मोहल्ले वालों ने घर पर जाकर फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान मोहल्ले की महिलाओं सहित रामलीला समिति अध्यक्ष सिंटू दुबे, जगदीश सविता, अजय सविता, सोनी सविता, गुड्डन, रवि सविता, जय दुबे व राजू गुप्ता मौजूद रहे।


पुलिस में भर्ती होने के बाद काजल का माला पहनाकर स्वागत करतीं महिलाएं। अमृत विचार

# दूसरे दिन छाये रहे बादल हवा ने दी गर्मी से राहत

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- अधिकतम तापमान लुढ़क कर 36 जबकि न्यूनतम तापमान 28 डिग्री पर पहुंचा

**अमृत विचार।** भले ही मानसूनी बारिश को अभी करीब हफ्ता बाकी है लेकिन आहट महसूस होने लगी है। इसी क्रम में दूसरे दिन भी बादल छाए रहे जबकि पुरवाई हवा ने लोगों को गर्मी से खासी राहत दी। यह बात अलग है कि दोपहर बाद धूप निकलने से उमस में कुछ बढ़ोतरी दर्ज की गई। अधिकतम व न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मंगलवार को हल्की बारिश हो सकती है।सोमवार को सुबह से बादलों की मोटी चादर के चलते सूरज ओट में ही छिपा रहा। दोपहर करीब 12 बजे तक बादलों के साथ ही ठंडी पुरवाई हवा चलने से राहत महसूस की गई। चूंकि मौसम नरम हुआ तो बाजार भी चहलपहल वाले दिखाई दिए। इससे दुकानदारों, खासकर ठेलीवालों के चेहरे खिले नजर आए। इतने दिनों से भीषण गर्मी से लोग परेशान थे।

# कृषक दुर्घटना बीमा के 107 पीड़ितों को 5.23 करोड़

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत जिले के 107 लाभार्थियों को 5.23 करोड़ रुपये खातों में भेज गए। अंबेडकर नगर जिले से इसका सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में दिखाया गया।

सोमवार को कार्यक्रम में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने बताया कि तहसील कन्नौज क्षेत्र के 26, छिबरामऊ इलाके के 64 एवं तहसील तिर्वा क्षेत्र के 17 लाभार्थियों को योजना का लाभ देने के सांकेतिक चेक दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना उत्तर प्रदेश सरकार चला रही है। बताया कि अगर किसी किसान की मौत दुर्घटना में होती है तो परिवार को 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता, दुर्घटना में 50 प्रतिशत दिव्यांगता पर 2.5 लाख एवं 25 प्रतिशत दिव्यांगता पर 1.25 लाख रुपये की मदद दी जाती है। कहा कि योजना के पात्रता कृषक/ लाभार्थी की आयु 18 से 70 वर्ष होनी चाहिए। कार्यक्रम में डीएम के साथ ही सीडीओ रामकृपाल चौधरी, एडीएम वि./रा. आशीष सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया व महामंत्री शैलेंद्र दुबे मौजूद रहे।

### ऐसी हालत में मिलता पीड़ितों को लाभ

कृषक, बटाईदार, पट्टेदार की दुर्घटनावश मृत्यु/ दिव्यांगता पर योजना का लाभ दिया जाता है। कृषक बटाईदार, पट्टेदार की आग लगने, बिजली गिरने, करंट लगने, सांप के काटने, जीव-जंतु/ जानवर के काटने/ मारने/ आक्रमण, समुद्र, नदी, झील, तालाब, पोखर व कुएं में डूबने, आंधी-तूफान, पेड़ से गिरने/ दबने, मकान गिरने रेल/ रोड़/ वायुयान/ अन्य वाहन आदि से दुर्घटना, भूस्खलन भूकंप, गैस रिसाव, विस्फोटक, सीवर चैंबर में गिरने अथवा अन्य किसी कारण से कृषक की दुर्घटनावश मृत्यु/ दिव्यांगता पर कृषक या उनके परिजनों को लाभ मिलता है। मृतक के दावेदार संबंधित तहसील में अधिकतम 3 माह में ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट https://bor.up.nic.in पर कर सकते हैं।

### यह प्रपत्र लगाना जरूरी

आवेदन के साथ खतौनी प्रमाण पत्र, बटाईदार एवं पट्टेदार के संबंध के प्रमाण, आयु प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, पोस्टमार्टम रिपोर्ट अथवा जहां पोस्टमार्टम नही हैं वहां पर पंचनामा, मृत्यु प्रमाण पत्र अथवा दिव्यांगता की स्थिति में मुख्य चिकित्सा अधिकारी से जारी प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर की नकल तथा मोबाइल नंबर दस्तावेज आवेदन के समय संलग्न किए जाएंगे।

स्थानांतरण — डीआईओएस, जिला कृषि अधिकारी, सीडीपीओ समेत कई अधिकारियों का नाम

# तबादले की 'आंधी' में जिले से चले गए कई अफसर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** तबादले की 'आंधी' में जनपद के कई अधिकारी चले गए हैं। वरिष्ठ कोषाधिकारी, डीआईओएस, जिला कृषि अधिकारी, सीडीपीओ समेत कई अफसरों का नाम सूची में आ गया है। 15 जून तक स्थानांतरण का समय था, इस वजह से अंतिम दिन ही देर रात या अगले दिन सुबह ही सूची वायरल हुईं।

विकास भवन के नम्र अफसरों में गिने जाने वाले जिला कृषि अधिकारी आवेश कुमार का मथुरा स्थानांतरण हो गया है। इनके स्थान पर बस्ती से सहायक निदेशक मृदा परीक्षण संतलाल को जिला कृषि अधिकारी बने हैं। जिला कृषि रक्षा अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार संभालने वाले उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी अविशांक सिंह चौहान को मैनपुरी का जिला कृषि अधिकारी बनाया गया है। डायट प्राचार्य का अतिरिक्त प्रभार देखने वाले डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह का स्थानांतरण गृह जनपद के निकट अलीगढ़ हो गया है। इनकी जगह पर लखनऊ से वैयक्तिक सहायक शिक्षा निदेशक माध्यमिक पप्पू सरोज को यहां का प्रभारी डीआईओएस बनाया है। सीडीपीओ उमर्दा अमित मिश्रा को आगरा और सीडीपीओ तालग्राम डॉ. पूजा सिंह को मथुरा भेजा गया है। बताया गया है कि डॉ. सिंह इन दिनों अवकाश पर चल रहीं हैं। मुख्य सेविका पुष्पा देवी को औरैया भेजा गया है। जालौन से कपिल को कन्नौज में सीडीपीओ बनाकर भेजा गया है। कार्यक्रम विभाग के प्रधान सहायक सोमनाथ को शहजहांपुर में तैनाती दी गई है। रिक्त चल रहे नगर पंचायत तिर्वागंज के अधिशाषी अधिकारी की जिम्मेदारी नगर पंचायत कुरसठ हरदोई से बबलू कुमार का तबादला कर दी गई है। नगर पालिका परिषद कन्नौज में कर अधीक्षक के रिक्त पद पर खुर्जा नगर पालिका परिषद से अबरार हुसैन को भेजा गया है।

पूर्ति विभाग में क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी बहादुर सिंह का तबादला ललितपुर हुआ है तो आगरा से विमल सिकरवार को भेजा गया है। वरिष्ठ कोषाधिकारी उन्नाव नीलम शर्मा को कन्नौज व अंबरीष बाजपेयी को फर्रुखाबाद की जिम्मेदारी मिली है। परिवहन विभाग में आगरा से वरिष्ठ सहायक संगम सिंह को कन्नौज में तैनाती दी गई है। सोमवार को जिला समाज कल्याण अधिकारी वेद प्रकाश मिश्र ने कार्यालय की जिम्मेदारी संभाल ली।

### डीएम ने तहसीलों में राजस्वकर्मियों के भी बदले क्षेत्र

**कन्नौज।** जिले की तीनों तहसीलों में राजस्वकर्मियों के डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने क्षेत्र बदल दिए हैं। जिम्मेदारी के साथ ही तहसील में भी बदलाव किया गया है। कहा गया है कि कई सालों से एक ही स्थान या पटलों पर जमे कर्मचारी हटाए गए हैं। बताया गया है कि एसडीएम सदर के स्टेनो का काम देखने वाले सुबोध अग्निहोत्री को इसी जिम्मेदारी के साथ तिर्वा तहसील भेजा गया है। तिर्वा एसडीएम के आशुलिपिक श्रवण कुमार अब कन्नौज तहसील की कमान संभालेंगे। सदर तहसील में ही अहलमद पद पर तैनात श्याम किशोर दीक्षित को तिर्वा का राजस्व सहायक बनाया गया है। तहसीलदार सदर के पेशकार तनुज सिंह को एसडीएम प्रशासनिक और न्यायिक सदर के संयुक्त पेशकार की जिम्मेदारी मिली है। अब तक यह जिम्मेदारी संभाल रहे देवेंद्र राघव तहसीलदार सदर के पेशकार होंगे। छिबरामऊ में एसडीएम के पेशकार सुरेंद्र सिंह तिर्वा के वसीला वाली नवीस पद पर होंगे। तिर्वा तहसीलदार के पेशकार नितिन राजपूत छिबरामऊ के नायब नाजिर बनाए गए हैं। नायब नाज़िर तिर्वा रमेश चंद्र को तिर्वा तहसीलदार का पेशकार बनाया गया है। सर्वेश श्रीवास्तव एसडीएम न्यायिक तिर्वा के पूर्णकालिक पेशकार होंगे। सहायक वसीला बाकी नवीस विद्याराम को इसी पद पर छिबरामऊ और सहायक डब्ल्यूबीएन बृजेश कुमार को छिबरामऊ भेजा गया है।

### कुछ लेखपालों के भी बदले गए इलाके

सदर कन्नौज तहसील में तैनात राजस्व निरीक्षक अरुण तिवारी को तिर्वा तहसील की कमान मिली है। लेखपाल अजय अवस्थी को कन्नौज से छिबरामऊ, अतुल प्रताप सिंह को छिबरामऊ से कन्नौज, अखिलेश कुमार को छिबरामऊ से कन्नौज, रंजन मिश्रा को तिर्वा से छिबरामऊ, रोहित कुमार को छिबरामऊ से कन्नौज, अवध बहादुर सिंह को तिर्वा से कन्नौज, सिम्मी कटियार व बुलबुल तिवारी को कन्नौज से तिर्वा और आशीष यादव को कन्नौज से छिबरामऊ तहसील स्थानांतरित किया गया है।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो सूरज पुत्र चन्द्रभूषण निवासी- डी 2/4 कानपुर रोड, एल0डी0ए0 कालोनी आशियाना लखनऊ की पुत्री अयंती तिवारी है जो कि त्रुटिवश दस्तावेजों में अनिका तिवारी हो गया है। भविष्य में उसे अयंती तिवारी के नाम से लिखा, पढ़ा एवं समझा जाए।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैं अपने पुत्र नूर मोहम्मद व पुत्रवधू शमा का चाल चलन ठीक ना होने के कारण अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी असवैधानिक कार्यो का वह स्वयं जिम्मेदार होंगे मेरा और मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा। **मन्ना पुत्र मकबूल निवासी ग्राम दसौली, बसहा, बी0के0टी0, लखनऊ, उत्तर प्रदेश- 226028**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा बड़ा पुत्र मो.अकरम मेरे कहने सुनने में नहीं है परिवार के दायित्व को भी नही निभाता और मनमानी करता है इसलिए मैं मो अकरम को अपनी चल अचल संपत्ति और परिवार से बेदखल करता हूं। **इम्तियाज अहमद पुत्र स्व. सिराजुद्दीन निवासी चौक शहजादपुर थाना व तहसील अकबरपुर जिला- अम्बेडकरनगर।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **दीपा मौर्या पुत्री धर्मराज मौर्य नि व गांधी नगर कस्बा बहुआ तहसील वा जिला फतेहपुर** । मेरी पत्नी उषा से एक पुत्री दीपा मौर्या का जन्म 03/01/2012 को घर पर ही हुआ था जानकारी के अभाव में उसका जन्म प्रमाण पत्र नहीं बन सका अतः मेरी पुत्री दीपा मौर्या की जन्म तिथि 03/01/12 का पंजीकरण कर जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाय।

**सूचना**

सूचित हो कि श्रेया श्रीवास्तव पुत्री दिनेश कुमार निवासी गांधी नगर कस्बा बहुआ तहसील वा जिला फतेहपुर मेरी पत्नी मिथलेश कुमारी श्रीवास्तव से एक पुत्री श्रेया श्रीवास्तव का जन्म 03/08/2010 को घर पर ही हुआ था जानकारी के अभाव में उसका जन्म प्रमाण पत्र नहीं बन सका अतः मेरी पुत्री श्रेया श्रीवास्तव कि जन्म तिथि 03/08/2010का पंजीकरण कर जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाय।

**सूचना**

सूचित हो कि **श्रद्धा श्रीवास्तव पुत्री दिनेश कुमार निवासी गांधी नगर कस्बा बहुआ तहसील वा जिला फतेहपुर** मेरी पत्नी मिथलेश कुमारी श्रीवास्तव से एक पुत्री श्रद्धा श्रीवास्तव का जन्म 03/08/2010 को घर पर ही हुआ था जानकारी के अभाव में उसका जन्म प्रमाण पत्र नहीं बन सका अतः मेरी पुत्री श्रद्धा श्रीवास्तव कि जन्मतिथि 03/08/2010का पंजीकरण कर जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाय।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम पहले TAUSIF KHAN था लेकिन अब मैने अपना नाम बदल कर TAUSIK KHAN कर लिया है अब मुझे भविष्य में TAUSIK KHAN के नाम से जाना व पहचाना जाये। **तौसिक खान पुत्र रफीक खान, निवासी- ग्राम मुसलावाँ, पोस्ट- बछौली, थाना- औरास, तहसील हसनगंज, जनपद- उन्नाव, उत्तर प्रदेश, पिन कोड 241503**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **सुमिरता पत्नी माता प्रसाद ग्राम पूरे लोधी, पोस्ट सेमरौता जिला अमेठी** की निवासी हूं। भारतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी संख्या 214505793 में मेरा नाम श्यामा देवी पत्नी माता प्रसाद अंकित है। जबकि आधार कार्ड और बैंक खाता में मेरा नाम सुमिरता दर्ज है। सुमिरता और श्यामा देवी दोनों मेरे ही नाम है। मुझे दोनों नामों से जाना और पहचाना जाता है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **शान्ती देवी पत्नी स्व. राम प्यारे ग्राम कस्बा बदलू पोस्ट नीबी थाना सरेनी, तहसील लालगंज जिला रायबरेली** की निवासी हूं। मेरे चार पुत्र और एक पुत्री क्रमशः धर्मेन्द्र कुमार, वीरेन्द्र कुमार, जीतेन्द्र कुमार, देशराज उर्फ गुड्डू व रोशनी है। वीरेन्द्र कुमार अविवाहित, बाकी सभी शादीशुदा हैं। छोटा पुत्र देशराज उर्फ गुड्डू और उसकी पत्नी शिवानी उर्फ गुड़िया आए दिन परिजनों से मारपीट और गालीगलौज करते है। उनके कृत्यों से तंग आकर छोटे पुत्र और उसकी पत्नी के अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में उनके द्वारा किए गए कृत्यों का दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे।

नारायना हॉस्पिटल (इकाई नारायना मेडिकल कॉलेज) गंगागंज, पनकी कानपुर
सुपर स्पेशियालिटी - 1050 बेड सुसज्जित अस्पताल
अत्याधुनिक मशीनों द्वारा सुसज्जित एवं अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा परामर्श की सुविधा उपलब्ध है।
यह योजना प्रथम दो हजार मरीज़ो के लिए मान्य होगी। जल्द ही रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करें।
निःशुल्क ऑपरेशन शिविर
20 मई 2025 से 15 जून 2025 तक
जनरल मेडिसिन विभाग | चर्म रोग विभाग | नेत्र रोग विभाग | दाँत रोग विभाग | मानसिक रोग विभाग | जनरल सर्जरी विभाग
स्त्री रोग विभाग | हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग | टी. बी. चेस्ट विभाग | नाक, कान व गला विभाग | नवजात शिशु व बाल रोग विभाग
● आँखों का ऑपरेशन (सफेद और काला मोतियाबिंद)
● डिलीवरी (नॉर्मल एवं ऑपरेशन विधि द्वारा)
● पित्त की थैली का ऑपरेशन (ओपेन एवं दूरबीन विधि द्वारा)
● नाक, कान एवं गला (कान के पर्दे का ऑपरेशन, टेढ़ी नाक, टॉन्सिल्स)
● हड्डी का उपचार एवं सभी प्रकार के ऑपरेशन निःशुल्क
खून की जाँचों पर 65 प्रतिशत तक की छूट, सिर्फ दवाई, इम्प्लान्ट और जाँचों पर इलाज पायें। अन्य कोई चार्ज नहीं।
24 घंटे इमरजेन्सी एवं एम्बुलेन्स की सुविधा उपलब्ध
Mob.:7800007704, 7800007705, 9918601150
www.narainamedicalcollege.com
Email: nhrc@narainagroup.net

**आज का मौसम**

मंगलवार को बादल छाए रहने के साथ कहीं-कहीं बूंदाबांदी होने की संभावना है। पुरवाई हवा चलने के भी आसार हैं।

35.0⁰ अधिकतम तापमान | 26.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05:16 | सूर्यास्त 07:04

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# हाइड्रा की टक्कर से बाइक सवार की मौत

## अहमदपुर रौनी का निवासी था, मलिकापुर रोड पर हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** हाइड्रा की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा। मामले में वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव अहमदपुर रौनी निवासी रिजवान अली (18) पुत्र नवी अली रविवार को किसी काम से कन्नौज आया था। शाम करीब पांच बजे के बाद बाइक से अपने घर जा रहा था। मलिकापुर रोड पर जैसे ही वह बाइक लेकर अपने गांव के पास पहुंचा उसी समय तेज रफ्तार हाइड्रा के चालक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी पर उसका भाई जुनैद अली अन्य गांव के लोगों के साथ घायल भाई रिजवान को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां डाक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। जिला अस्पताल में शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को सोमवार को पोस्टमार्टम के लिये भेजा। मामले में हाइड्रा के चालक के खिलाफ सदर कोतवाली में तहरीर दी गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।

### पंखे का तार लगाते समय करंट लगने से युवती की जान गई

**कन्नौज।** पंखे का तार लगाते समय करंट की चपेट में आने से युवती की मौत हो गई। सदर कोतवाली के गांव उग्गापुर्वा निवासी शारदा (19) पुत्री सर्वेश कुमार रविवार की रात करीब 09 बजे गर्मी के चलते अपने मकान में पंखे का तार लगा रही थी। इसी दौरान उसे करंट लग गया। इसकी जानकारी परिजनों को देर से हुई। इससे उसकी हालत खराब हो गई। जानकारी पर शारदा का भाई अमन अन्य गांव के लोगों के साथ उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डाक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। डाक्टर ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया। सुवह होने पर कोतवाली पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा।

### मकान की छत से गिर कर महिला की मौत

**कन्नौज।** मकान की छत से गिर कर महिला की मौत हो गई। तिर्वा कोतवाली के गांव गूरा निवासी अरुण कुमार की 18 वर्षीय पत्नी खुशबू 15 जून की शाम करीव पांच बजे किसी काम से मकान की छत पर गई थी। अचानक पैर फिसल जाने से वह नीचे आ गिरी। आनन फानन में परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां डाक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि अरुण की हाल ही में शादी हुई थी। सूचना पर मृतका के मायके पक्ष के लोग जिला अस्पताल पहुंचे जहां उन्होंने ससुरालियों पर पुत्री की हत्या करने का आरोप लगाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में फर्नीचर कारीगर की मौत

**सौरिख, कन्नौज।** संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत हो गई। इससे परिजनों में चीख पुकार मच गई। नगर के मोहल्ला लोहिया नगर निवासी देवेंद्र कुमार शर्मा पुत्र जवाहर लाल शर्मा फर्नीचर बनाने का काम कर परिवार का भरण पोषण करता था। रविवार रात फर्नीचर का काम करते समय अचानक हालत बिगड़ गई। इस पर परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे वहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। मृतक की पत्नी व बच्चों का रो रो कर बुरा हाल हो रहा था। मृतक पांच भाई था जिसमें से दो की पहले मौत हो चुकी थी। मृतक अपने पीछे दो भाई मनोज कुमार, शैलेंद्र, पत्नी व बच्चों को रोता बिलखता छोड़ गया।

### ई-रिक्शा सवार महिला के जेवरात व नकदी चोरी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ई-रिक्शा पर बैठकर नगर की ओर आ रही महिला का सोने चांदी के जेवरात से भरा पर्स रिक्शे में बैठी अन्य महिलाओं ने गायब कर दिया। इस पर पीड़ित महिला ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

क्षेत्र के ग्राम इस्माइलपुर निवासी काजल पुत्री उमेश चंद्र पाठक ने कोतवाली पुलिस से कहा है कि 16 जून की सुबह 11:30 बजे वह ई-रिक्शा पर बैठकर अपनी मां के साथ गुरसहायगंज आ रही थी। तभी रास्ते में उक्त रिक्शा चालक ने दो अन्य महिलाओं को रिक्शे में बैठाया गया। उन महिलाओं ने उसके पास रखा बैग गायब कर दिया। पीड़िता ने बताया कि बैग में सोने चांदी के जेवरात एवं तीन हजार रुपये की नगदी थी। बैग के गुम होने के बाद पीड़िता के होश उड़ गए। कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# ग्रामीण ने कूड़े में लगाई आग चार किसानों का भूसा राख

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

**अमृत विचार।** आग लगने से चार किसानों के कूप में रखा भूसा तथा कंडे जल कर राख हो गए। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड एवं ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। पीड़ित किसानों ने गांव के ही एक व्यक्ति पर आग लगाने का आरोप लगाते हुए थाने में प्रार्थना पत्र देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

थाना क्षेत्र के गांव नगला डढ़ूंअन निवासी भरत सिंह, उमाशंकर पुत्रगण मैकूलाल, ओमप्रकाश पुत्र हरसुख एवं संतराम पुत्र नेकराम ने सौरिख थाने में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि रामनिवास पुत्र राम सिंह सोमवार की सुबह 10 बजे अपने खेत में मक्के के सूखे कूड़े में आग लगाने जा रहा था। उन लोगों ने मना किया कि आग लगने से उनके खेत में लगे कूप, भूसे एवं कंडे में आग लग सकती है। इसके बावजूद भी



जला हुआ भूसे का ढेर।

उसने आग लगा दी। देखते ही देखते हवा के झोंके से आग कूप, भूसे तथा कंडे में लग गई। इससे उन लोगों के कूप, भूसे तथा कंडे जलकर राख हो गए। वही ग्रामीणों की सूचना पर छिबरामऊ से पहुंची फायर ब्रिगेड एवं ग्रामीणों ने मिट्टी तथा गांव में लगी सबमर्सिबल/ट्यूबवेल के पानी से आग पर काबू पाया। तब तक भरत सिंह का 45 हजार रुपये, ओम प्रकाश का 10 हजार का भूसा, संतराम के कंडे तथा कूप जलकर राख हो चुके थे। वही आग लगाने के बाद आरोपी खेत से भाग गया था।

## एक नजर

### दहेज में बाइक व पांच लाख न मिलने पर किया बेघर

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** शादी के बाद दहेज में पांच लाख रुपये व बाइक न मिलने पर ससुरालियों ने विवाहिता के साथ गाली गलौज की और उसे मारपीट कर घायल कर दिया। जिस पर पीड़ित महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम निवासी महिला ने कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र मंल कहा है कि उसका विवाह 04 वर्ष पहले गांव के युवक से हुआ था। शादी के बाद से ही पति, सास और ससुर ने दहेज में बाइक और 05 लाख रुपये की मांग करने लगे। जब उसने इस बात का विरोध किया तो उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। इतना ही नहीं उक्त लोगों ने उसे मारपीट कर बेघर भी कर दिया। जबकि पति ने उसके निजी फोटो व वीडिया वायरल करने की धमकी भी दी। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### ट्रैक्टर ने बाइक में मारी टक्कर, दो घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ट्रैक्टर चालक ने तेजी एवं लापरवाही से चलाते हुए बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इससे बाइक पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। सोमवार की सुबह 10 .30 बजे ग्राम सराय दौलत निवासी अवधेश कुमार पुत्र पंचम सिंह एवं उसके ही परिवार की भतीजी सौम्या घर से सर्विस रोड होते हुए बाइक से गुरसहायगंज आ रहे थे। तभी सराय प्रयाग स्थित मोहित टेंट हाउस के सामने आयशर ट्रैक्टर के अज्ञात चालक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इससे बाइक पर सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद घायलों के परिजनों ने उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

# पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों व परिजनों ने किया योगाभ्यास

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** अन्तर्राष्ट्रीय योग सप्ताह के तहत पुलिस ने पुलिस लाइन में योगाभ्यास किया। इस दौरान योगा प्रशिक्षक ने हर रोग का निदान व शरीर को मजबूत करने वाले योग कराये।

अन्तर्राष्ट्रीय योग सप्ताह 15 से 21 जून के तहत किया जा रहा है। इसी के तहत सोमवार को पुलिस लाइन में पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों एवं पुलिस परिजनों ने योगाभ्यास किया। योग प्रसिक्षक ने बताया कि योग द्वारा न सिर्फ बीमारियों का उपचार किया जाता है, वल्कि इस को नित्य जीवन में अपनाकर कई शारीरिक और मानसिक कमियों को भी दूर किया जा सकता है। स्वस्थ रहने के लिए



पुलिस लाइन में योगाभ्यास करातीं प्रशिक्षिका। अमृत विचार

नियमित रूप से योग को जीवन में अपनाना जरूरी है। तन और मन दोनों को सेहतमंद बनाए रखने के लिए नियमित रूप से दिनचर्या में योगासनों को शामिल करके लाभ प्राप्त किया जा सकता है। जानकारी के बाद योग प्रशिक्षक ने योग प्राणायाम, अनलोम विलेम समेत कई तरह से योग कराये। मौजूद लोगों से कहा कि वह योग का अभ्यास करें। एक सप्ताह में कई तरह के योग वह सीख सकते हैं। इसे रोज सुवह या शाम के समय करने से शरीर की कई बीमारियां भाग जायेंगी। साथ ही शरीर सुडौल बना रहेगा।

### तीसरी मंजिल से गिरकर घायल हुए बच्चे की मौत

**छिबरामऊ।** नगर के मोहल्ला लाहोरी टोला निवासी बालक अपने घर की तीसरी मंजिल से गिरकर घायल हो गया। दूसरे दिन मासूम की कानपुर के एक अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।

मोहल्ला लाहोरी टोला निवासी वसीम का 4 वर्षीय पुत्र हमीद शनिवार को अपने घर की तीसरी मंजिल की छत पर खेल रहा था। तभी किसी प्रकार वह पड़ोस की एक मंजिला छत पर जा गिरा। गिरने की आवाज सुनकर दौड़े पड़ोसियों ने बच्चे को छत पर पड़ा देखा और आनन फानन परिजनों को बुलाकर उपचार के लिए किसी प्राइवेट चिकित्सक के पास ले गए। हालत गंभीर होने पर उसे यहां से कानपुर के किसी अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया गया। वहां बच्चे ने दूसरे दिन उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।







सड़क पर सवारियां भर्ती फर्जी रोडवेज बस, इलेक्ट्रानिक मशीन से निकाली गई टिकट। अमृत विचार

# सीज करने के चौथे दिन फर्राटा भरने लगी फर्जी रोडवेज बस

संवाददाता छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** दिल्ली गुरुग्राम के लिए फर्राटा भर रही फर्जी रोडवेज बस जुर्माना भरने के बाद रिलीज हो गई और सोमवार को फिर से दौड़ने लगी। इसके बाद रोडवेज कर्मचारियों ने बस को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया।

लगातार हो रही डग्गामारी के खिलाफ छिबरामऊ डिपो के कर्मचारियों ने निजी बसों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। शुक्रवार को परिवहन विभाग की यात्री कर अधिकारी सुनीता सैनी ने सवारियां भरकर दिल्ली जा रही रोडवेज रंग में चल रही दो निजी बसों को पकड़ कर सीज कर दिया था। निजी बस मालिक के जुर्माना भरने के बाद बस रिलीज हो गई और सोमवार को दोबारा सवारियां भरकर छिबरामऊ आ रही थी। इसकी सूचना जब छिबरामऊ डिपो के रोडवेज कर्मचारियों को हुई तो उन्होंने नगर में सवारियां भरते समय बस पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दी। यात्री कर अधिकारी सुनीता सैनी ने बताया कि शुक्रवार को सीज हुई बस के मालिक ने दूसरे दिन जुर्माना अदा कर दिया इसलिए रिलीज हो गई दोबारा चलती पाई गई तो फिर कार्यवाही की जाएगी।

● आपरेटरों के धमकाने पर रोडवेज कर्मियों ने पकड़ कर किया पुलिस के सुपुर्द

### रोडवेज कर्मचारी को महिला ने दी फंसाने की धमकी

**छिबरामऊ, कन्नौज।** एक महिला ने निजी बस मालिकों के साथ पूर्वी बाईपास पर पहुंच कर बसों के संचालन का विरोध करने पर रोडवेज के चालक राम रक्षपाल सिंह चौहान को दुष्कर्म के मुकदमे में फंसाने की धमकी दे डाली और रोडवेज कर्मी के मोबाइल पर अश्लील मैसेज भेजा। इसकी जानकारी एआरएम सुभाष चंद्र को दी और राम रक्षपाल सिंह चौहान ने इसकी शिकायत पुलिस से भी की।

### इलेक्ट्रॉनिक टिकट मशीन से बनाई जाती है टिकट

**छिबरामऊ।** रोडवेज के रंग में दौड़ रही निजी बसें यात्रियों को इलेक्ट्रॉनिक टिकट मशीन से टिकट बनाकर देते हैं जिससे यात्रियों को रोडवेज बस का ही एहसास होता है। टिकट पर डिपो के नाम की जगह केबीएस और कानपुर टू दिल्ली लिखा होता है।

# सरायमीरा बस स्टैंड से मंडी समिति नहीं जा सकेंगे ट्रैक्टर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** सरायमीरा जीटी रोड बस स्टैंड से अंधा मोड तक लग रहे जाम से निजात दिलाने के लिये ट्रैक्टर ट्रालियों का रूट डायवर्जमन किया गया है। अब ट्रैक्टर ट्राली रोडवेज बस स्टैंड से होकर मण्डी की तरफ नहीं जा सकेंगी।

यातायात प्रभारी ने बताया कि जलालपुर पनवारा एवं मकरंद नगर की तरफ से आने वाले ट्रैक्टर गैस गोदाम क्रॉसिंग से पाल चौराहा होकर मंडी समिति जाएंगे। पुलिस लाइन तिराहा की ओर से आने वाली मक्का लदी ट्राली ओवर ब्रिज से होकर पाल चौराहा होते हुए मण्डी समिति जाएंगी। कोई भी ट्रैक्टर ट्राली सरायमीरा बस स्टैंड होकर मंडी समिति के लिए नहीं जा सकेंगीं। क्योंकि ट्रैक्टर ट्रालियों के कारण तिर्वा क्रासिंग से लेकर रेलवे स्टेशन मोड़ तक जाम लगता है। इसी को देखते हुए नियम को बदला गया है। लोगों को ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के लिए यह डायवर्जन करने का निर्णय लिया गया है। जाम लगने का मुख्य कारण सरायमीरा में आटो, टैंपो, ई- रिक्सा के अलावा रोडवेज व हरदोई जाने वाली बसों का आवागमन रहता है। इससे जाम की समस्या बनी रहती है।

शिक्षा-दीक्षा

30 जून तक शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए शुरू हुए परिषदीय विद्यालय

# खुले विद्यालय, साफ-सफाई में गुजरा पहला दिन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** करीब 25 दिनों की गर्मी की छुट्टियों के बाद जिलेभर के परिषदीय स्कूल सोमवार से खुल गए। अभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को ही विद्यालय में जाना होगा। 1 जुलाई से विद्यार्थियों की कक्षाएं लगेंगी। पहला दिन स्कूल स्टॉफ के लिए साफ-सफाई में बीता।

दरअसल, शैक्षिक कलेंडर के तहत 20 मई से प्राथमिक, जूनियर व कंपोजिट विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश हो गया। पहले तो 16 जून से विद्यार्थियों के लिए भी स्कूल में पढ़ाई शुरू होनी थी लेकिन भयंकर गर्मी व शिक्षक संगठनों की मांग के चलते छात्र-छात्राओं को 30 जून तक के लिए छूट दे दी गई। हालांकि कई अध्यापक खुद के लिए भी छुट्टी मांग रहे हैं कि भयंकर गर्मी में वह स्कूल जाकर क्या करेंगे। ज्यादातर विद्यालयों में बिजली कटौती होती है या कनेक्शन ही नहीं हैं। पहले दिन फुलवारी संवारी गई। कुछ विद्यालयों में अध्यापकों ने स्वयं सफाई की। ब्लॉक सदर क्षेत्र के उच्च प्राथमिक स्कूल हैवतपुर कटरा में शिक्षिका स्नेहलता द्विवेदी, अनीता शुक्ला, नीतू गौतम व शिक्षक संतोष कुमार ने सफाई अभियान चलाया। दूसरी ओर नगर क्षेत्र के विद्यालय एकल शिक्षक या शिक्षामित्र होने की वजह से सन्नाटे में बैठे रहे।

● भीषण गर्मी के चलते 1 जुलाई से विद्यार्थियों की लगेंगी कक्षाएं



उच्च प्राथमिक स्कूल हैवतपुर कटरा में फुलवारी संवारते शिक्षक संतोष कुमार।



विद्यालय परिसर में झाड़ू लगातीं शिक्षिका स्नेहलता द्विवेदी। अमृत विचार

> महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने सोमवार को सभी बीएसए के साथ मीटिंग की है। निर्देश दिए हैं कि शिक्षक-शिक्षिकाएं विद्यालय में उपलब्ध पंखे सही करा लें। छतों व परिसर की सफाई कराएं। विद्यार्थियों के लिए डीबीटी का काम भी पूरा कर लें।
>
> **संदीप कुमार, बीएसए**

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**सौरिख, कन्नौज।** घर पर अकेले रह रहे युवक ने मकान के कमरे में रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या करली। चार दिन बाद गांव के लोगों को बदबू आने पर घर वालों को सूचना दी। इस पर परिवार के लोगों में चीख पुकार मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

सकरावा थाना क्षेत्र के गांव नगला मदारी निवासी अटल बिहारी उर्फ नन्हें (42) पुत्र सोनेलाल जो की गांव में अकेला रहता था। उसके पत्नी और बच्चे सूरत में रह रहे हैं। रविवार ग्रामीणों को मकान से बदबू आने पर घर वालों को सूचना दी। परिवार के लोगों ने आकर कमरा खोला तो देखा रस्सी के सहारे नन्हें का शव कमरे में लटका था। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

# सिर के पिछले हिस्से में चोट लगने से हुई युवक की मौत

संवाददाता तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** संदिग्ध अवस्था में युवक का शव मिलने के मामले में परिजनों ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पोस्टमार्टम में युवक की मौत सिर के पिछले हिस्से में लगी चोट से होने की पुष्टि हुई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

रविवार की भोर कोतवाली क्षेत्र के खखरियापुर गांव निवासी प्रदीप कुमार का शव ईशन नदी किनारे फैली मक्का के पास पड़ा मिला था। परिजनों ने आरोप लगाया था कि सुजानसराय गांव निवासी अंकित, अमित पुत्र कमलकिशोर, रोशन लाल पुत्र नियामत सिंह, श्यामसिंह पुत्र रूपलाल व दो व्यक्ति अज्ञात मक्का की चोरी कर रहे थे। उस दौरान मक्का को बारिश से सुरक्षित करने भाई बलवीर के साथ पहुंचे प्रदीप ने इसका विरोध किया। तो मारपीट कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर के पीछे चोट आने से मौत की पुष्टि हुई है। कोतवाल बीरेंद्र विक्रम ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही। साथ ही मामले की गहनता के साथ जांच की जा रही है।

● परिजनों ने मक्का चोरी का विरोध करने पर छह पर लगाया हत्या का आरोप
● पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की, तिर्वा के खखरियापुर गांव का मामला

# किन्नर की हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

## 5 वर्ष पुराने मामले में अपर जिला न्यायालय ने सुनाया फैसला

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** किन्नर अंजली की पांच साल पूर्व हुई हत्या के मामले में अदालत ने सोमवार को बड़ा फैसला सुनाया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शैली राय ने हत्या में गगन दुबे को दोषी करार देते हुए उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 25,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना अदा नहीं करने पर उसे अतिरिक्त कारावास काटना होगा।

● 25 हजार रुपये का लगाया जुर्माना अदा न करने पर अतिरिक्त सजा



1 मई 2020 को मऊदरवाजा थाना क्षेत्र के मोहल्ला बाग रुस्तम निवासी अफजल मीर खां पुत्र अली खां ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पुत्र शावब उर्फ अंजली उसकी बहन के साथ रहता था। शाम करीब 7:30 बजे काशीराम कॉलोनी निवासी जूली अंजली को घर से बाहर बुलाने आई। जैसे ही अंजली नीचे सड़क पर पहुंची, पहले से घात लगाए गगन दुबे, शिवम, ऋषभ, चांद, सागर और कुछ अज्ञात लोगों ने उसे घेर लिया और उस पर जानलेवा हमला कर दिया। हमलावरों ने ताबड़ तोड़ फायरिंग कर दी, जिससे अंजली को कई गोलियां लगीं और वह गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को लोहिया अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना के प्रत्यक्षदर्शियों में प्रार्थी की बहन रईसा बेगम, इरफान और कॉलोनी के अन्य लोग थे। इन सबकी गवाही और अन्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर चार्जशीट दाखिल की थी। सरकारी अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य और गवाहों को सुनने के बाद अदालत ने गगन दुबे को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास और 25,000 के अर्थदंड की सजा सुनाई। वहीं शिवम उर्फ छुआरा, ऋषभ और सागर को सबूतों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया गया है। चांद के नाबालिग होने के कारण उसका मामला किशोर न्याय बोर्ड में विचाराधीन है।

# 76 मृतक आश्रितों को मिला कृषक दुर्घटना बीमा का लाभ



कृषक दुर्घटना के आश्रितों को चेक देते जिलाधिकारी व भाजपा जिला अध्यक्ष।

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना योजना के लाभार्थियों को कलेक्ट्रेट सभागार में अमृतसर विधायक सुशील शाक्य और जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में चेक वितरित किए गए।

कार्यक्रम में जनपद के 76 मृतक आश्रितों को कृषक दुर्घटना बीमा योजना के तहत 3,72,30,000 रुपये की सहायता राशि के डेमो चेक व प्रमाणपत्र वितरित किये गये।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा अंबेडकर नगर में कृषक दुर्घटना योजना के अंतर्गत प्रदेश के 11,690 परिवारों को 561.86 करोड़ रुपये की राशि वितरण का लाइव प्रसारण दिखाया गया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक आदि मौजूद रहे।

# योग शरीर को स्वस्थ रखने में अहम, नियमित रूप से करें

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद



योगाभ्यास करते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मां गंगा के तट पांचाल घाट पर जिला गंगा समिति के तत्वावधान में योग सप्ताह कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जिलाधिकारी के निर्देश पर 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर 15 जून से लगातार 21 जून तक चलेगा।

योग शिविर के माध्यम से गंगा तट, गंगा ग्राम एवं अन्य लोगों को योगाभ्यास कराया जा रहा है। इसमें विभिन्न प्रकार की योग आसन जैसे- ताड़ासन, भ्रामरी, अनुलोम-विलोम, कपालभांति, त्रिकोणासन, वज्रासन, चक्रासन,सूर्य नमस्कार इत्यादि का अभ्यास कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त लोगों को प्रतिदिन योगाभ्यास करने के लाभ एवं शरीर को स्वस्थ रहने के उपाय भी बताए जा रहे हैं। सोमवार को योगाचार्य प्रदीप नारायण शुक्ल के द्वारा विभिन्न प्रकार के योगासन कराए गए। जिला परियोजना अधिकारी निहारिका पटेल ने योग दिवस 2025 की थीम "एक पृथ्वी और एक स्वास्थ्य के लिए योग" को ध्यान में रखते हुए उपस्थित लोगों को योग करने के लिए जागरूक किया।

उन्होंने कहा कि योग हमारे शरीर को स्वस्थ रखने में एक अहम योगदान निभाता है, इसे नियमित किया जाना चाहिए। जिस तरह से शरीर को भोजन की आवश्यकता होती है उसी तरह से योग की आवश्यकता भी होती है। प्रतिदिन योग करने से शारीरिक, मानसिक ऊर्जा के साथ-साथ सकारात्मक शक्ति भी मिलती है। योगाचार्य प्रदीप नारायण शुक्ल ने कहा कि योग के द्वारा हम स्वस्थ ही नहीं बल्कि एक लंबा जीवन व्यतीत कर सकते हैं। सभी को योगाभ्यास करने के साथ-साथ अपने आहार का भी ध्यान रखना चाहिए। नमामि गंगे के प्रशिक्षक रोहित दीक्षित ने कहा कि प्रतिदिन योग करने से हम बहुत सी बीमारियों से बच सकते हैं।

# भाकियू ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**अमृतपुर।** भारतीय किसान यूनियन अखंड प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह सोमवंशी की अगुआई में किसान यूनियन भानू गुट ने अमृतपुर तहसील पहुंचकर उप जिलाधिकारी को मांग पत्र सौंपा।

मांग पत्र में बताया कि हाईवे निकाला जा रहा है उसमें भूमि अधिग्रहण की जा रही है। जो गांव इसके अंतर्गत आते हैं उसमें गांधी, तुषौर ,तुर्कहटा, बिलालपुर आदि शामिल हैं। उन्होंने मांग की कि किसानों को पुराने सर्किल रेट से मुआवजा दिया जा रहा है। जबकि किसानों के पास काफी कम मात्रा में भूमि है। जिससे वह खेती-बाड़ी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। इस सर्किल रेट को नए सर्किल रेट के हिसाब से भुगतान की मांग की। ऐसा नहीं किया गया तो 20 जून से किसान एकत्रित होकर आंदोलन करेंगे।

# धारा 370 हटने से कश्मीर में शांति लौटी

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद



प्रेसवार्ता को संबोधित करते पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद। अमृत विचार

● पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद ने कहा, जातिगत जनगणना से सभी को न्याय मिलेगा

**अमृत विचार।** पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद ने कहा सरकार ने आतंकवाद के विरुद्ध सात दलों को विदेशी सरकारों के समक्ष भारत का पक्ष रखने के लिए भेजा। इसमें एक दर्जन राजनीतिक दलों के सांसद 33 देशों में गए। एक दल में मैं भी जापान, सिंगापुर, मलेशिया सहित पांच देशों में गया और भारत का पक्ष रखा। यह बात उन्होंने सोमवार को फतेहगढ़ स्थित लाल कोठी में प्रेस वार्ता में कही।

उन्होंने कहा कि आतंकवाद के विरुद्ध सभी देशों ने भारत का समर्थन किया और आपरेशन सिंदूर को पाकिस्तान के विरुद्ध सही बताया। कहा इससे पूर्व अटल बिहारी बाजपेई के नेतृत्व में संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत का पक्ष रखने के लिए पाकिस्तान के विरुद्ध मैं गया था। इसमें पाकिस्तान का प्रस्ताव खारिज हुआ था। विदेश में सभी दलों की विदेश नीति एक ही रहती है। धारा 370 का क्या आपने समर्थन किया था पूछे जाने पर जवाब दिया, कहा कि धारा 370 समाप्ति के बाद कश्मीर में शांति स्थापित हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने स्वयं धारा 370 समाप्ति का समर्थन किया। तो मैंने भी इसका समर्थन किया। पश्चिम एशिया संघर्ष पर पूछे प्रश्न पर कहा कि ईरान इजराइल युद्ध दोनों के पक्ष में नहीं है। दोनों देशों को बातचीत करके यह तनाव समाप्त करना चाहिए। भारत शांति का पक्षधर है। यह पूछने पर पाकिस्तान के विरुद्ध सीज फायर कैसे हुआ के जवाब में उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने इसका जवाब सरकार से मांगा है। जी 7 देशों की बैठक के बारे में कहा, भारत 7 सात में केवल आमंत्रित देश है, सदस्य नहीं। कनाडा में मोदीजी भारत का पक्ष रखने जा रहे है।

जातिगत जनगणना पर कहा इस जनगणना से सभी जातियों को न्याय मिलेगा। इसकी मांग कांग्रेस ने की थी, आरक्षण भी घटाया बढ़ाया जा सकता है। जबकि सुप्रीम कोर्ट 50 फीसदी आरक्षण की सीमा तय कर चुका है। प्रेस वार्ता में पूर्व विधायक लुईस खुर्शीद, जिला अध्यक्ष शकुंतला देवी, नगर अध्यक्ष अंकुर मिश्रा, अनिल मिश्रा, फरीद चुगताई सहित दर्जनों कांग्रेसी मौजूद रहे।

# 21 महिलाओं को दी सहायता राशि

**अमृतपुर।** तहसील सभागार में सोमवार को एसडीएम व तहसीलदार की देखरेख में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को सहायता प्रदान की गई।

महिलाओं के पति कृषक थे और किसी दुर्घटना के अंतर्गत वह असमय मौत के गाल में समा गए। ऐसी महिलाओं के भरण पोषण के लिए मुख्यमंत्री के आदेश पर इन महिलाओं को तहसील सभागार में बुलाकर अधिकारियों के माध्यम से सहायता पत्र दिया गया। जिसमें प्रीति, मनीषा, गीता, नन्ही देवी, पिंकी, निर्दोष, मीना देवी, छोटी बिटिया, पूनम, सीता, कल्पना, दीपा, नीतू, शिवदेवी, पूनम, दीपा, संध्या, रामप्यारी आदि 21 विधवा महिलाएं शामिल थीं। यह सहायता राशि प्राप्त कर इन महिलाओं ने सरकार का आभार व्यक्त किया।

## सार-संक्षेप

### योग करके निरोग रहने का दिया संदेश

**कालपी।** सोमवार को राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालयों एवं आयुष हेल्थ एंड फिटनेस सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में जोल्हूपुर तथा कालपी में योग शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में सैकड़ों ग्रामीणों तथा नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग किया और अन्य लोगों को योग करने के लिये प्रेरित किया। एक गेस्ट हाउस के परिसर में आयोजित योग शिविर में डॉ. शैलजा पटैरिया चिकित्साधिकारी आयुर्वेद, तथा योग शिक्षकों शिवानी दीक्षित एवं अमित कुमार द्वारा लोगों को योग का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षकों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान तकनीकों का अभ्यास करवाते हुए योग से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक लाभों के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर ग्रामीणों के अलावा भूपेंद्र सिंह सेंगर (प्रधान प्रतिनिधि), रूप सिंह चंदेल, रामहेत विश्वकर्मा, जगराम कुशवाहा एवं राजू सिंह ने भी सक्रिय सहभागिता की तथा ग्रामीणों को नियमित योग अभ्यास के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण जनमानस में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना तथा योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना रहा। इसी प्रकार यमुना नदी के किनारे स्थित बांके बिहारी धाम के परिसर में लगातार दूसरे दिन भी आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर पूर्णिमा चटर्जी तथा नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव के साथ योग शिक्षकों तथा नागरिकों ने हिस्सा लिया।

### प्रिंट एवं इलेक्ट्रोनिक एसो. के जिला प्रभारी घोषित

**फर्रुखाबाद।** शहर के लाल सराय स्थित प्रेस क्लब भवन में प्रिंट एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया एसोसिएशन की बैठक हुई। इसमें संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहनलाल गौड़ एवं राष्ट्रीय महासचिव संजय शर्मा ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार इरशाद अली ने किया। सर्वप्रथम पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय सिंह के हुए निधन में पर दो मिनट का मौन रखकर पत्रकारों ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी। बैठक में सर्वसम्मति से एसो. की जिला प्रभारी की घोषणा की गई। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार सर्वेन्द्र कुमार अवस्थी को जिलाध्यक्ष और वरिष्ठ पत्रकार इरशाद अली को महामंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। दोनों ही पत्रकारों को उनके पत्रकारिता क्षेत्र में दीर्घकालिक अनुभव और योगदान के आधार पर यह दायित्व सौंपा गया। इस दौरान जयपुर से आए वरिष्ठ पत्रकार अरशद वारसी को संगठन का राजस्थान प्रभारी नियुक्त किया गया। कार्यक्रम के दौरान उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष अनिल प्रजापति, कोषाध्यक्ष दीपक तिवारी, सदस्य विनय सक्सेना, ताहिर खा बज्जू, रविन्द्र भदौरिया, अरविंद शर्मा, मनोज जौहरी, महेश गुप्ता, ओम प्रकाश शुक्ला, सुरेश गुप्ता सहित जिले के कायमगंज, शमशाबाद, जहानगंज, कमालगंज, राजेपुर आदि से आकर पत्रकारों ने बैठक में भाग लिया।

### एसडीएम सीएचसी पहुंचे, कर्मचारियों में हड़कंप

**कालपी।** गर्मी में बढ़ते मरीजों की संख्या को देखते हुये सोमवार को उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सीएचसी का घूम-घूमकर निरीक्षण किया तथा गर्मी से पीड़ित रोगियों का तत्परता से उपचार करने के लिये डॉक्टरों तथा कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिये। उनके वहां पर पहुंचने से सीएचसी में हड़कंप मच गया। जिला प्रशासन के निर्देश पर सुबह अचानक उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच गये। उनके वहां अचानक पहुंचने से अफरा तफरी का माहौल हो गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी तथा वार्ड में भर्ती मरीजों के हालचाल लिये व रोगियों को बेहतर उपचार सेवा प्रदान करने के निर्देश डॉक्टरों को दिए। चिकित्सालय की गैलरी में पंखे तथा कूलर लगाने के लिए निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने प्रयोगशाला व लैब के निरीक्षण के दौरान कहा कि जांचों के लिए मरीजों को परेशान न किया जाए व मरीजों की सीएचसी परिसर में ही जांच कराई जाए। कोल्ड चेन में वैक्सीन के रखरखाव की स्थिति को देखा। औषधि भंडारण कक्ष तथा औषधि वितरण कक्ष का भी निरीक्षण किया। कहा गर्मी के मौसम में दवाइयों का पर्याप्त स्टॉक रखें। चिकित्सा अधीक्षक डॉ दिनेश गुप्ता, चिकित्साधिकारी डॉक्टर अशोक चक, डॉ. रूबी सिंह, डॉ. शेख शहरयार, डॉ. गोपाल द्विवेदी आदि ने उन्हें जानकारी दी।

### किशोर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कालपी।** नगर के मोहल्ला राजघाट के डूडा कॉलोनी में नाबालिक किशोर ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। नगर के मोहल्ला अदलसराय निवासी कुंवर प्रताप सिंह को डूडा कॉलोनी में आवास आवंटित हुआ था। जहां पर वह अपनी पत्नी और तीनों बच्चों के साथ रह रहा था। बताया गया कि दो वर्ष पहले उसकी कैंसर से मौत हो गई थी। जिससे परिवार के भरण पोषण की जिम्मेदारी बड़े पुत्र नकुल सिंह 15 वर्ष के कंधे पर आ गई थी। वह नगर के मुख्य बाजार टरननगंज स्थित एक परचून की दुकान पर काम करता था। उसी से मिलने वाली तनख्वाह से अपने घर का खर्चा चलाता था। उसकी मां व उसके छोटे भाइयों ने बताया कि पिछले तीन से चार दिनों से वह दुकान पर नहीं जा रहा था और अकेला बैठकर कुछ सोचता रहता था। उन्होंने यह भी बताया की सोमवार की सुबह हम सभी लोग आवास के नीचे आ गए थे। इसी दौरान उसने कमरे में लगे पंखे में अंगोछा डालकर फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। जब उसकी मां ऊपर पहुंची तो उसने पुत्र को फांसी के फंदे पर लटका देखा तो वह चीखने चिल्लाने लगी। महिला की चीखें सुनकर आस पड़ोस के लोग मौके पर पहुंच गए और उन्होंने सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से शव को नीचे उतरवाया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### डेढ़ किलो गांजा व चोरी की बाइकों के साथ एक गिरफ्तार

**माधौगढ़।** भीम नगर तिराहे पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने चोरी की बाइकें व गांजा सहित अन्य सामान के साथ एक को गिरफतार कर लिया है। माधौगढ़ कोतवाली प्रभारी बृजेश बहादुर सिंह, दरोगा संदीप कुमार सिंह, सुरेन्द्र सिंह, शिवकरन सिंह सहित पुलिस फोर्स के साथ भीम नगर तिराहे पर चेकिंग अभियान में लगे हुए थे। इस दौरान मध्यप्रदेश की ओर से एक युवक बाइक से आते दिखाई दिया जो पुलिस को देखकर मौके से भागने लगा। पुलिस के भय से भाग रहे युवक को पुलिस टीम ने दौड़ाकर पकड़ लिया। इस दौरान कड़ाई से के गई गई पूछताछ में युवक ने अपना नाम रामपुरा थाना क्षेत्र के वघावली निवासी अंशू कुशवाहा बताया। जबकि पुलिस ने उसके पास से बिना कागजात की चोरी की बाइक, छोला में 1 किलो 800 ग्राम गांजा बरामद किया। इतना ही नहीं पूछताछ पर युवक ने बताया कि वघावली निवासी सुनील कुशवाहा चोरी की बाइक के साथ मींगनी के पास बैठा है। पुलिस के पहुंचने से पहले वह मौके से भाग गया। पुलिस ने मौके से बाइक, ट्रैक्टर का सूपड़ा जब्त कर लिया। कोतवाल बृजेश बहादुर सिंह का कहना है कि सुनील कुशवाहा के खिलाफ रेढ़र, रामपुरा, माधौगढ़ में चोरी, मुठभेड़, राहजनी के मामले दर्ज है। फिलहाल चोरी की दो बाइक, सूपड़ा, गांजा बरामद किया गया है। मामले में आरोपी के विरुद्ध सम्बन्धित कारवाई कर चालान किया जा रहा है।

# बालू लदे 3 ओवरलोड ट्रकों को किया सीज

संवाददाता, कालपी जालौन

**अमृत विचार।** एसडीएम सुशील कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस तथा खनिज विभाग अधिकारियों की संयुक्त टीम के द्वारा अवैध खनन के खिलाफ अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान बिना प्रपत्रों के अवैध बालू के ओवरलोड 3 ट्रकों को परिवहन करते हुए पकड़ कर सीज कर दिया। इससे अवैध बालू का परिवहन करने वालों में अफरा तफरी की स्थिती बनी रही।



चेकिंग अभियान में एसडीएम के साथ मौजूद अन्य अधिकारी।

बीती शाम को उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह, खनन निरीक्षक कुलदीप कुमार ,कालपी पुलिस, राजस्व कर्मियों की संयुक्त टीम के साथ छापा मार अभियान शुरू किया। जोल्हूपुर मोड़ - कदौरा रोड में काशी खेड़ा गांव के समीप अवैध खनन के परिवहन तथा ओवरलोड के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बिना खनिज प्रपत्रों के ओवरलोड बालू लादे 3 ट्रकों को परिवहन करते हुए पकड़ लिया। उपजिलाधिकारी के मुताबिक पकड़े गये सभी 3 वाहनों को पुलिस अभिरक्षा में सीज कर गल्ला मंडी कालपी के परिसर में खड़ा करा दिया गया हैं।

# आभूषण व 10 हजार की नकदी समेत बैग लेकर चोर फरार

**उरई।** कोंच नगर में चोरों ने एक बार फिर चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। यहां से चोर एक महिला का बैग लेकर रफूचक्कर हो गए।

नगर के मोहल्ला तोपखाना निवासी महिला रुखसार ने बताया कि वह कुछ दिन पूर्व अपने मायके कोंच के मोहल्ला भगतसिंह नगर आई हुई थी। रविवार को वह अपने घर जालौन वापस जा रही थी। तभी रास्ते में दमकल कार्यालय के पास उसके फोन की घंटी बजी तो उसने अपना बैग वहां बने चबूतरे पर रखा और बैठकर बाते करने लगी। इस दौरान वहां आसपास मौजूद चोर उसका बैग चुराकर भाग गया। महिला के अनुसार चोरी गए बैग में 10 हजार रुपये की नगदी व जेवरात रखे थे। मामले में प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार पांडेय ने बताया कि महिला द्वारा तहरीर मिली है, जांच चौकी प्रभारी को भेजी गई है।

# जैन, बौद्ध ,सिख सभी सनातन धर्म के ही अंग : चंपत राय

कार्यालय संवाददाता, उरई जालौन




कार्यक्रम में बोलते वक्ता व मंच पर मौजूद चंपत राय। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बृज कुंवर देवी पब्लिक स्कूल में चल रहे विश्व हिन्दू परिषद् के शिक्षा वर्ग को संबोधित करने विश्व हिन्दू परिषद् के केन्द्रीय उपाध्यक्ष चम्पतराय पहुंचे। इस दौरान यहां पर विहिप के तमाम पदाधिकारी और कर्याकर्ता मोजूद रहे।

उन्होंने कहा कि भारतवर्ष में सनातन की विविध धर्म धाराएं मौजूद है और सभी अद्वितीय सांस्कृतिक संवाद का परिचायक हैं। उन्होंने कहा कि आज हम एक ऐसे विषय पर विचार करने हेतु एकत्र हुए हैं जो न केवल हमारे धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक मूल्यों को उजागर करता है, बल्कि हमारे भारतवर्ष की एकता, विविधता और सहिष्णुता का भी परिचायक है। उन्होंने कहा कि जैन, बौद्ध, सिख ये सनातन धर्म के ही अंग हैं। सनातन धर्म कोई संकुचित परिभाषा नहीं, यह एक जीवन दृष्टि है, जिसमें मानव मात्र को दिव्यता से जोड़ने का प्रयास है। यही कारण है कि इसी सनातन परंपरा की कोख से समय-समय पर विविध धार्मिक धाराएँ जन्म लेती रहीं, जिनमें जैन, बौद्ध और सिख धर्म प्रमुख हैं। उन्होंने कहा कि इन सभी धर्मों की अपनी विशिष्टता है, पर मूलतः ये सभी सनातन संस्कृति की शाखाएँ हैं।

इस दौरान विहिप क्षेत्र संगठन मंत्री गजेन्द्र, वर्गाधिकारी देवेंद्र मिश्रा, विहिप प्रान्त सह मंत्री अभिनव दीक्षित तथा अवधेश भदौरिया, जिला मंत्री आचार्य तेजस, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख रमाकांत सोनी भी उपस्थित रहे।

आयोजन | विधायक ने 12 लाभार्थियों को वितरित की चेक, मुख्यमंत्री के संबोधन का लाइव प्रसारण भी देखा गया

# कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत बांटीं चेक

संवाददाता, कालपी जालौन

**अमृत विचार।** सोमवार को मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत 12 लाभार्थियों को धनराशि की चेक वितरित की गई। इस कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी के द्वारा किया गया।



लाभर्थियों को चेक वितरित करते विधायक, जनप्रतिनिधि व अधिकारी। अमृत विचार

तहसील सभागार में आयोजित कार्यक्रम में प्रशासनिक, राजस्व अधिकारियों कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों ने पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लाभार्थियों को धनराशि वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर पधारे क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी ने कहा कि कृषि कार्य के दौरान अन्नदाता किसानों की दुर्घटना में मौत पर पीड़ित परिवार की मदद के लिये 5 लाख रुपये मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना से लाभ देने की योजना चल रही है। उन्होंने लाभार्थियों को धनराशि का सदुपयोग करने को कहा। साथ ही वहां मौजूद अधिकारियों ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होने दी जायेगी।

विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह जादौन तथा नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव ने शासन द्वारा चलाई जा रही विकास के बारे में विचार व्यक्त किये। एडीएम सुशील कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि मनोज चतुर्वेदी, नगर पंचायत कंदौरा की अध्यक्षा प्रतिनिधि रवि शिवहरे प्रमुख रूप से शामिल रहे।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत लाभर्थियों कटोरी देवी निवासी इमिलिया बुजुर्ग, छोटे सिंह निवासी ग्राम तगारेपुर, गुड्डी देवी टड़वा, सोनिया निवासी ग्राम उदनपुर,सीमा देवी निवासी ग्राम भगौरा, श्यामवती निवासी ग्राम अकबरपुर, अनीसा निवासी ग्राम पथरैहटा, विनीता निवासी ग्राम नगवां को 5-5 लाख रुपये की धनराशि वितरण किया गया। जबकि 4 अन्य लोगों को भी धनराशि का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी के द्वारा किया गया। नायब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला, रमेश मिश्रा,शिव मंगल पाठक प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# दो युवकों पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

**उरई।** नदीगांव के एक मोहल्ले में रहने वाले दो युवकों पर मोहल्ले की ही निवासी किशोरी ने घर में घुसकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया गया है। पुलिस जांच कर रही है।

नदीगांव के एक मोहल्ले में रहनी वाली एक 13 वर्षीय बालिका ने बताया कि उसके साथ दो युवकों ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। उसने बताया कि उस समय वह घर पर अकेली थी। उसके परिवार के सभी सदस्य एक त्रियोदशी भोज में शामिल होने के लिए पड़ोसी गांव जाजेपुरा में गये हुए थे। देर रात जब परिजन लौटे तो बालिका ने अपने साथ हुए दुष्कर्म और मारपीट के बारे में जानकारी दी। परिजनों ने पुलिस से सहायता मांगी, लेकिन दुष्कर्म की बात जानकर पुलिस उन्हें टरकाती रही। पीड़ित रविवार को आरोपित के घर पर बालिका के साथ की गई हैवानियत की शिकायत करने पहुंच गए। इस पर आरोपितों ने पीड़ित परिवार को मारपीट कर भगा दिया। पीड़ित परिवार ने थाने में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की।

# ट्रेन से कटकर रेलकर्मी की मौत

## रेलवे के टेलीकॉम विभाग में टेक्नीशियन के पद पर तैनात थे, स्टाफ में शोक की लहर

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** थाना जीआरपी क्षेत्र के अंतर्गत इटावा रेलवे स्टेशन पर रेलवे टेलीकॉम विभाग में तैनात टेक्नीशियन की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। यह हादसा उस वक्त हुआ जब कर्मचारी विभागीय कार्य के चलते पटरी पार कर रहा था तभी तेज रफ्तार दरभंगा एक्सप्रेस की चपेट में आ गया।

मृतक राहुल यादव पुत्र रामचंद्र यादव शमसाबाद सिराथू अली का पुरवा जिला कौशाम्बी का निवासी है और वर्तमान में वह अपने परिवार के साथ रेलवे कॉलोनी के क्वार्टर नंबर 214 में रह रहा था। जानकारी मिली है कि मृतक राहुल ड्यूटी पर तैनात था और शाम करीब साढ़े चार बजे विभागीय कार्य के लिए माल गोदाम क्षेत्र से पुराने फुट ओवर ब्रिज के पास बने पैदल रास्ते से पटरी पार कर मनोरंजन



घटना की जांच करते स्टेशन अधीक्षक पीएम मीणा। अमृत विचार

- जिला कौशांबी के सिराथू के रहने वाले थे
- रेलवे पटरी पार करके जाते समय हुई दुर्घटना

सदन की ओर जा रहा था। इसी दौरान वह खंबा संख्या 1156/06 के पास तेज गति से आ रही दरभंगा क्लोन एक्सप्रेस की चपेट में आ गया और उसकी ट्रेन से कटकर मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्टेशन अधीक्षक पीएम मीणा, वाणिज्य निरीक्षक नरेश मीणा, संकेत निरीक्षक विनोद यादव और चीफ वेलफेयर इंस्पेक्टर विजय बहादुर वर्मा मौके पर पहुंच गये। ट्रेन के लोको पायलट द्वारा दी गई सूचना पर जीआरपी थानाध्यक्ष शैलेश निगम अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद मोर्चरी भिजवाया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी श्वेता यादव, बेटा उत्कर्ष और बेटी मनु रोते-बिलखते मौके पर पहुंच गये। कर्मचारियों ने बताया कि राहुल ऑन ड्यूटी थे और हमेशा अपने काम के प्रति जिम्मेदार और अनुशासित रहते थे।

जीआरपी थाना प्रभारी शैलेश निगम ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह हादसा ड्यूटी के दौरान हुआ प्रतीत होता है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है। हादसे के बाद रेलवे स्टाफ में गहरा शोक व्याप्त है।

## करंट से मजदूर की गई जान

**इटावा।** थाना फ्रेंड्स कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत गंगा बिहार कालोनी में निर्माणाधीन मकान में काम कर रहे एक मजदूर की बिजली का करंट लगने से मौत हो गई।

थाना फ्रेंड्स कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत गंगा बिहार कालोनी में एक डॉक्टर के निर्माणाधीन मकान में दिगेश 20 वर्ष निवासी छत्तीसगढ़ काम कर रहा था तभी छत पर फैले बिजली तार में आ रहे करंट की चपेट में वह आ गया। यह देखकर वहां पर मौजूद अन्य लोग उसे जिला अस्पताल लेकर आये। वहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजन इमरजेंसी में लिखा पढ़ी करा रहे थे इसी बीच प्राइवेट एम्बुलेंस चालक शव को बिना पोस्टमार्टम कराये ले जाने लगा तभी जिला अस्पताल में तैनात गार्ड वहां आ गया और उसने एम्बुलेंस से शव को उतरवाया और पुलिस को घटना की सूचना दी। थाना फ्रेंड्स कालोनी पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया।

# महादान: रक्तदाता समूह के 21 सदस्यों ने किया रक्तदान

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** रक्तदाता समूह द्वारा सिटी चैरीटेबल ब्लड सेंटर में आयोजित रक्तदान शिविर में जरूरतमंदों मरीजों के लिए रक्तदान किया गया। रक्तदाता समूह की तरफ से राजीव नरूका, शरद तिवारी, सौरभ परिहार ने रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक किया। शिविर में प्रियंका यादव, राजीव बंसल, ध्रुव तिवारी, सौरभ चौहान, आदित्य प्रताप सिंह, अजय मिश्रा, अमित तिवारी, राजवीर सिंह, मोहित तिवारी, मोनू प्रजापति, आदेश यादव, नरेंद्र कुमार, सचिन कुमार, विजय सिंह यादव, मलखान सिंह यादव, विनीत, रीपेंद्र सिंह, अमित कुमार, हरिओम प्रताप सिंह,राकेश कुमार,ने रक्तदान किया।

डॉक्टर सुरेश चंद्र गुप्ता ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह न केवल एक



रक्तदान करते रक्तदाता समूह के सदस्य। अमृत विचार

- लोगों को रक्तदान करने के लिये किया गया प्रोत्साहित

मानव की सेवा है बल्कि यह समाज के हर व्यक्ति के जीवन में बदलाव लाने में सक्षम है, उन्होंने रक्तदान के लाभ के बारे में जानकारी दी और अधिक से अधिक स्वैच्छिक रक्तदान के लिए बच्चों को जागरूक किया। शरद तिवारी ने बताया कि रक्तदान करने से कोई कमजोरी नहीं आती है और लोगों को समय समय पर हर स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए, जिससे रक्त कि कमी के भाव में किसी मरीज की जान न जाए, रक्तदान करने से रक्तदाता की भी कई तरह की जांचें निःशुल्क होती है। ब्लड बैंक इंचार्ज डाक्टर सुरेश चंद्र गुप्ता, डायरेक्टर आदेश यादव, मैनेजर डायरेक्टर निधि यादव, विजय सिंह, इंदु , प्रियंका यादव, अजय जैन आदि लोग उपस्थित रहे।

## चोरों ने ताला तोड़कर घर से उड़ाये जेवर और नकदी

संवाददाता इकदिल इटावा

- घर की छत पर सो रहे परिवार के लोगों को नहीं लगी भनक

**अमृत विचार ।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत कथगवां रोड पर चोरों के घर के मेन गेट तोड़कर मकान में प्रवेश किया। चोरों ने कमरों के ताले तोड़कर उसमें रखी अलमारी के लॉक तोड़कर जेवर नकदी के अलावा अन्य सामान चोरी कर ले गए। वहीं छत पर सो रहे परिवार के लोगों को चोरी की भनक तक नहीं लगी।

ओम सांई पुरम कॉलोनी निवासी शत्रुघ्न राजपूत पुत्र बड़े लाल रविवार रात गर्मी के चलते अपने परिवार के साथ छत पर सोने के लिए चले गए। तभी मौका पाकर चोरों ने मकान के मेन गेट में लगी कुण्डी को खींचकर टेढ़ा कर दिया जिससे गेट खुल गया और चोर घर के अंदर घुस आये। चोरों ने जीना में लगे दरवाजे की कुंडी बंद करली जिससे छत पर सो रहा मकान स्वामी नीचे न आ सकें। चोरों ने कमरे में रखी दो अलमारियों के लॉक तोड़कर जेवर के अलावा 24 हजार हजार की नकदी लेकर फरार हो गए। सोमवार सुबह उसकी पत्नी पूजा देवी जागकर नीचे आने के लिए जीना का दरवाजा खोला तो नही खुलने पर उसने पति को जगाया। उसके बाद मकान मालिक ने अपने पड़ोसियों को आवाज लगाकर कुंडी खुलवाई। पीड़ित ने बताया कि एक अलमारी में रखे सोने चांदी के जेवरात के साथ 24 हजार रुपये चोरी हुए हैं।

# अब जिले में सीखेंगे क्रिकेट के गुर

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** बच्चों को क्रिकेट खेलना सिखाने के उद्देश्य से इस्लामिया इंटर कालेज मैदान मे शौर्य क्रिकेट एकेडमी खोली गई है, जिसका उद्घाटन उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के निदेशक श्याम बाबू व चयनकर्ता विजेन्द्र सिंह की उपस्थिति में बदायूं के सांसद आदित्य यादव द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि सांसद आदित्य यादव, श्याम बाबू , चयन कर्ता विजेंद्र सिंह व एकेडमी के संरक्षक मोहित यादव का स्वागत अम्बरीश यादव ने माला पहनाकर व बैज लगाकर किया। एकेडमी के संरक्षक मोहित यादव ने बताया कि जिले में यह पहली क्रिकेट एकेडमी है जहां बच्चों को क्रिकेट खेलना सिखाया जाएगा।



शौर्य क्रिकेट एकेडमी का शुभारंभ करते सांसद आदित्य यादव व अन्य ।

- इस्लामियां कालेज में शौर्य क्रिकेट एकेडमी का हुआ उद्घाटन

उन्होंने बताया कि काफी बच्चों का क्रिकेट सीखने के लिए रजिस्ट्रेशन हो चुका है। इस मौके पर आइपीएल खिलाड़ी केके उपाध्याय, चयनकर्ता विजेन्द्र सिंह, रणजी खिलाड़ी कृता सिंह व तरुण सिंह के अलावा संदीप यादव अध्यक्ष नगर पंचायत किशनी प्रतिनिधि, अनुज यादव मोंटी पूर्व ब्लाक प्रमुख जसवंतनगर, सुशांत वर्मा, सुनील यादव, आदित्य गोविंद, रवि यादव, अभिषेक त्रिपाठी के अलावा इस्लामिया कालेज के प्रधानाचार्य गुफरान अहमद, क्रीड़ा प्रभारी नाजिश इकबाल, भी मौजूद रहे।

## वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स सेवा 23 जून को ज्ञापन देगा

**भरथना।** वित्त विधेयक 2025 में किये गए पेंशन से संबंधित संशोधनों के विरोध में एवं वरिष्ठ पेंशन भोगियों की समस्याओं के समाधान हेतु उत्तर प्रदेश वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स सेवा संस्थान इटावा सहित प्रदेश के सभी जनपदों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन 23 जून को जिलाधिकारी को सौंपेगा । उक्त जानकारी देते हुए वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स सेवा संस्थान के जिलाध्यक्ष कौशल चंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि ज्ञापन सौंपने तथा जनपद के पेंशनरों की समस्याओं को लेकर 10 जून से पेंशनरों से घर - घर संपर्क किया जा रहा है। साथ ही पेंशनरों को पूरे देश के सभी अस्पतालों में चिकित्सा उपलब्ध करने की मांग रखी गई है।

## सार-संक्षेप



भागवत कथा को सुनते श्रद्धालु

### पूतना वध की कथा सुनकर श्रद्धालु हुए भावविभोर

**बकेवर।** लवेदी क्षेत्र के गांव उग्गरपुरा में कथा वाचक आचार्य रामजी महाराज गोरे दाऊजी आश्रम श्रीधाम वृन्दावन के मुखारविंद श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कृष्ण जन्म की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि मथुरा से कंस ने पूतना नाम की राक्षसी को कृष्ण की हत्या करने के लिए भेजा पूतना ने गोपी का रूप धारण कर कृष्ण को दूध पिलाने लगी तभी भगवान कृष्ण पूतना राक्षसी की भावना को समझ स्तन पान के रास्ते प्राण हरने लगें व्याकुल हो पूतना असली रूप में आकर आकाश मार्ग से भागने लगीं भगवान कृष्ण ने पूतना का काम तमाम कर दिया। आगे व्यास जी ने कहा कि कन्हैया ने मिट्टी खायीं मां यशोदा ने कान्हा को डांटा तो नासमझ मां यशोदा को अपने मुख मेंउन्हें पूरा ब्रहमांण दिखा दिया। व्यास जी ने कहा कि राजा इन्द्र का घमंड का आहार करने के लिए भगवान कृष्ण ने वृज वासियों के बीच गोवर्धन की पूजा करायीं इससे क्रोधित हो खतरनाक मेघ भेज कर बरसा करवा दी लेकिन भगवान कृष्ण ने गोर्वधन पर्वत को उठाकर पूरे बृज क्षेत्र को इंद्र के कोप से बचा लिया। इन्द्र देवता को भगवान कृष्ण की शरण में आना पड़ा भगवान कृष्ण घमंड का आहार करते हैं। परीक्षित शान्ती देवी एवं सर्वेश कुशवाहा फ़ौजी है।

### दुर्घटना व मारपीट की घटनाओं में चार घायल

**इटावा।** जनपद के अलग अलग स्थानों पर हुईं मारपीट और सड़क दुर्घटना में चार लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना फ्रेंड्स कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत जुगरामऊ चौराहे के पास मोटर साइकिल की टक्कर लगने से देवकी नन्दन 52 वर्ष पुत्र मदन मोहन निवासी जुगरामऊ घायल हो गया। थाना जसवंतनगर क्षेत्र के अंतर्गत फक्कड़पुरा निवासी मोनिका 24 वर्ष पत्नी अरिसूदन मारपीट की घटना में घायल हो गई। थाना चकरनगर क्षेत्र के अंतर्गत नगला करोड़ी निवासी अरनव सिंह 50 वर्ष पुत्र रामेश्वर गांव में मारपीट की घटना में घायल हो गया। थाना इकदिल क्षेत्र के अंतर्गत नगला बनी निवासी शारदा देवी 55 वर्ष पत्नी भारत सिंह मारपीट की घटना में घायल हो गई।

### तलैया मैदान पर नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट 21 से

**इटावा।** युवा कुर्मि सेवा समिति द्वारा 21 जून से नगर क्षेत्र तलैया मैदान पर नाइट क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन किया जायेगा, जिसमें विजेता टीम को 31 हजार रुपये नकद तथा उपविजेता टीम को 15 हजार रुपये नकद पुरस्कार दिया जायेगा। इसके अलावा आकर्षक पुरस्कार भी प्रदान किये जायेंगे। इस क्रिकेट टूर्नामेंट के संयोजक अमन पटल को नियुक्त किया गया। क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने वाली इच्छुक टीम अपनी प्रविष्टि, वर्मा स्पोर्ट्स, जैन स्पोर्ट्स, कैलाश कम्प्यूटर तथा डिश गैलरी में जमा की जा सकती है। यह नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट दुधिया प्रकाश में खेला जायेगा।

### ईओ विनय मणि का हुआ तबादला

**इटावा।** शासन ने नगर पालिका परिषद इटावा के अधिशासी अधिकारी विनय कुमार मणि त्रिपाठी का स्थानांतरण कर दिया, उन्हें जनपद बदायूं में उपनगर आयुक्त बनाया गया है। अधिशासी अधिकारी विनय कुमार मणि त्रिपाठी के स्थान पर जनपद गोरखपुर में तैनात सहायक नगर आयुक्त संतोष कुमार मिश्रा को इटावा सदर नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी की जिम्मेदारी सौपी गई है।

### अधेड़ ने फांसी लगाकर जान दी

**चकरनगर ।** थाना बिठौली के अंतर्गत ग्राम रीतोर में अधेड़ ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार ग्राम रीतोर निवासी रविन्द्र सिंह उर्फ पप्पू सिंह 58 वर्ष पुत्र दर्शन सिंह ने अपने घर के कमरे में लगे कड़े में अंगौछे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मृतक के भतीजे ने थाना बिठौली पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## मजदूरी के रुपये मांगने पर मजदूर को मारा पीटा

**भरथना।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गदालोट में मजदूरी के बकाया रुपये मांगने पर दबंगों ने राजमिस्त्री ओमकार जाटव पुत्र चंद्रप्रकाश जाटव निवासी ग्राम नगला जादौ कुदरकोट के साथ मारपीट की। जिससे उसको काफीचोटें आई। पीडित ने इस सम्बंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

घायल राजमिस्त्री ओमकार जाटव ने प्रार्थना पत्र में बताया कि करीब एक वर्ष पूर्व तयशुदा दर पर उसने नामजद व्यक्ति के ग्राम गदालोट में मकान का पूरा निर्माण करा लिया। इस बीच मकान स्वामी ने बीच बीच में कुछ मजदूरी भी दी लेकिन मकान का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद करीब एक वर्ष बीत चुके बावजूद गृहस्वामी पर मजदूरी के बचे 70 हजार रूपए नहीं दिए। जब वह मजदूरी के रूपए मांगने गया तो नामजद दबंग ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने कार्रवाई का भरोसा दिया है। साथ पुलिस का कहना कि आरोपी कोई भी हो बचेगा नहीं।

# पंचायत सचिवों के न होने से बैठकें प्रभावित

संवाददाता महेवा इटावा

- सचिवों के तबादला होने के बाद नए सचिवों ने नहीं किया ज्वाइन
- डीपीआरओ का आदेश लेकर शीघ्र घोषित की जायेंगी नई तिथियां

**अमृत विचार।** नवनियुक्त सचिवों द्वारा चार्ज ग्रहण न करने पर विकास खंड क्षेत्र महेवा की ग्राम पंचायतों में बैठकों का शेड्यूल गड़बड़ाया हुआ है।

सहायक विकास अधिकारी पंचायत ने इस बारे में कहा कि डीपीआरओ का आदेश लेकर नई तिथियां शीघ्र घोषित की जायेगी।

शासन के आदेश पर प्रदेश भर में अंत्योदय राशन कार्ड धारकों के सत्यापन का कार्य खुली बैठकों में कराया जा रहा है जिसमें अपात्रों को हटाकर उनकी जगह पर पात्र लोगों को जोड़ने का कार्य किया जा रहा है इसके लिए जिला पंचायत राज कार्यालय द्वारा जिले भर की ग्राम पंचायतों में बैठकों का शेड्यूल गत 15 जून से 21 जून के मध्य घोषित किया गया था इसी बीच जिले में ग्राम सचिवों की तबादलों की सूची आ गई जिसमें करीब आधा दर्जन सचिव प्रभावित हुए व खंड विकास अधिकारी महेवा यदुवीर सिंह द्वारा उन सचिवों को तत्काल रिलीव कर दिया गया लेकिन अन्य ब्लाकों से आने वाले सचिवों ने आमद नहीं कराई जिससे जो पंचायतें खाली हुई वहां होने वाली बैठक स्थगित करनी पड़ी तथा कुछ पंचायतों में ग्राम प्रधान के न रहने से बैठकें नहीं हो सकी हैं इससे तमाम तरह की समस्यायें उत्पन्न हो रही हैं।

इस बारे में सहायक विकास अधिकारी पंचायत महेवा इंद्रपाल सिंह भदौरिया से जब जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि जिला पंचायत राज अधिकारी को अवगत कराकर ऐसी पंचायतों में बैठकों की तिथियां शीघ्र घोषित करेंगे या फिर अन्य सचिवों को बैठक हेतु भेजकर बैठकें आयोजित कराई जायेगी।

## पत्नी से विवाद के बाद युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**उदी।** बढपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम मठी का पुरा में टेंट व्यवसाई ने पत्नी से हुए विवाद के बाद अपने कमरे में दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौत हो गई।

उक्त गांव निवासी प्रमोद कुमार (28) पुत्र कालीचरन ने रविवार शाम करीब साढ़े पांच बजे कमरे के अंदर दुपट्टे के सहारे पंखे से लटककर अपनी जान दे दी। परिजनों ने जैसे ही प्रमोद कुमार को फंदे पर लटकते देखा तो घर में चीख पुकार मच गई। मृतक के भाई रवी ने बताया हमारा साझे में टेंट हाउस का काम था। प्रमोद रोजाना शराब पीकर आता था। घर में मां पत्नी व बच्चों के साथ लड़ाई झगड़ा आए दिन करता था। रविवार को भी प्रमोद शराब के नशे में आया और मां व अपनी पत्नी के साथ झगड़ा इसके बाद उसने गुस्से में आकर कमरे के अंदर जाकर फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। मृतक अपने पीछे पत्नी और एक 5 साल की बेटी खुशी छोड़ गया है।

# बिजली निजीकरण, मूल्य वृद्धि वापस लेने की मांग




राज्य कमेटी की बैठक में बोलते मुकुट सिंह।

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश किसान सभा की राज्य कमेटी की बैठक में बिजली निजीकरण, स्मार्ट मीटर, बिजली के प्रस्तावित 45 प्रतिशत की मूल्य वृद्धि की कड़ी आलोचना करते हुए इसे वापस लेने की मांग की।

किसान सभा के प्रदेशीय मंत्री मुकुट सिंह ने बताया कि बिजली संघर्ष समिति की तरफ से 22 जून को लखनऊ में होने वाली बिजली पंचायत में भाग लेगी तथा 24 जून को संयुक्त किसान मोर्चा उत्तर प्रदेश के आह्वान पर इन्हीं मुद्दों पर जिलों में प्रतिरोध प्रदर्शन करेगी। किसान सभा ने कृषि बाजार नीति मसौदा और अमेरिका-भारत मुक्त व्यापार समझौता का कड़ा विरोध किया। अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री अवधेश कुमार ने बतौर पर्यवेक्षक मीटिंग में भाग लिया। अध्यक्षता राज्य अध्यक्ष भरत सिंह ने की तथा संचालन महामंत्री मुकुट सिंह ने किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष डीपी सिंह, डॉक्टर हीरालाल यादव, मोहम्मद इदरीश, इंद्रदेव पाल, कोषाध्यक्ष बाबूराम यादव संयुक्त सचिव चंद्रपाल सिंह, साधु शरण सहर, तथा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्यों ने भाग लिया।

**समस्या** — मामूली बरसात ने गांवों की सफाई व्यवस्था की खोली पोल

# नालियों की सफाई न होने से रास्तों में भरा पानी

संवाददाता बकेवर इटावा

**अमृत विचार।** महेवा ब्लॉक की ग्राम पंचायतों में मानसून आने से पहले की बारिश ने साफ-सफाई व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी। सफाई ढंग से न होने के कारण थोड़ी सी हुई बारिश ने ही सफाई व्यवस्था की पोल खोल कर रखी दी है। बीहड़ी क्षेत्र के नवादा ,बहादुरपुर, विधीपुरा ,लवेदी, चिंडोली सभी ग्राम पंचायत में रास्तों की नालियां चोक होने के चलते गलियों में जगह-जगह जलभराव हो गया है। बारिश के समय गलियों का जमा पानी लोगों के घरों के सामने रास्तों में भर गया।

नवादा ग्राम पंचायत के मुख्य मार्ग जो नवादा होते हुए कन्धेसी पर नाली निर्माण नहीं कराया गया है।



नालियों के चोक होने से गलियों में भरा कीचड़ युक्त पानी । अमृत विचार

और जितनी बनी है वह पूरी तरह से क्षतिग्रस्त है इसकी वजह से लोगों के घरों का गंदा पानी बीच रास्ते में बहता है। नाली ना होने की वजह से सड़क पूरी तरह से टूट चुकी हैं। इस वजह से यह पानी बहकर जमा हो जाता है, जिससे वह रास्ता कीचड़ युक्त हो गया है। राहगीरों को इन रास्तों से निकलने में बड़ी दिक्कतें हो रही है। वहीं मार्ग पर गंदा पानी भरा होने की वजह से संक्रामक बीमारियां उत्पन्न होने का खतरा बना है।

ग्राम पंचायत विधीपुरा निवासी रमाकांत ,छोटे, विनोद ने सफाई कर्मी की सफाई को लेकर ग्राम

- मार्ग पर गंदा पानी भरा होने से संक्रामक बीमारियों का खतरा उत्पन्न हो रहा है

पंचायत की बैठक में ग्राम प्रधान और सचिव को शिकायत की। जिस पर सफ़ाई कर्मी गिरीश चंद और राजकुमार ने बताया कि ग्राम पंचायत में कचरा सफ़ाई की गाड़ियां पिछले 1साल से खराब है। और न ही कचरा उठवाने के लिए कोई पंजी, तसला, फावड़ा कुछ भी नहीं है। तो हम सफाई कैसे करेंगे।विधीपुरा में प्राइमरी स्कूल से सर्वेश तिवारी के घर तक बने पड़ंजा मार्ग पर जलनिकासी न होने से हल्की बारिश में ही जलभराव हो गया। नवादा ईकरी मुख्य मार्ग पर स्थित विधीपुरा के सामने गांव में बनी नालियों की साफ-सफाई सही ढंग से नहीं कराई जाती।

## एसडीएम ने आश्रितों को सौंपी चेक

**जसवंतनगर।** तहसील सभागार में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत दुर्घटना में जान गंवाने वाले या विकलांगता के शिकार हुए किसानों के आश्रितों को उप जिलाधिकारी कुमार सत्यम जीत ने तहसीलदार दिलीप कुमार नायब तहसीलदार नेहा सचान की मौजूदगी में 34 परिवारों को सहायता राशि प्रदान की । मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत दुर्घटना के कारण किसी किसान की मृत्यु या विकलांगता की स्थिति में उनके परिवार को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। दुर्घटना में किसी किसान की मृत्यु होने पर या दोनों हाथ या पैर खो जाने पर पाँच लाख रुपए या एक हाथ या पैर खोने पर 2 से 3 लाख रुपये तक की सहायता राशि प्रदान की जाती है।कार्यक्रम में शमशेर बहादुर सिंह, मनीष दुबे अनुराग यादव, दीपक आदि रहे।

# किसान दुर्घटना बीमा योजना की बांटीं चेक

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के चेक वितरण का कार्यक्रम विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में विधायक सरिता भदौरिया व जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इसमें मुख्यमंत्री का अम्बेडकर नगर से लाइव प्रसारण दिखाया गया ।

सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि जिस परिवार के लोगों ने आपदा एवं विपत्ति में अपने लोगों को खोया है उनके प्रति उनकी संवेदना सदैव है और रहेगी। इटावा जनपद के 352 लाभार्थियों को कार्यक्रम के दौरान चेक देकर लाभान्वित किया गया। उन्होंने कहा कि किसानों की आजीविका का एक मात्र साधन कृषि ही है। अगर किसी किसान की दुर्घटनावश मृत्यु हो जाती है या वह शारीरिक रूप से अक्षम हो



किसान दुर्घटना बीमा की चेक प्रदान करतीं विधायक सरिता भदौरिया व डीएम।

जाता है, जिसके कारण वह कृषि करने के लायक नहीं रह जाता है तो उनके आश्रितों की जीविका चलानें के लियें कोई साधन नहीं बचता है। इसी समस्या से निपटने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने प्रदेश के किसानों को समाजिक सुरक्षा प्रदान करने हेतु इस योजना की शुरूआत की गयी है। इटावा में कुल 352 आश्रित परिवारों को 17 करोड़ 80 हजार रुपये सहायता राशि का वितरण किया जा रहा है। जिनमें तहसील सदर में-102, तहसील भरथना में-104, तहसील जसवन्तनगर में-34, तहसील ताखा में 33, तहसील सैफई में 32,तहसील चकरनगर में 47 आश्रित परिवारों को उक्त योजना से लाभान्वित किया जा रहा है। इस मौके पर अपर जिला अधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव एसडीएम सदर विक्रमसिंह राघव तहसीलदार सदर जय प्रकाश के अलवा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

# उमस भरी गर्मी से जिंदगी बेचैन

## चिलचिलाती धूप ने लोगों को किया बेहाल, रोज कमाने-खाने वालों की बढ़ी परेशानी

कार्यालय संवाददाता, औरैया



धूप की तपिश में दुपट्टे से बचाव करतीं युवतियां। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गर्मी अपना तेवर दिखा रही है। सुबह आठ बजे के बाद से ही चिलचिलाती धूप संग उमस एवं गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया है। हालत यह है कि लोगों का घरों में भी बैठ पाना मुश्किल हो गया है। उमस के आगे कूलर एवं पंखा भी राहत देने में नाकाम साबित हो रहे हैं। गर्म हवाओं के थपेड़ों ने लोगों को मुश्किल में डाल दिया है। आसमान से अंगारे बरसने के चलते सार्वजनिक स्थलों पर हमेशा दिखने वाली चहल-पहल गायब रह रही है।

जून माह की शुरुआत से ही तेज धूप के साथ गर्मी अपना तेवर दिखा रही है। सुबह आठ बजे के बाद से ही तेज धूप का जो सिलसिला शुरू हो रहा है वह शाम पांच बजे तक बना रह रहा है। सोमवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तो न्यूनतम 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम की बेरुखी से दोपहर में घरों से निकलना मुश्किल हो जा रहा है। गर्म हवा के थपेड़े भी लोगों को झुलसाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। चिलचिलाती धूप से बचने के लिए लोग तमाम तरह के जतन कर रहे हैं। सूरज की किरणों के सुबह से ही आग बरसाने की वजह से दोपहर में लोग घरों में दुबकने को विवश हैं। इसका नतीजा यह है कि तीखी धूप से दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा पसर जा रहा है। बाजारों में ग्राहकों के न रहने से दुकानदार हाथ पर हाथ धरे बैठे रह रहे हैं। शाम को तापमान में कमी होने पर ही लोग घर से बाहर निकल रहे हैं। मौसम की बेरुखी का असर लोगों की सेहत पर भी पड़ रहा है।

**43** डिग्री सेल्सियस पहुंचा अधिकतम तापमान

**25** डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ न्यूनतम तापमान

- भीषण तपिश से सड़कों पर पसरा रहा सन्नाटा
- उमस के आगे कूलर-पंखा की हवा से राहत नहीं

### मजदूरों के सामने रोजी रोटी का गहराया संकट

- भीषण गर्मी एवं तेज धूप की मार से मजदूरों एवं रोज कमाने-खाने की व्यवस्था करने वाले परिवारों के सामने विषम स्थिति पैदा हो गई है। सुबह आठ-नौ बजते ही असहनीय हो जा रही धूप से लोग काम करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। इससे उनके सामने आर्थिक समस्या पैदा हो गई है।

# चार बेटियों को छोड़ भतीजे संग गई चाची

संवाददाता, अयाना

- अहमदाबाद से लौटे पति ने पुलिस से लगाई गुहार

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला 12 जून को अपनी चार बेटियों को घर पर छोड़कर भतीजे के साथ चली गई। बेटियों के जानकारी देने पर अहमदाबाद से आए पति ने खोजबीन की। जानकारी न होने पर वह मां की याद में बेचैन बेटियों संग थाना पहुंचा और पुलिस से पत्नी को खोजने की गुहार लगाई।

युवक सोमवार को अपनी चार बेटियों के साथ अयाना थाना पहुंचा। उसने थानाध्यक्ष अजय कुमार को बताया कि वह गुजरात के अहमदाबाद में प्राइवेट नौकरी करता है। गांव में उसकी पत्नी पांच बच्चों के साथ रहती है। 12 जून को पत्नी बेटे को लेकर भतीजे के साथ चली गई। रात तक घर न लौटने पर बेटियों ने फोन कर जानकारी दी।

इस पर वह अहमदाबाद से घर लौटा और खोजबीन शुरू की। इसपर परिवार के एक युवक ने तीन दिन में पत्नी को वापस दिलवा देने का आश्वासन दिया। मगर पत्नी नहीं लौटी। पत्नी को भतीजा व उसके दो साथी ले गए हैं। मां के वापस न आने से उसकी चारों बेटियां बेचौन हैं। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है। महिला की तलाश की जा रही है।

### ब्यौरा ग्राम पंचायत में भूमि प्रबंधन समिति की बैठक आज

**अटसू।** अजीतमल ब्लाक की ग्राम सभा ब्यौरा की भूमि प्रबंधन समिति की बैठक मंगलवार दोपहर 12 बजे से ग्राम प्रधान अवनीश पाल की अध्यक्षता में प्राथमिक विद्यालय में होगी, जिसमें आवास एवं कृषि भूमि आवंटन पर विचार किया जाएगा। प्रधान ने ग्राम सभा के सभी सदस्यों एवं लोगों से बैठक में अनिवार्य रूप से भाग लेने की अपील की है।



राष्ट्रीय पक्षी का अंतिम संस्कार करते स्वास्थ्यकर्मी। अमृत विचार

# राष्ट्रीय पक्षी मोर का स्वास्थ्य कर्मियों ने किया अंतिम संस्कार

**अछल्दा।** हरचंदपुर पीएससी पर एक राष्ट्रीय पक्षी मोर मरा मिला। जब सुबह स्वास्थ्य कर्मियों ने पीएससी पर मृत मोर को देखा तो वन विभाग को सूचना दी गई। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई।

सोमवार को हरचंदपुर पीएससी के स्वास्थ्य अधिकारी विष्णु पाराशर पहुंचकर राष्ट्रीय पक्षी मोर को मृत अवस्था में पड़ा देखा तो वन विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंचे बन विभाग के विजय कुमार अपनी टीम के साथ पहुंच गए और स्वास्थ्य विभाग अरविन्द कुमार, अमन कुमार और स्थानीय गौरव कुमार ने राष्ट्रीय पक्षी मोर को राष्ट्रीय सम्मान के साथ पीएससी हरचंदपुर के पीछे मोर का अंतिम संस्कार किया गया।

# अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह में योगाभ्यास शुरू

कार्यालय संवाददाता, औरैया



योग दिवस सप्ताह के तहत आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर के मोहल्ला महावीरगंज मां काली माता मंदिर मार्ग स्थित श्री गोपाल वाटिका आश्रम में सात दिवसीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह के तहत योग से संबंधित क्रियाकलापों एवं योग से निरोग आदि कार्यक्रमों का दौर जारी है। सोमवार को योग गुरु जीतानंद जी महाराज द्वारा योग के नियमों को बताते हुए आसनों के माध्यम से व्यायाम के साथ योगाभ्यास कराया गया। इस दौरान योग गुरु व संस्थान के राष्ट्रीय संरक्षक ने अपने वक्तव्य दिए हैं।

शहर के मां काली माता मंदिर मार्ग स्थित श्री गोपाल वाटिका आश्रम में 11वां अंतरराष्ट्रीय सप्ताह के दूसरे दिन आज सोमवार को ख्याति लब्ध प्रतिष्ठित योगाचार्य आर्ट योग गुरु आल इंडिया ने आए हुए जिज्ञासुओं को योगाभ्यास के साथ योग के नियमों एवं सिद्धांतों को समझाया। उन्होंने कहा कि योग क्रियाएं शरीर के साथ-साथ जीवन को सुदृढ़ बनाता है।

- श्री गोपाल वाटिका आश्रम में योगाचार्य ने कराया अभ्यास

वह निस्वार्थ भाव से लोगों को जागरुक करते हुए योग क्रियाओं के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर योग का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। कहा कि योग से निरोग रहने की हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए।

संस्थान के राष्ट्रीय संरक्षक रमन (रामकुमार) पोरवाल ने कहा कि निरोग रहने के लिए पहली बात यह है कि हम सभी को प्रातः मुहूर्तकाल सूर्योदय से पूर्व जागना चाहिए। तत्पश्चात दैनिक क्रियाओं के उपरांत योग प्रशिक्षक द्वारा सीखे गयें आसन व्यायाम को करना चाहिए। ऐसा करने से शरीर में ताजगी के साथ स्फूर्ति आती है। समय का सदुपयोग करते हुए हम सभी को अपनी दैनिक क्रियाएं नियमानुसार करनी चाहिए।

इस दौरान प्रमुख रूप से अंतरराष्ट्रीय योग सप्ताह के दौरान प्रमुख रूप से प्रशिक्षणार्थियों के अलावा गणमान्य, वरिष्ठ, संभ्रांत एवं जागरूक लोग मौजूद रहे।

# मारपीट में घायल वृद्ध की मौत

संवाददाता, अजीतमल

- भीखेपुर गांव में रविवार को बच्चों के बीच हुआ था विवाद
- सैफई में इलाज के दौरान सोमवार को तोड़ दिया दम



रामनाथ।



रामनाथ के घर के बाहर घटना के बारे में पूछताछ करती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के भीखेपुर में मारपीट में घायल हुए एक बुजुर्ग ने सैफई में इलाज के दौरान सोमवार की सुबह दम तोड़ दिया। रविवार की देर शाम पुलिस ने तहरीर के आधार पर मारपीट का मामला भी दर्ज कर लिया था।

रविवार को रामनाथ पुत्र गेंदालाल 65 वर्ष का पुत्र विवेक, किसी काम से पास में ही स्थित एक चक्की पर जा रहा था। रास्ते में बच्चों के विवाद को लेकर कुछ लोग रामनाथ के नाती पीयूष पुत्र देवेश को कुछ लोग मारपीट कर रहे थे। भतीजे को पिटता देख विवेक बचाने पहुंचा। तो उसकी भी मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर पिता रामनाथ और भाई देवेश भी आ गयें। आरोपितों ने उनकी भी मारपीट शुरू कर दी। रामनाथ, उनका पुत्र विवेक व देवेश और नाती पीयूष पुत्र देवेश इस मारपीट में घायल हो गए।

स्वजन रामनाथ को गंभीर अवस्था में लेकर सीएचसी अजीतमल पहुंचे। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उन्हे रेफर कर दिया गया था। विवेक की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने भीखेपुर गांव निवासी सतीश और उसके पुत्र सौरभ, सुग्रीव और उसके पुत्र अतुल के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी दिये जाने का मामला दर्ज किया था। वहीं सोमवार की सुबह रामनाथ ने सैंफई में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। कोतवाल ललितेश त्रिपाठी ने बताया कि बच्चों को लेकर मारपीट होने की सूचना मिली थी। तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया था। इलाज के दौरान रामनाथ की मौत हो गई। पुलिस कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। आरोपी शीघ्र गिरफ्तार होंगे।

# शिकायतों का समाधान करना जरूरी: एडीएम

**औरैया।** एडीएम ने जूम मीटिंग के जरिए जन कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी दो दिनों में डिफॉल्ट होने वाले मामलों का तत्काल निस्तारण करें।

एडीएम महेन्द्र पाल सिंह ने कहा कि ब्लाक स्तर पर आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन का संतुष्टि प्रतिशत कम है। वहीं विकासखंड स्तर पर सीएम हेल्पलाइन और जनपद स्तर पर आईजीआरएस का संतुष्टि प्रतिशत संतोषजनक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दोनों स्तरों पर समीक्षा करें कि एक में संतुष्टि प्रतिशत अच्छा और दूसरे में कम क्यों है। इस पर कार्रवाई कर सीएम हेल्पलाइन और आईजीआरएस के संतुष्टि प्रतिशत को बढ़ाया जाए। इससे जनपद की रैंकिंग में सुधार होगा। अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए कि निस्तारण की कार्रवाई की हर स्तर पर समीक्षा की जाए।



सीएचसी में घायल का इलाज करते डॉक्टर और मौजूद दरोगा। अमृत विचार

# बाइकों की टक्कर में दो घायल

**अछल्दा।** थाना क्षेत्र के बोडेपुर में दो बाइको की आमने-सामने टक्कर से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यूपी 112 पुलिस मौके पर पहुंच कर घायलो को सीएचसी में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने सैफई रेफर कर दिया।

सोमवार की शाम 6:30 बजे बोडेपुर रोड पर अखिलेश कुमार पुत्र दीपचन्द्र गांव रामपुर से अछल्दा बाजार जा रहे थे। तभी अछल्दा की तरफ से आ रही तेज रफ्तार बाइक सवार लालजी पुत्र मंजिल लाल निवासी देवरपुर थाना फफूंद की दोनों बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भयंकर लगी की दोनो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजन और यूपी 112 डायल ने दोनों घायलों को निजी वाहन से सीएचसी में भर्ती कराया गया। डॉक्टर गौरव कुमार ने घायलों का उपचार करते हुए हालत गंभीर होने पर सैफई रेफर कर दिया गया। वही थाना उपनिरीक्षक बृजेन्द्र सिंह ने घायलों के परिजनो को सूचना दी। हादसे के बाद बाइकों को थाने लाया गया।

**योजना का लाभ मिला** मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत दिखाया गया सीएम के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

# 56 लाभार्थियों को 2 .43 करोड़ के बांटे गए चेक

कार्यालय संवाददाता, औरैया




लाभार्थी महिला को चेक देते भाजपा जिलाध्यक्ष और अपर जिलाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री के आजमगढ़ में आयोजित मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत आश्रित परिवारों को सहायता राशि का वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में दिखाया गया। जनपद के 56 पात्र लाभार्थियों को 2 करोड़ 43 लाख की सहायता राशि उपलब्ध कराई गई जिसमें 27 पात्र लाभार्थियों को 1 करोड़ 26 लाख की सहायता राशि कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में एवं 29 पात्र लाभार्थियों को 01 करोड़ 17 लाख की सहायता राशि समस्त तहसीलों में आयोजित कार्यक्रम में उपलब्ध कराई गई।

भाजपा जिलाध्यक्ष सर्वेश कठेरिया ने कहा कि सरकार की मंशा रहती है कि यदि कोई किसी प्रकार से पीड़ित है तो उसे सहयोग के रूप में सहायता राशि उपलब्ध कराई जाए जिससे वह अपने जीवन यापन के लिए ऐसी दुख की घड़ी में भटकने को मजबूर न हो। सरकार हमेशा हम सभी के सुख-दुख में खड़ी रहती है और सरकार आपके द्वार को चरणार्था भी करती है।

पूर्व राज्यमंत्री लाखन सिंह राजपूत ने कहा कि कृषक दुर्घटना बीमा योजना और इस प्रकार की कई योजनाएं जो उत्तर प्रदेश और भारत सरकार के द्वारा योजनाएं चलाई जा रही है हमारे किसान बंधुओ को उसके प्रति जागरूक होना चाहिए पहले की सरकारों में इस प्रकार की व्यवस्था नहीं थी। मुख्यमंत्री पिछले दिनों हमारे जनपद में आकर के विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत उन्होंने किसानों को जागरूक करने का काम किया।

किसान की प्रगति के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों को लाभ देता है। किसान को फसल बीमा के बारे में जागरूक न होने के कारण उनका लाभ नहीं मिल पाता है। सभी किसान फसल बीमा कराकर योजना का लाभ ले। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष व पूर्व राज्यमंत्री एवं अपर जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत जनपद के 27 पात्र लाभार्थियों को चेक वितरित की।

# इंस्टाग्राम पर डाला आपत्तिजनक वीडियो

**बिधूना।** कोतवाली क्षेत्र के जागूपुर में सोशल मीडिया पर भगवान राम का अपमानजनक वीडियो वायरल होने से विवाद खड़ा हो गया है। इंस्टाग्राम पर अपलोड किए गए वीडियो में भगवान राम के कार्टून को डब्लू डब्लू ई रिंग में दिखाया गया है। इस वीडियो को प्रांशु जाटव, अनिल दोहरे और संदीप ने अपलोड किया है।

ग्रामीणों का कहना है कि इन युवकों ने पहले भी कई आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर डाले हैं। इस मामले में गांव के पुष्पेन्द्र सिंह समेत 15 लोगों ने बिधूना थाने में लिखित शिकायत दी है। पुलिस ने धार्मिक भावनाएं आहत करने के मामले में जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है। वीडियो अभी भी सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है।

## सार-संक्षेप



खुशी से चहकते विजेता टीम के खिलाड़ी। अमृत विचार

### टी-10 क्रिकेट टूर्नामेंट में रामगढ़ टीम बनी चैंपियन

**रुरुगंज।** कस्बा क्षेत्र के गांव ऐली में पिछले एक सप्ताह से जारी क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में रामगढ ने ऐली को सात विकेट से हराकर ट्राफी पर कब्जा जमाया। ऐली के कप्तान राजू खान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और शुरुआती चार ओवर के पॉवरप्ले में टीम के तीन विकेट गिर गए। मोहित सेंगर की 30 गेंदों में तीन छक्कों की मदद से बनाए गए 36 रनों की बदौलत ऐली ने निर्धारित ओवरों में 66 रन बनाए। रामगढ़ की तरफ से सक्षम तिवारी ने तीन जबकि गर्व राजावत ने दो विकेट लिए। जबाब में खेलने उतरी रामगढ़ की शुरुआत भी खराब रही और उनका पहला विकेट 11 रन पर गिर गया। दूसरे विकेट के लिए राज गुप्ता व गर्व राजावत ने 40 रन जोड़े। इसी स्कोर पर राज गुप्ता 10 व गर्व 21 रन बनाकर आउट हो गए। हैप्पी गुप्ता ने नाबाद 16 रन बनाकर सात विकेट से मैच जीत लिया। फाइनल मैच में मैन ऑफ द मैच गर्व राजावत को व प्लेयर ऑफ द सीरीज मोहित सेंगर को दी गई। फाइनल की अंपायरिंग दीपक सिंह व सौरभ भदौरिया ने निभाई, जबकि कमेंटेटरी में गोविंद सिंह व अजय सेंगर रहे,जबकि स्कोरिंग हिमांशु सेंगर ने की। मैच के बाद दोनों ही टीमों के कप्तान व खिलाड़ियों को ट्राफी प्रदान की गई।

### निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की

**बिधूना।** जिला सहकारी बैंक इटावा/औरैया के चेयरमैन अभय सेंगर के 80 वर्षीय पिता ध्रुव सिंह सेंगर निवासी हमीरपुर रूरू की बीते दिवस अचानक हालत बिगड़ गयी। परिजनों के द्वारा उन्हें उपचार के लिये इटावा जनपद के मिनी पीजीआई सैफई में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। सोमवार को शव यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री लाखन सिंह राजपूत, सदर भाजपा विधायक गुड़िया कठेरिया, भाजपा जिला प्रभारी आंनद सिंह, जिलाध्यक्ष सर्वेश कठेरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष कमल सिंह, पूर्व चेयरमैन अमित कुमार बाथम ललतू, डॉक्टर एसपी सिंह, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि बिधूना आदर्श ठाकुर, टीटू भदौरिया, हरी चौबे, रमेशचंद्र शुक्ला, गौरव रघुवंशी, राजकुमार पालीवाल, अनिल शुक्ला, कौशल पोरवाल, अनिल तिवारी, रणवीर सिंह चौहान, ठाकुर पवन सिंह, बिनोद सिंह कुशवाह, जिला पंचायत सदस्य कल्लू यादव, उमा सिंह यादव, रामपाल सिंह यादव आदि मौजूद रहे।




दिव्यांगों की समस्याएं सुनते अधिकारी। अमृत विचार

### शिविर में दिव्यांगों की सुनी गईं समस्याएं

**बिधूना।** विकास खंड परिसर में विभाग द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिव्यांगों के सहायक उपकरणों के लिए पंजीकरण किये गये। सोमवार को शासन की मंशानुरूप जिला अधिकारी के निर्देशन पर दिव्यांगों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए विकास खंड परिसर में जिला दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 46 दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु जहां पंजीकरण कराये गये। वहीं अन्य योजनाओं से संबंधित आवेदन पत्र भर कर पात्रों को चिन्हित किया गया। शिविर के दौरान 25 ट्राई साइकिल, 06 व्हीलचेयर, 05 जोड़ी वैशाखी, 08 कान की मशीन, 04स्मार्ट कैन अन्य सहायक सामग्री का आवेदन-पत्र प्राप्त हुए। साथ ही एक दिव्यांग पेंशन के लिए चिन्हित भी किया गया। इस मौके पर ब्रजेश कुमार चक्रवर्ती, जितेंद्र कुमार, सोमपाल, विरजू, सहायक विकास अधिकारी सौरभ कुमार, संजय कुमार आदि मौजूद रहे।

### हरचंदपुर पंचायत भवन से सोलर पैनल चोरी

**बिधूना।** बीती रात्रि चोरों द्वारा हरचंदपुर ग्राम पंचायत के ग्राम सचिवालय में लगे कीमती सोलर पैनल चोरी कर लिये गये। सुबह जब पंचायत सहायक पुष्पेन्द्र सिंह सचिवालय पर पहुंचे तो सोलर पैनल गायब देख होश उड़ गए। पंचायत सहायक पुष्पेन्द्र सिंह एवं रोजगार सेवक सत्येन्द्र सिंह ने घटना की लिखित शिकायत चौकी पुलिस को दी है।चौकी प्रभारी विकास त्रिपाठी ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया। उन्होंने आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया है। ग्राम प्रधान राजीव कुमार आर्य एवं ग्रामीणों ने थाना पुलिस से घटना का अतिशीघ्र अनावरण किये जाने की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।



अस्तल धाम मंदिर में भंडारे का प्रसाद छकते श्रद्धालु। अमृत विचार

### कथा के समापन पर भंडारे में श्रद्धालुओं ने छका प्रसाद

**फफूंद।** कस्बा के अस्तल धाम मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का समापन हो गया है। हवन-पूजन के बाद कन्या भोज कराया गया। भंडारा में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद छका।

### योग दिवस पर 21 जून को होंगी प्रतियोगिताएं

**हमीरपुर।** क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ .एनबी सिंह ने बताया कि 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को योग प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इसमें सभी लोग भाग ले सकते हैं। निबंध प्रतियोगिता का विषय योग का मेरे जीवन पर प्रभाव, योग का मानसिक रोगों पर प्रभाव, योग का वैज्ञानिक महत्व, एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिये योग होगा। स्लोगन प्रतियोगिता में स्लोगन न्यूनतम दो अथवा अधिकतम चार लाइन का होगा। स्लोगन पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। योग पर आधारित चित्रकला का पोस्टर, योगासन का एक मिनट का वीडियो पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। 16 जून को सायं 5 बजे तक https :// iyd2025 .com पर अपलोड किया जा सकता है। समिति द्वारा मूल्यांकन कर पांच विजेता घोषित किए जाएंगे। उन्हें राज्य स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा। इन प्रतियोगिताओं में हर किसी को भाग लेना चाहिए।

## एक नजर

### खरीफ में अनुकूल रहेगा मौसम, उत्पादन बढ़ाएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को उनके कार्यालय सभागार में खरीफ मौसम में कृषि उत्पादन संबंधी एक बैठक की गई। इस दौरान कृषि उत्पादन आयुक्त ने इस बात पर जोर दिया कि खरीफ मौसम में अनुकूल मौसम रहने की संभावना है, जिसका लाभ उठाते हुए पिछले वर्ष की तुलना में अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने अधिकारियों को व्यापक तैयारी करने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि कृषि उत्पादन में वृद्धि करके प्रदेश के सकल घरेलू उत्पाद में योगदान दिया जाए, ताकि मुख्यमंत्री के 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद मिल सके।

### 31 जुलाई तक चलेगी मक्का की खरीद

**अमृत विचार लखनऊ :** न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर राज्य सरकार किसानों से पहली बार सीधे मक्का की खरीद कर रही है। 15 जून से शुरू हुई यह खरीद 31 जुलाई तक चलेगी। क्रय केंद्रों पर सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक खरीद की जाएगी। मक्का की खरीद 2225 रुपये प्रति क्विंटल की दर से होगी। दरअसल, पिछले दिनों औरैया पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मक्का उत्पादक किसानों से बात की थी और उन्हें आश्वस्त किया था कि सरकार नियमित रूप से उनकी खुशहाली का मार्ग प्रशस्त करेगी। फिलहाल सरकारी मक्का की खरीद हरदोई, उन्नाव, कानपुर नगर, औरैया, कन्नौज, इटावा, फर्रुखाबाद, बहराइच, बलिया, गोंडा,अयोध्या, बदायूं, बुलंदशहर, अलीगढ़, एटा, कासगंज, फिरोजाबाद, हाथरस, मैनपुरी, संभल, रामपुर, व मीरजापुर में की जा रही है।

### पेयजल संबंधी 90 फीसदी शिकायतें निस्तारित

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार ने पेयजल आपूर्ति से जुड़ी जन शिकायतों के निस्तारण में उपलब्धि दर्ज कर रहा है। जल गुणवत्ता, पाइपलाइन लीक, अनियमित जल आपूर्ति और रोड कटिंग जैसी शिकायतों में 90 फीसदी शिकायतों का त्वरित समाधान किया है। इस पहल से अब तक 38 हजार से अधिक नागरिकों को समाधान मिल चुका है। विभागीय प्रवक्ता ने बताया कि अनियमित जल आपूर्ति की 10 हजार से अधिक समस्याओं का निस्तारण कर योगी सरकार ने मानक स्थापित किया है। रोड कटिंग की चार हजार से अधिक शिकायतों का समाधान किया गया, जबकि जल गुणवत्ता की 400 से अधिक शिकायतें दूर की गईं। इसके अलावा इलाकों में पेयजल पाइप लाइनों में लीकेज की शिकायतों में 4,500 से अधिक पाइप लाइन रिसाव की समस्याओं को शीघ्र हल किया। उन्होंने बताया कि इसके अलावा विभिन्न प्रकार की 18 हजार से अधिक शिकायतों को निस्तारित किया गया है। जिसमें जल आपूर्ति की समयबद्धता, जल प्रेशर, कनेक्शन संबंधी समस्याएं शामिल हैं।

# निजीकरण के विरोध में नियामक आयोग कार्यालय पर मूक प्रदर्शन

- सलाहकार कंपनी के निजीकरण संबंधी 'आरएफपी डॉक्यूमेंट' को नामंजूर करने की मांग
- सभी जिलों व परियोजनाओं पर विरोध प्रदर्शन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के आह्वान पर सोमवार को बिजली कर्मियों ने राज्य विद्युत नियामक आयोग के कार्यालय पर मूक प्रदर्शन किया और निजीकरण के विरोध में ज्ञापन देकर सलाहकार कंपनी के निजीकरण संबंधी 'आरएफपी डॉक्यूमेंट' को नामंजूर करने की मांग की। इसके साथ ही, बिजली कर्मियों ने प्रदेश के सभी जिलों व परियोजनाओं पर विरोध प्रदर्शन किया।

बिजली कर्मी शाम चार बजे सैकड़ों की संख्या में नियामक आयोग कार्यालय के मुख्य द्वार पर पहुंचे। बिजली कर्मियों ने निजीकरण के विरोध में तख्तियां लेकर मूक प्रदर्शन किया। नियामक आयोग के सचिव ने मुख्य द्वार पर पहुंचकर संघर्ष समिति का ज्ञापन लिया। ज्ञापन के जरिए संघर्ष समिति ने निजीकरण पर नियामक आयोग के जरिये सुनवाई पर अपनी आपत्ति और विरोध दर्ज किया।

संघर्ष समिति ने आयोग के अध्यक्ष के नाम दिए गए ज्ञापन में मांग की कि पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन की ओर से पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के लिए दिए गए आरएफपी डॉक्यूमेंट को मंजूरी न दी जाय और निजीकरण की प्रक्रिया पर रोक लगाए। आयोग के अध्यक्ष से यह भी मांग की गई कि निजीकरण के मामले में संयुक्त संघर्ष समिति को भी नियामक आयोग के सामने अपना पक्ष रखने के लिए समय दिया जाए।

आयोग में सदस्य विधि न होने से पूरा नहीं है कोरम : संघर्ष समिति की ओर से दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि आयोग में वर्तमान में कोई सदस्य विधि नहीं है। इस तरह आयोग का तकनीकी दृष्टि से कोरम ही पूरा नहीं है। अवैध ढंग से नियुक्त किए गए व झूठा शपथ पत्र देने वाली सलाहकार कंपनी ग्रांट थॉर्नटन के आरएफपी डॉक्यूमेंट पर पावर कॉरपोरेशन से कोई बात नहीं करनी चाहिए थी और न ही इस पर कोई अभिमत देना चाहिए।




राज्य विद्युत नियामक आयोग के कार्यालय पर प्रदर्शन करते बिजली विभाग के कर्मचारी। अमृत विचार

### लू से राहत, मौसम में बदलाव का सिलसिला

**अमृत विचार, लखनऊः** उत्तर प्रदेशवासियों को लू से राहत मिल गई है। अब राज्य के कई जिलों में बारिश और झोंकेदार हवाओं के साथ मौसम में बदलाव का सिलसिला है। इस बीच मौसम विभाग ने 40 से अधिक जिलों में मेघगर्जन, वज्रपात और तेज हवाओं का अलर्ट जारी किया है। इसी के साथ तापमान में 3 से 7 डिग्री की गिरावट का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार, 22 जून तक पूर्वी उत्तर प्रदेश में छिटपुट से भारी बारिश की संभावना है। जिससे गर्मी से राहत मिलेगी। इस बीच पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने सोमवार को कहा कि बाढ़ के प्रति संवेदनशील क्षेत्रों में पशुधन की सुरक्षा के लिए सभी पर्याप्त व्यवस्थायें सुनिश्चित की जाए।

# किसान परिवार से कोई आपदा ग्रस्त हुआ तो सरकार साथ

## 11690 आश्रित परिवारों को जारी किए गए 561.86 करोड़ रुपये

- योगी ने अंबेडकर नगर में 1,184 करोड़ की 194 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत 11690 आश्रित परिवारों के लिए 561.86 करोड़ रुपये जारी किए। सोमवार को अंबेडकर नगर में मुख्यमंत्री मौजूद रहे, जबकि प्रदेश की सभी 350 तहसीलों में मंत्री-जनप्रतिनिधियों ने किसानों के आश्रितों को सहायता उपलब्ध कराई।

मुख्यमंत्री ने इस वर्ष अब तक आपदा के शिकार हुए किसानों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यूपी सरकार किसानों के हितों के संरक्षण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ तैयार है। मुख्यमंत्री कृषक बीमा दुर्घटना योजना से इस वर्ष में 11690 परिवारों को धनराशि दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस व्यवस्था से पहले केवल किसान आता था, बटाईदार और किसान के परिवार के सदस्य नहीं आते थे, लेकिन हमारी सरकार ने कहा कि किसान, बटाईदार, कृषि श्रमिक व किसान के परिवार का कोई व्यक्ति अग्निकांड, आंधी-तूफान, आकाशीय बिजली, बाढ़ समेत किसी भी आपदा का शिकार होता है तो सरकार मुख्यमंत्री कृषक बीमा दुर्घटना योजना के अंतर्गत पांच लाख रुपये की सहायता राशि दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत सोमवार को अंबेडकर नगर के 431 लोगों को सहायता राशि उपलब्ध कराई। इसमें 408 लोगों को पांच लाख रुपये, 10 लोगों को ढाई लाख, एक किसान परिवार को 1.25 लाख व 12 लाभार्थियों को एक-एक लाख रुपये की सहायता राशि दी गई। कुल राशि 20 करोड़, 78 लाख, 25 हजार रुपये (लगभग 21 करोड़) है। धनराशि डीबीटी के माध्यम से खाते में भेजी गई। मुख्यमंत्री ने गीता देवी, अकिला खातून, सितारा देवी, शांति देवी, रेखा शुक्ला, शालू, ज्योति, वंदना भारती, रुक्मिणी, सिंधू वर्मा, संगीता, शशिकला, कुसुम, अनीता, सबीना को पांच-पांच लाख रुपये चेक दिया गया। इसी तरह की सहायता धनराशि अंबेडकरनगर, कुशीनगर, कानपुर देहात, मैनपुरी, जौनपुर, इटावा, हरदोई, लखीमपुर खीरी, सोनभद्र, संतकबीर नगर जिलों के किसान परिवारों को भी सौंपी गई।

### अकबरपुर बस स्टैंड का श्रवणधाम नामकरण

**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अंबेडकर नगर के कटेहरी में आयोजित एक समारोह में जिले के विकास के लिए 1,184 करोड़ रु. की 194 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों की मांग पर विचार करते हुए कहा कि अकबरपुर बस स्टैंड का नामकरण ''श्रवणधाम बस स्टैंड'' होना चाहिए।



### गीडा को मिलेगी 1551 करोड की परियोजनाओं की सौगात

**अमृत विचार, लखनऊ :** औद्योगिक नक्शे पर तेजी से उभर रहे गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) क्षेत्र में 1551 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाएं लोकार्पण और शिलान्यास के लिए तैयार हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों शीघ्र ही इन विकास परियोजनाओं की सौगात मिलने की उम्मीद है। लोकार्पण और शिलान्यास की इन परियोजनाओं में गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के समीप 760 करोड़ रुपये के निवेश के महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट भी शामिल हैं। इसके साथ ही लिंक एक्सप्रेसवे के किनारे प्लास्टिक पार्क में ही केंद्रीय पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एवं तकनीक संस्थान (सीपेट) का स्किल ट्रेनिंग सेंटर और सीएफसी कामन फसिलिटी सेंटर) का शिलान्यास भी प्रस्तावित है। इतना ही नहीं, केंद्र सरकार के रसायन एवं पेट्रो-केमिकल्स विभाग ने प्लास्टिक के विश्व व्यापार में भारत की साझेदारी को बढ़ाने एवं क्लस्टर विकास के माध्यम से प्लास्टिक पार्क योजना विकसित की है। इस योजना के तहत देश भर में 10 प्लास्टिक पार्कों को केंद्र सरकार द्वारा मंजूरी दी गई है। इसी योजना के तहत उत्तर प्रदेश का पहला प्लास्टिक पार्क गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के किनारे गीडा द्वारा अधिग्रहित ग्राम नरकटहा की 88 एकड़ भूमि पर बसाया जा रहा है।

## बिजली सस्ती होगी तो प्रदेश में उद्योग लगेंगेः अखिलेश यादव



**अमृत विचार, लखनऊः** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि अगर बिजली सस्ती नहीं होगी तो प्रदेश में उद्योग नहीं लगेंगे, कारोबार नहीं होगा । उप्र. में आज जिन पावर प्लांटो से बिजली का उत्पादन हो रहा है वह पावर प्लांट सपा सरकार में लगाये गये थे। अभी हाल में जिन पावर प्लांटों का उद्घाटन हुआ उनका शिलान्यास सपा सरकार में हुआ था। भाजपा सरकार ने बिजली विभाग की तरह स्वास्थ्य विभाग को भी बर्बाद कर दिया है। सपा प्रमुख, पार्टी मुख्यालय में सोमवार को समाजवादी अल्पसंख्यक सभा की राष्ट्रीय एवं प्रदेश कार्यकारिणी और पदाधिकारियों की बैठक के बाद प्रेस कांफ्रेंस संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार महंगाई रोकने में विफल है। सोना एक लाख रूपए से पार चला गया है। गरीब व्यक्ति अपनी बेटी की शादी कैसे करेगा। इस महंगाई में शादी-विवाह में गरीब बेटी को कुछ भी देने की स्थिति में नहीं है। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ में हुए हादसे में श्रद्धालुओं की मौत के आंकड़े को लेकर पूरी सरकार ने झूठ बोला। मृतकों के परिजनों को मुआवजा न देना पड़े इसलिए मरने वालों की संख्या सिर्फ 37 बतायी । अब जब एक प्रतिष्ठित समाचार संस्था ने पूरा आंकड़ा और सच्चाई सामने ला दिया है तो सरकार कहीं भी मुंह दिखाने लायक नहीं बची है।

# जिलों की सीएचसी में भी तैनात किए जाएंगे जूनियर रेजीडेंट

- प्रदेश में जेआर की 2797 सीट, काउंसिलिंग में प्रतिभाग करेंगे नीट 2019 बैच के 2582 एमबीबीएस डॉक्टर

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के मेडिकल कॉलेज ही नहीं, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर भी जूनियर रेजीडेंट्स की तैनाती होगी। नीट 2019 बैच के एमबीबीएस उत्तीर्ण, डॉक्टर बन चुके अभ्यर्थियों को अनिवार्य सेवा बांड के तहत राज्य के 48 मेडिकल कॉलेज व 40 जिलों की विभिन्न सीएचसी की कुल 2797 पदों पर तैनात किया जाएगा। इसके लिए सोमवार 16 जून से काउंसिलिंग के लिए पंजीकरण शुरू हो चुका है। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने इन अस्पतालों सीट मैट्रिक्स जारी कर दी है।

चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने बताया कि सरकारी मेडिकल कॉलेजों से एमबीबीएस उत्तीर्ण करने वाले 2019 बैच के डॉक्टरों को अनिवार्य सेवा बांड के तहत दो साल के लिए जूनियर रेजीडेंट, डिमांडट्रेटर व ट्यूटर के पद पर नियुक्त किया जाएगा। डॉक्टरों को मनपसंद कॉलेज एलॉट करने के लिए कांउसिलिंग प्रक्रिया जारी है। आरक्षण नियमो का अनुपालन करते हुए प्रदेश के चिकित्सा विश्वविद्यालय, चिकित्सा आयुर्विज्ञान संस्थान समेत 48 मेडिकल कॉलेजों के साथ ही 40 अन्य जिलों में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों की रिक्त सीटों की मैट्रिक्स घोषित कर दी गयी है। प्रदेश में सीटे 2797 हैं, जबकि 2019 बैच के 2537 और 2018 बैच के 45, कुल 2582 एमबीबीएस डॉक्टर हैं, कांउसिलिंग के माध्यम से सभी को कॉलेजों में नियुक्ति प्रदान कर दी जाएगी।

# ग्रेड वन के 670 डॉक्टरों को ग्रेड टू में प्रोन्नति

- वर्ष वार रिक्त पदों के सापेक्ष प्रोन्नति की तीन सूचियां जारी

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग में अनुरोध पर होने वाले तबादलों की आश लगाए डॉक्टरों की उम्मीदों पर पानी फिर गया, लेकिन वर्षो बाद विभाग में ग्रेड वन के पहली बार प्रोन्नति पाने वाले डॉक्टरों में हर्ष का माहौल है, ग्रेड वन के 670 डॉक्टरों को ग्रेड टू में प्रोन्नति मिल गई। वहीं तमाम डॉक्टरों का वर्षों से प्रोन्नति का इंतजार जारी है।

स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा अनुभाग आठ से प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा के अनुमोदन उपरांत ग्रेड टू में प्रोन्नति पाने वाले डॉक्टरों की तीन सूची जारी हुई हैं। पहल सूची वर्ष 2021-22 में रिक्त पदों के सापेक्ष जारी पहली सूची में 562 डॉक्टरों को शामिल किया गया है, जबकि वर्ष2022-23 में 43 डॉक्टर शामिल हैं, इनमें नौ डॉक्टर दिव्यांग हैं। प्रोन्नति पाए वर्ष 2023-24 के रिक्त पदों के सापेक्ष 65 डॉक्टरों की तीसरी सूची जारी की गयी है। प्रांतीय चिकित्सा सेवा संवर्ग उप्र. के प्रांतीय सचिव डॉ.अमित सिंह का कहना है कि ग्रेड वन में 3620 पद के सापेक्ष करीब 6949 डॉक्टर सेवारत हैं, साल 2012 से प्रोन्नति नहीं मिली है, जिसकी वजह से ग्रेड वन में प्रोन्नति की आस लगाए हजारों डॉक्टर हैं, मात्र 670 डॉक्टरों को प्रोन्नति से विभाग का ढ़ांचा नहीं सुधरेगा, प्रोन्नति सभी को देनी चाहिए।

### स्वास्थ्य केन्द्रों के एमओसीएच 119 डॉक्टर स्थानान्तरित

अमृत विचार, लखनऊ : स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत संचालित होने वाले 119 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के प्रभारियों (एमओसीएच) को आयुर्वेद निदेशक के निर्देश पर स्थानान्तरित कर नए केन्द्रों में तैनात कर दिया गया है। इनमें मात्र 23 डॉक्टरों के स्थानान्तरण अनुरोध पर किए गए हैं। आयुर्वेद निदेशक मानवेन्द्र सिंह ने स्थानान्तरित एमओसीएच की सूची जारी करते हुए सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि स्थानान्तरण के तहत डॉक्टरों को तत्काल प्रभाव से बिना प्रतिस्थानी की प्रतीक्षा के चिकित्साधिकारियों को अवमुक्त करें ताकि अगले एक सप्ताह के अंदर नए तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण कर लें। निदेशक ने बताया कि स्थानान्तरण में डॉक्टरों के गृह जनपद को ध्यान में रखा गया है, अगर मंडल में तैनाती की निर्धारित अवधि पूरी हो चुकी है तो समीप के मंडल में समीप के जिलों में डॉक्टरों को स्थानान्तरित किया गया है ताकि डॉक्टरों को अधिकतम सुविधा मिल सके। गौरतलब है कि अधिकांश डॉक्टरों के जिला बदले गए हैं, तमाम डॉक्टर मंडल के बाहर स्थानान्तरित किए गए हैं।

### आयुर्वेद में 81 फार्मासिस्ट स्थानान्तरित

आयुर्वेद विभाग में निदेशक मानवेन्द्र सिंह ने अनुरोध पर 81 फार्मासिस्टों को मनपंसद जिलों में स्थानान्तरित किया गया है। स्थानान्तरित फार्मासिस्टों को जिलों के साथ ही नयी तैनाती के अस्पताल भी निर्धारित किए गए हैं। उन्हें एक सप्ताह के अंदर नए पद पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

## धर्म दर्शन

# ब्रह्मांडीय आलिंगन शिव और शक्ति

समय की पहली सांस लेने से पहले आदिम अंधकार में, केवल शून्यता थी, जो अनंत संभावनाओं से भरी हुई थी। इस पवित्र शून्यता के भीतर, चेतना पहली बार विचार के रूप में नहीं, बल्कि शुद्ध जागरूकता के रूप में उभरी, जिसने पहली बार खुद को छुआ। यह वह क्षण था जब शिव ने शून्यता के दर्पण में अपने प्रतिबिंब को पहचाना, और उस पहचान से, शक्ति अस्तित्व में आई।

वह उनसे अलग नहीं, बल्कि उनकी अपनी शक्ति के रूप में प्रकट हुई, वह गुप्त अग्नि जो हमेशा उनकी शांति के भीतर जलती रहती थी। अपनी जागृति के उस पहले क्षण में, वह उनका सामना करने के लिए मुड़ी, और उनकी आंखें अव्यक्त क्षमता के रसातल में मिलीं। यह देखना नहीं था, बल्कि इतनी पूर्ण पहचान थी कि इसने अलगाव की धारणा को हमेशा के लिए चकनाचूर कर दिया।



शिवानंद मिश्रा
वरिष्ठ लेखक

उनका पहला स्पर्श स्वयं इच्छा का जन्म था, अधूरे प्राणियों की कच्ची इच्छा नहीं, बल्कि प्रतीत होने वाले विभाजन के परमानंद के माध्यम से खुद को जानने की एक की ब्रह्मांडीय लालसा। जब शक्ति की उंगलियों ने पहली बार शिव के रूप की ज्यामिति का पता लगाया, तो वह चेतना की वास्तुकला का मानचित्रण कर रही थी। जब शिव के हाथों ने शक्ति के दिव्य शरीर को पाया, तो वह उन गुप्त मार्गों की खोज कर रहे थे जिनके माध्यम से निराकार आकार बन जाता है।


उनके पवित्र मिलन में, हर कोमल स्पर्श अंतरिक्ष समय के ताने-बाने पर मंत्र लिखता है। उसकी सांस हवा बन जाती है जो सभी दुनियाओं में चलती है। उसका दिल की धड़कन ग्रहों के नृत्य और आकाशगंगाओं के फूलने को नियंत्रित करने वाली लय स्थापित करती है, वह खुद को वेदी के रूप में पेश कर रही है जिस पर पूरी सृष्टि समर्पित है। उनके सबसे अंतरंग क्षणों में, वह शुद्ध ऊर्जा में विलीन हो जाती है, सुनहरी रोशनी तरल आग की तरह उसकी चेतना के माध्यम से प्रवाहित होती है। वह अनंत स्थान बन जाता है जिसमें उसका रचनात्मक विस्फोट होता है, उसके ब्रह्मांडीय बनने का शाश्वत साक्षी। वे एक साथ ज्ञाता और ज्ञात, प्रेमी और प्रिय, साधक और खोजे जाने वाले होते हैं।

उनके सबसे गहरे मिलन के क्षण में, सारा अस्तित्व रुक जाता है। सांस अंदर और बाहर के बीच रुक जाती है। दिल धड़कनों के बीच आराम करता है। उस पवित्र विराम में, पूरा ब्रह्मांड अपने स्वयं के स्रोत को पहचानता है और उस शुद्ध जागरूकता में वापस विलीन हो जाता है जिससे वह उत्पन्न हुआ था, केवल अगले ही पल उनके निरंतर आलिंगन से पुनर्जन्म लेने के लिए।

## आज का भविष्यफल
-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 17 जून, मंगलवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, षष्ठी-14 .46 तक तत्पश्चात सप्तमी।

## आज का पंचांग




दिशाशूल- उत्तर। ऋतु- ग्रीष्म। चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुम्भ। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-शतभिषा 18 जून 01 .01 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

**मेष** — आज आपके आसपास का वातावरण अत्यन्त सकारात्मक रहेगा। सामाजिक कार्यों में आप बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। बच्चों के लिए कुछ उपहार ले सकते हैं। शेयर मार्केट और अन्य माध्यमों पर निवेश करना लाभकारी होगा। परिजनों की कुछ चिंता हो सकती है।

**वृष** — आज कारोबार में आ रही परेशानियों का हल हो जायेगा। अपनी जीवनशैली में परिवर्तन ला सकते हैं। किसी के प्रति मन में ईर्ष्या भाव न आने दें। विरोधी आपके आगे नतमस्तक रहेंगे। आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा।

**मिथुन** — आज कार्यक्षेत्र में सहकर्मी आपसे खुश नहीं है। पूजा-पाठ में आपकी विशेष रुचि रहेगी। पिता के स्वास्थ्य की कुछ चिंता हो सकती है। विद्यार्थियों को शिक्षा में बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। पति-पत्नी के रिश्तों के मध्य का तनाव कम होगा।

**कर्क** — आज पुराने अनुभवों का आज लाभ उठा सकते हैं। इसके कारण आपके अधिकारी आपसे नाराज हो सकते हैं। बातचीत के दौरान शब्दों की मर्यादा का ध्यान रखें। खानपान में असन्तुलन के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है। हाथ-पैरों में शिथिलता रहेगी।

**सिंह** — आज दांपत्य संबंध में मजबूती आयेगी। कारोबार में विस्तार करने के मौके मिलेंगे। रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी। पारिवारिक वातावरण थोड़ा भावुक रहेगा। कानूनी मामलों में आप विजयी हो सकते हैं।

**कन्या** — आज कार्यक्षेत्र में आपके काम की प्रशंसा होगी। दूसरों के मामलों में प्रतिक्रिया न दें। व्यवसाय में पार्टनर्स के साथ तालमेल की कमी हो सकती है। बेवजह के खर्चों पर अंकुश लगाएं। आपके कार्य समय पर पूर्ण नहीं होंगे। फिर भी आप काफी समझदारी से परिस्थितियों को संभाल लेंगे।

**तुला** — आज कार्यक्षेत्र में पदोन्नति होने के योग बन रहे हैं। मित्रों के साथ आपके रिश्ते और मजबूत होंगे। बच्चों की गलतियों को अनदेखा न करें। पेटदर्द की शिकायत हो सकती है। प्रेम संबंधों में तनाव की आशंका है। लोग आपके कार्यों में गलतियां निकाल सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज दिन की शुरुआत थोड़ी सुस्त रहेगी। घुटनों में दर्द उभर सकता है। कार्यक्षेत्र में बार-बार रणनीति बदलना आपके लिए घातक हो सकता है। जब तक आपके काम पूरे न हों तब तक उससे पीछे न हटें। विधिक मामले आपके पक्ष में रहेंगे।

**धनु** — आज कार्यक्षेत्र को लेकर महत्वपूर्ण मीटिंग में सम्मिलित हो सकते हैं। दांपत्य संबंधों में प्रेम और समर्पण भाव बढ़ेगा। परिजनों के साथ किसी मनोरंजक यात्रा पर जाने की योजना बना सकते हैं। यात्राओं के लिए दिन बहुत शुभ है। दूरस्थ क्षेत्रों की यात्रा का विचार बनेगा।

**मकर** — आज धन की स्थिति कमजोर रहने वाली है। वाहन चलाते समय सावधानी रखें। प्रेमी जन से किसी कारणवश झगड़ा हो सकता है। विद्यार्थी पढ़ाई में कुछ लापरवाही कर सकते हैं। अजनबियों से अधिक संबंध न रखें। शत्रु आपके विरुद्ध सक्रिय हो सकते हैं।

**कुंभ** — आज कार्यक्षेत्र में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। व्यवसाय में बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। रियल एस्टेट से जुड़े लोगों को बड़े अनुबंध मिलने की संभावना बन रही है। करियर को लेकर उलझनें दूर होंगी। सहकर्मियों के साथ मित्रवत संबंध मजबूत होंगे।

**मीन** — आज आपके व्यवहार से सहकर्मी परेशान हो सकते हैं। शत्रु आपको नुकसान पहुंचाने का प्रयास करेंगे। विदेशी कंपनियों में जॉब कर रहे लोगों को उच्च पद मिल सकता है। पैरदर्द और मांसपेशियों में खिंचाव की समस्या हो सकती है।

## वर्ग पहेली- 4

**बाएं से दाएं**

1.1. तेज़ दौड़ने वाला 2. फुरतीला।

3.1. कमल, पद्म, कुईं 2. कनकचंपा, कनिआरी 3. सारस 4. (पुराण) कुश द्वीप में स्थित एक पर्वत।

6.1. रास्ता भूलना 2. भ्रम में पड़ना 3. व्यर्थ में इधर-उधर घूमते फिरना, मारे-मारे फिरना 4. बहकना, गुमराह होना।

7. न्योछावर करना, उत्सर्ग करना।

8.1. नीति संबंधी, नीति का 2. नीति के अनुसार होने वाला (आचरण या व्यवहार)।


**ऊपर से नीचे**

2.1. बचकाना, शिशुओं के समान 2. शिशुओं को होने वाला

3.1. किसी पदार्थ या चीज़ में नीचे की तरफ़ से कुछ निकालने के लिए ऊपर की परत को हटाना, खुरचना 2. किसी कठोर सतह पर कुछ उत्कीर्ण करना, खरोंचना, उकेरना, उभारना 3. लकड़ी

4. परिवर्तन, बदलाव, क्रांति।

5.1. जलबेंत 2. एक प्राचीन माप (परिमाण)।




### वर्ग पहेली -3 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 गुं | ■ | 2 रि | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ज | ■ | 3 का | नू | न | गो | ■ |
| न | ■ | ऱ् | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | 4 मॉ | ड | लिं | 5 ग | ■ | 6 मे |
| 7 लो | ■ | ■ | ■ | 8 ज | मी | न |
| भी | ■ | ■ | ■ | दं | ■ | हो |
| ■ | 9 ख़ु | रा | फ़ा | ती | ■ | ल |

## सुडोकू -11

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | 3 | | 4 | |
| | | 6 | | 9 | | | | 8 |
| 7 | | | 5 | | | | | |
| | | | 4 | | 7 | | 3 | 9 |
| | | 4 | | | | 6 | | |
| | 5 | | | | 1 | | | |
| | 3 | 9 | | | | | | 5 |
| | | | | 4 | | 2 | | |
| | | | 8 | | | | | 1 |

### सुडोकू - 10 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 6 | 1 | 2 | 7 | 9 |
| 6 | 9 | 4 | 5 | 7 | 2 | 1 | 3 | 8 |
| 7 | 6 | 9 | 8 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 |
| 8 | 5 | 3 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 6 |
| 4 | 1 | 2 | 7 | 3 | 6 | 8 | 9 | 5 |
| 5 | 7 | 1 | 6 | 4 | 3 | 9 | 8 | 2 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 9 | 5 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 8 | 2 | 5 | 7 | 3 | 6 | 1 |

अमृत विचार
www.amritvichar.com

जानीयात्प्रेषणेभृत्यान् बान्धवान्व्यसनाऽऽगमे।
मित्रं याऽऽपत्तिकालेषु भार्यां च विभवक्षये ॥

किसी महत्वपूर्ण कार्य पर भेजते समय सेवक की पहचान होती है। दु:ख के समय में बन्धु-बान्धवों की, विपत्ति के समय मित्र की तथा धन नष्ट हो जाने पर पत्नी की परीक्षा होती है।

## संपादकीय

# महत्वपूर्ण प्रक्रिया

देश में सोलहवीं जनगणना कराने के लिए सरकार ने सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी। जनगणना एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है जो देश के विकास के लिए आवश्यक है। जनगणना का एलान स्वागत योग्य है। 2021 की जनगणना में देरी के कारण, 2025 की जनगणना का महत्व और भी बढ़ गया है। जनगणना लोगों की धारणा को इतना प्रभावित करेगी कि यह एक शताब्दी की घटना होगी क्योंकि कोविड-19 महामारी की वजह से 2021 में होने वाली दशकीय जनगणना में देरी हुई। आगामी जनगणना मोबाइल एप्लीकेशन का उपयोग करके डिजिटल माध्यम से की जाएगी। लोगों को स्व-गणना का प्रावधान भी उपलब्ध कराया जाएगा। जनगणना गतिविधियों के लिए लगभग 34 लाख गणनाकार और पर्यवेक्षक तथा लगभग एक लाख 30 हजार जनगणना कार्यकर्ता तैनात किए जाएंगे। स्पष्ट है कि भारत के पास दुनिया में सबसे बड़ा सांख्यिकीय सर्वेक्षण तंत्र है। महत्वपूर्ण है कि यह जनगणना न केवल जनसंख्या का सटीक आंकड़ा प्रदान करेगी, बल्कि सामाजिक-आर्थिक विकास योजनाओं और नीतियों के लिए एक महत्वपूर्ण डेटाबेस भी होगी। इस बार जनगणना में जाति गणना भी की जाएगी। जातिगत जनगणना को लेकर कुछ लोगों का मानना है कि जातिगत जनगणना से सामाजिक-आर्थिक असमानताओं को समझने और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए नीतियों को बनाने में मदद मिलेगी। जबकि कुछ लोगों को डर है कि जातिगत जनगणना से सामाजिक विभाजन और संघर्ष बढ़ सकता है। विपक्षी दल कांग्रेस का कहना है कि जनगणना के लिए तेलंगाना का माडल अपनाया जाए, सिर्फ जातियों की गिनती ही नहीं बल्कि जातिवार सामाजिक और आर्थिक स्थिति से जुड़ी विस्तृत जानकारी भी जुटाई जानी चाहिए। यह महत्वपूर्ण है कि जातिगत जनगणना को सावधानीपूर्वक और सामाजिक न्याय के हित में किया जाए।

गौरतलब है कि जनगणना जनसंख्या के आकार, वितरण, और संरचना के बारे में जानकारी प्रदान करती है, जो सरकार को उचित योजना बनाने और नीतियां बनाने में मदद करती है। जनगणना के आंकड़ों का उपयोग विभिन्न सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के लिए वित्तीय आवंटन के लिए किया जाता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि संसाधनों का वितरण न्यायसंगत हो। जनगणना के आंकड़े बुनियादी ढांचे के विकास, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, और परिवहन, की योजना बनाने के लिए आवश्यक हैं। कुल मिलाकर नई जनगणना जनसांख्यिकीय परिवर्तनों के सामाजिक और राजनीतिक प्रभावों को तेज करेगी।

# पर्यावरण पर मरुस्थलीकरण और सूखे का गंभीर असर



योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

देश का लगभग 70 प्रतिशत भूभाग (करीब 22.83 करोड़ हेक्टेयर) शुष्क माना गया है और इस शुष्क भूभाग की उत्पादकता काफी कम है। देश का करीब 7.36 करोड़ हेक्टेयर क्षेत्रफल मरुस्थलीकरण से प्रभावित है और भारत के कई इलाके तो प्राय: सूखे की चपेट में रहते हैं।

मरूस्थलीकरण और सूखे की बढ़ती चुनौतियों के मद्देनजर इससे मुकाबला करने हेतु लोगों को जागरूक करने के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 1994 में मरूस्थलीकरण रोकथाम का प्रस्ताव रखा था। अंतर्राष्ट्रीय सहयोग से वैश्विक स्तर पर मरूस्थलीकरण का मुकाबला करने के लिए जन-जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 1995 से प्रतिवर्ष 17 जून को 'विश्व मरूस्थलीकरण रोकथाम और सूखा दिवस' मनाया जा रहा है।

इस दिवस के जरिये लोगों को जल तथा खाद्यान्न सुरक्षा के साथ पारिस्थितिकी तंत्र के प्रति जागरूक करने, सूखे के प्रभाव को प्रत्येक स्तर पर कम करने के लिए कार्य करने और नीति निर्धारकों पर मरूस्थलीकरण संबंधी नीतियों के निर्माण के साथ उससे निपटने के लिए कार्ययोजना बनाने का दबाव बनाने का प्रयास किया जाता है।

इस वर्ष यह दिवस 'भूमि को पुनःस्थापित करें: अवसरों को खोलें' विषय के साथ मनाया जा रहा है, जो भावी पीढ़ियों के लिए हमारे ग्रह के महत्वपूर्ण भूमि संसाधनों को संरक्षित करने के लिए सामूहिक कार्रवाई के महत्व को रेखांकित करता है। विश्व का 95 प्रतिशत भोजन कृषि भूमि पर उत्पादित होता है, यही भूमि हमारी खाद्य प्रणालियों का आधार है लेकिन चिंता का विषय है कि इसमें से एक तिहाई भूमि वर्तमान में क्षरित हो चुकी है, जो दुनियाभर में 3.2 बिलियन लोगों को प्रभावित करती है, विशेष रूप से ग्रामीण समुदायों और छोटे किसानों को, जो अपनी आजीविका के लिए भूमि पर निर्भर हैं, जिससे भूख, गरीबी, बेरोजगारी और जबरन पलायन में वृद्धि होती है। जलवायु परिवर्तन इन मुद्दों को और गंभीर बना देता है, जिससे टिकाऊ भूमि प्रबंधन और कृषि के लिए गंभीर चुनौतियां उत्पन्न होती हैं तथा पारिस्थितिकी तंत्र का लचीलापन कमजोर हो जाता है।

जलवायु संकट सूखा, बाढ़, जंगलों में आग लगने की घटनाओं के जरिये मरुस्थलीकरण को बढ़ा रहा है। एक ओर जहां जलवायु का गहराता संकट मरुस्थलीकरण की समस्या को बढ़ा रहा है, वहीं दूसरी ओर मरुस्थलीकरण जलवायु संकट को और गंभीर बना रहा है अर्थात मरुस्थलीकरण और जलवायु संकट एक-दूसरे से परस्पर जुड़े हुए हैं। जलवायु संकट में भू-क्षरण का भी बहुत बड़ा योगदान है। पर्यावरणविदों के मुताबिक मिट्टी में वातावरण में मौजूद कार्बन से तीन गुना ज्यादा कार्बन है और पृथ्वी पर मौजूद कार्बन का सबसे बड़ा भंडार मिट्टी में ही है। कार्बन का उत्सर्जन मिट्टी से निकलकर वातावरण में पहुंचकर वैश्विक तापमान में बढ़ोतरी कर रहा है और मरुस्थलीकरण के कारण यह समस्या और ज्यादा बढ़ रही है। पृथ्वी का निरन्तर बढ़ता तापमान, सौर ऊर्जा और हवा की प्रकृति में भी बदलाव ला रहा है। सूखा मरुस्थलीकरण की प्रक्रिया को तेज कर देता है और भारत की आबादी का एक बहुत बड़ा भाग तो शुष्क इलाकों में ही रहता है।

देश का लगभग 70 प्रतिशत भूभाग (करीब 22.83 करोड़ हेक्टेयर) शुष्क माना गया है और इस शुष्क भूभाग की उत्पादकता काफी कम है। देश का करीब 7.36 करोड़ हेक्टेयर क्षेत्रफल मरुस्थलीकरण से प्रभावित है और भारत के कई इलाके तो प्रायः सूखे की चपेट में रहते हैं। शुष्क इलाकों का प्राकृतिक तंत्र मनुष्यों द्वारा डाले जाने वाले अनावश्यक दबाव के कारण चरमराने लगता है और इस विघटनकारी प्रक्रिया को नहीं रोके जाने की स्थिति में समूचा तंत्र रेगिस्तान की भेंट चढ़ जाता है। लकड़ी के लिए पेड़ों की अंधाधुंध छंटाई अथवा अत्यधिक चराई के कारण उस तंत्र में प्राकृतिक उपयोगी पौधों की संख्या काफी घट जाती है, जिनका स्थान अनुपयोगी और अखाद्य पेड़-पौधे ले लेते हैं, जिसका दुष्परिणाम यही होता है कि वह प्राकृतिक तंत्र पहले से भी बहुत कम संख्या में मनुष्यों और मवेशियों को पोषित कर पाता है और यही दुष्चक्र मरुस्थलीकरण को गति प्रदान करता है।

रेगिस्तानी इलाकों में चूंकि बारिश बहुत ही अनियमित ढंग से होती है, ऐसे में ऐसे इलाकों में उपलब्ध पानी की बेहद सीमित मात्रा से कृषि उत्पादकता पर काफी असर पड़ता है। वैसे तो शुष्क इलाकों में वर्षा कम होती है लेकिन जो वर्षा होती है, वह काफी तेज और तूफानी किस्म की होती है, जिससे प्रायः ऐसे इलाकों में बारिश बाढ़ का रूप लेकर उपजाऊ मिट्टी को ही बहा ले जाती है और वहां बड़े-बड़े गड्ढे तथा नाले बन जाते हैं, जो प्रायः खेती के लिए बेकार हो जाते हैं। कई क्षेत्रों में इसी के चलते रेत के बड़े-बड़े टीले बन जाते हैं। एक अनुमान के अनुसार प्रतिवर्ष बंजर इलाकों में प्रति हेक्टेयर क्षेत्र से पानी के कटाव के कारण 16.35 टन मिट्टी बह जाती है। बार-बार आने वाला सूखा मरुस्थलीकरण की प्रक्रिया को तेज कर देता है। मिट्टी का कटाव होने का एक दुष्परिणाम यह भी है कि पानी के साथ बहकर आने वाली मिट्टी जलाशयों में भर जाती है, जिससे उनकी जलधारण क्षमता घट रही है और इस कारण बाढ़ की स्थिति काफी गंभीर हो जाती है। बीते कुछ वर्षों से देश के कई इलाकों में लाखों लोगों को बारिश के कारण बाढ़ का कहर झेलने को विवश होना पड़ रहा है, उसका सबसे बड़ा कारण यही है। यही नहीं, बड़ी-बड़ी पनबिजली परियोजनाओं के सरोवरों में मिट्टी भर जाने से उनसे निर्मित होने वाली बिजली की मात्रा भी घट जाती है।

रेगिस्तानी इलाकों में चूंकि बारिश बहुत ही अनियमित ढंग से होती है, ऐसे में ऐसे इलाकों में उपलब्ध पानी की बेहद सीमित मात्रा से कृषि उत्पादकता पर काफी असर पड़ता है। वैसे तो शुष्क इलाकों में वर्षा कम होती है लेकिन जो वर्षा होती है, वह काफी तेज और तूफानी किस्म की होती है, जिससे प्राय: ऐसे इलाकों में बारिश बाढ़ का रूप लेकर उपजाऊ मिट्टी को ही बहा ले जाती है और वहां बड़े-बड़े गड्ढे तथा नाले बन जाते हैं, जो प्राय: खेती के लिए बेकार हो जाते हैं। कई क्षेत्रों में इसी के चलते रेत के बड़े-बड़े टीले बन जाते हैं। एक अनुमान के अनुसार प्रतिवर्ष बंजर इलाकों में प्रति हेक्टेयर क्षेत्र से पानी के कटाव के कारण 16 .35 टन मिट्टी बह जाती है।

जहां तक वातावरण में कार्बन कम करने का सवाल है तो तापमान में डेढ़ डिग्री सेल्सियस कमी के लक्ष्य को हासिल करने के लिए वातावरण से कार्बन को तेजी से सोखने की जरूरत है और पर्यावरणविदों के मुताबिक यह प्राकृतिक कार्बन सिंक की क्षमता में वृद्धि करके ही हो सकता है और जंगलों तथा कृषि की समस्या को कम करने वाले सिंक मैकेनिज्म से एक तिहाई से भी ज्यादा जलवायु आपदा कम की जा सकती है। इसका सबसे बेहतर तरीका यही माना जा रहा है कि कार्बन को वनों, चारागाह और मिट्टी में समेट दिया जाए, जो मरुस्थलीकरण से निपटने के लिए भी बेहद जरूरी है। वनीकरण, वनस्पति कवर में सुधार, जल का दक्षतापूर्ण उपयोग, मिट्टी के कटाव को बेहतर कृषि पद्धति के जरिये कम करना इत्यादि उपायों के जरिये मिट्टी में बायोमास उत्पादन और जैविक कार्बन कंटेंट में सुधार संभव है। पर्यावरणविदों का मानना है कि जंगलों का नुकसान रोककर और दोबारा लगाकर 2050 तक 150 बिलियन टन से भी ज्यादा कार्बन कम किया जा सकता है और इस अवधि में शुष्क क्षेत्रों में कृषि भूमि के अलावा 30-60 बिलियन टन कार्बन का संचय किया जा सकता है। बहरहाल, मरुस्थलीकरण की समस्या बढ़ते जाने से कृषि की उत्पादनशीलता में जो कमी आ रही है, उससे होने वाले नुकसान को करीब 25 हजार करोड़ रुपये आंका गया है। चिंताजनक स्थिति यह है कि भारत जैसे विकासशील देश में निरन्तर बढ़ती आबादी की मूलभूत जरूरतों की पूर्ति के लिए कृषि की उत्पादकता को बढ़ाने की जरूरत महसूस की जाती रही है लेकिन मरुस्थलीकरण के चलते इसमें आती कमी नीतियों में बड़े बदलावों की जरूरत पर जोर देती है।

## प्रसंगवश

# समाज और रिश्तों की अमानवीयता का कड़वा सच

हाल ही में सोनम रघुवंशी द्वारा हनीमून पर अपने पति राजा रघुवंशी की अपने प्रेमी और किराए के हत्यारों के साथ मिलकर की गई हत्या ने एक बार फिर रिश्तों और समाज पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह समाज और रिश्तों की अमानवीयता का ऐसा कड़वा सच है, जिसमें पुरुष और महिला अपराधी की सीमाएं टूट जाती हैं। बड़ा सवाल यह है कि क्या अमानवीयता की परिभाषा क्या केवल पुरुषों तक सीमित है? अमानवीयता का अर्थ होता है कि ऐसा व्यवहार, जो क्रूर, संवेदनहीन और अन्यायी हो। जब पुरुष स्त्री को मारता है, समाज उसे दरिंदा कहता है, लेकिन जब स्त्री पुरुष को प्रताड़ित करती है, तो उसे भावनात्मक कारण, मानसिक दबाव या आत्मरक्षा का नाम दे दिया जाता है। असल में तो वास्तविक नारीवाद का उद्देश्य स्त्री-पुरुष दोनों को समान अधिकार देना है। कुछ मामलों में तथाकथित फेमिनिज्म अब पुरुष विरोधी एजेंडा का रूप ले रहा है। अधिकार के नाम पर प्रतिशोध और लाभ की भावना ने कई रिश्तों को जहरीला बना दिया है। कुछ महिलाएं मैं औरत हूं, मुझे कुछ भी कहने का हक है जैसी मानसिकता से पुरुषों का दमन कर रही हैं।



डॉ. नीलू तिवारी
लेखिका

भारतीय समाज में विवाह को जीवन का पवित्रतम बंधन माना गया है। पति-पत्नी का रिश्ता विश्वास, प्रेम और सम्मान का आधार होता है। पति-पत्नी को अर्धांगिनी और जीवन साथी की संज्ञा दी जाती है। पुरुष, जो इस रिश्ते में प्रेम, समर्पण और जिम्मेदारी के साथ बंधता है, आज वह झूठे आरोपों, मानसिक प्रताड़ना और सामाजिक तिरस्कार का शिकार हो रहा है। विवाह की आड़ में कई बार महिलाओं द्वारा पुरुषों पर जो अमानवीय व्यवहार किया जा रहा है, वह एक गहरी चिंता का विषय बन गया है। हाल ही में सामने आ रही घटनाएं इस विश्वास को झकझोर रही हैं। अब विवाह केवल प्रेम का प्रतीक नहीं रहा। कुछ मामलों में वह पुरुषों के लिए मौत का दरवाजा बनता जा रहा है। पत्नियों द्वारा पतियों की हत्या के कुछ चिंताजनक और ताजा मामले बताते हैं विवाह संबंध में पुरुषों की जान तक जा रही है। एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार, साल 2022 में देश में कुल 28,522 हत्याओं की प्राथमिकी दर्ज की गई। प्रतिदिन लगभग 78 और प्रति घंटे तीन से अधिक हत्या हुई। इसमें से लगभग 70 प्रतिशत यानी करीब 19,966 लोग पुरुष थे। एनसीआरबी पत्नी द्वारा पतियों की हत्या को विशिष्ट रूप से रिकॉर्ड नहीं करता, लेकिन शोध बताते हैं कि 2022 में लगभग 275 पति हर वर्ष हत्या का शिकार हुए। ताजा मामले प्रदर्शित करते हैं कि पत्नियां भी योजना बनाकर हत्या करती हैं, जो एनसीआरबी के डाटा में शामिल नहीं होते। पुलिस और जांच एजेंसियां कई बार महिला के बयान को अंतिम सत्य मानकर पुरुष को दोषी ठहराती हैं। यदि पति मारा गया है और पत्नी का संदेह है, तो भी संदेह का लाभ अक्सर महिला को मिल जाता है। महिलाओं के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग जैसी संस्थाएं हैं, जो कानूनी और सामाजिक सहायता देती हैं, लेकिन पुरुषों के लिए कोई भी केंद्रीय आयोग या समर्पित निकाय नहीं है। देश के अधिकांश घरेलू हिंसा संबंधी कानून जैसे भारतीय दंड संहिता की धारा 498-ए घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम (2005) पूरी तरह से महिलाओं के हित में बनाए गए हैं। परंतु यदि कोई पुरुष घरेलू हिंसा या मानसिक उत्पीड़न का शिकार होता है, तो उसके लिए कोई विशिष्ट कानून नहीं हैं। यदि कोई पुरुष शोषण, मानसिक प्रताड़ना या यहां तक कि जान से मारने की धमकी का सामना करता है, तो समाज अक्सर उसे हंसी का पात्र बना देता है। तू मर्द होकर रोता है? जरूर तूने ही कुछ किया होगा। एक औरत तुझे मार कैसे सकती है? ये संवाद समाज की पितृसत्तात्मक सोच का उलटा पक्ष हैं, जो पुरुषों को भी अमानवीयता के जाल में फंसाते हैं। जेंडर न्यूट्रल कानूनों की मांग में घरेलू हिंसा, उत्पीड़न, मानसिक प्रताड़ना को लैंगिक रूप से निरपेक्ष बनाना जरूरी है। एक स्वतंत्र पुरुष आयोग बने, जो पीड़ित पुरुषों की शिकायतों की सुनवाई कर सके और उन्हें उचित परामर्श व सहायता प्रदान कर सके। एनसीआरबी डाटा में श्रेणी सुधार होना चाहिए। पति की हत्या पत्नी द्वारा, पुरुष पीड़ित जैसी श्रेणियों को शामिल किया जाना चाहिए, ताकि नीति निर्माण में सहायता हो। पुरुषों के लिए विशेष परामर्श केंद्र, हेल्पलाइन और काउंसलिंग सुविधाओं का निर्माण होना चाहिए।

# असुरक्षित होती धार्मिक यात्राएं



प्रभुनाथ शुक्ल
वरिष्ठ पत्रकार

उत्तराखंड पहाड़ी राज्य है यहां हम जितनी ऊंचाई पर जाते हैं ऑक्सीजन लेवल कम होता जाता है। कई लोगों की यात्रा के दौरान मौत भी हो जाती है।

भारत धर्म और आस्था का देश है, लेकिन यहां धार्मिक यात्राएं सुरक्षित नहीं हैं। जब चारधाम जैसी यात्रा भी सुरक्षित नहीं है तो दूसरे की बात छोड़िए। उत्तराखंड में आए दिन हेलीकॉप्टर दुर्घटनाएं सुर्खियों में हैं। मई और जून में अब तक पांच दुर्घटनाएं सिस्टम को हिलाकर रख दिया है। हादसों में चालक दल के साथ 14 लोग मारे जा चुके हैं। पवित्र चारधाम यात्रा के दौरान यह आम बात हो गईं है। जून 2009 से जून 2025 तक 15 हेलीकॉप्टर क्रैश की घटनाएं हो चुकी हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबित 16 साल में इस तरह की दुर्घटनाओं में 45 लोगों की मौत हुईं है। रविवार 15 जून को गौरीकुंड के पास एक हेलीकॉप्टर की दुर्घटना में पायलट सहित 7 लोग मारे गए। चार धामयात्रा प्रबंधन ने इसके पूर्व हुईं दुर्घटनाओं से सबक नहीं लिया। 17 मई को केदारनाथ में एम्स ऋषिकेश की एक हेली एम्बुलेंस की इमरजेंसी लैंडिंग हुई जिसमें हेलीकॉप्टर का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। एक अन्य रिपोर्ट के मुताबित 12 वर्षों में केदारनाथ में कुल 14 हेलीकॉप्टर दुर्घटनाएं हुई हैं, जिनमें 33 लोगों की मौत हुई। धार्मिक यात्रा के दौरान बढ़ता जोखिम हमारी व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर रहा है। नागरिक और उड्डयन मंत्रालय को इस तरह के हादसों पर गंभीर कदम उठाने की आवश्यकता है। निजी एविएशन कंपनियों पर नकेल कसने की जरूरत है। धार्मिक स्थलों पर बढ़ते हादसे हमारे विश्वास और आस्था पर चोट पहुंचाते हैं।

हम आस्था को लेकर अधिक भीरू हैं। जिसका खामियाजा हमें भुगतना पड़ता है। धार्मिक स्थलों पर भीड़ तो जरूर से ज्यादा जुटा ली जाती है, लेकिन उसके प्रबंधन के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं की जाती है। आए दिन धार्मिक स्थलों पर मौत की खबरें सुर्खियां बनती हैं। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ में सबसे बेहतरीन व्यवस्था का दावा किया गया था, लेकिन भीड़ प्रबंधन में लापरवाही की वजह से बड़ा हादसा हो गया।

मंदिरों और सत्संग जैसे स्थलों पर आवश्यकता से अधिक भीड़ जुटा ली जाती है, लेकिन उसके नियंत्रण के लिए कोई व्यवस्था नहीं की जाती है। थके-हारे लोग किसी चमत्कार में पड़कर भगदड़ के शिकार हो जाते हैं। लेकिन हम घटनाओं के बाद सबक लेना नहीं चाहते। अपना प्रभुत्व दिखाने के लिए हम भीड़ अधिक से अधिक जमा कर लेते हैं, लेकिन उसके नियंत्रण के लिए हमारे पास कोई संसाधन उपलब्ध नहीं होते हैं। इसका नतीजा होता है कि भगदड़ या दूसरी स्थिति में काफी संख्या में लोग मारे जाते हैं।

उत्तराखंड में चल रही चारधाम यात्रा में देश भर से लाखों लोग पहुंचते हैं। उत्तराखंड को देवभूमि कहा जाता है। यहां की प्राकृतिक सुंदरता अतुलनीय है। दुर्गम पहाड़ियों की चढ़ाई से होते हुए लोग बद्रीनाथ केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री पहुंचते हैं। वहां की प्राकृतिक स्थिति बेहद जटिल है। तीर्थयात्रा के दौरान बुजुर्ग और बच्चों के साथ अस्वस्थ श्रद्धालुओं को चढ़ाई पर कठिन चुनौतियों से गुजरना पड़ता है। क्योंकि, पहाड़ों की कठिन चढ़ाई चढ़ने के बाद ही पवित्र मंदिरों तक पहुंचा सकता है। चढ़ाई दुर्मगम और कठिन होने से घोड़े, खच्चर या हेलीकॉप्टर की सुविधा लेनी पड़ती है।

उत्तराखंड पहाड़ी राज्य है यहां हम जितनी ऊंचाई पर जाते हैं ऑक्सीजन लेवल कम होता जाता है। कई लोगों की यात्रा के दौरान मौत भी हो जाती है। ऑक्सीजन की कमी से भी जूझना पड़ता है। जरूरत पड़ने पर ऑक्सीजन की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। लेकिन चारधाम की पूरी यात्रा जोखिम भरी होती है। जो लोग पैदल यात्रा पूरी नहीं कर सकते वे घोड़े, खच्चर या हेलीकॉप्टर की सुविधा लेते हैं। हेलीकॉप्टर जैसे महंगी सुविधा सभी यात्रियों के लिए उपलब्ध नहीं है। क्योंकि आम श्रद्धालुओं के लिए यह सस्ती और सुलभ नहीं है।


उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के दौरान दुर्गम पहाड़ी इलाकों और मौसम की खराबी सबसे बड़ी समस्या बनती है। जिसकी वजह से आए दिन हेलीकॉप्टर क्रैश की दुर्घटनाएं होती रहती है। उड़ान को निर्देशित करने के लिए कोई एयर ट्रैफिक कण्ट्रोल की सुविधा उपलब्ध नहीं है। उड़ान के दौरान कोई रडार सिस्टम नहीं होता है। कभी उड़ान भरने के बाद अचानक मौसम बिगड़ जाता है जिसकी वजह से उड़ान में दिक्क़त हो जाती है। दुर्गम और सकरी घाटियों के साथ ऊंचे-ऊंचे वृक्ष।

मौसम खराब होने की स्थिति में लैंडिंग की कोई जगह नहीं होती है, जहां विषम स्थिति में हेलीकॉप्टर को उतार दिया जाय। इसके अलावा हर उड़ान के समय तकनीकी जांच होनी चाहिए, पता नहीं ऐसा होता भी रहा या नहीं। हेलीकॉप्टर हादसों के लिए जिम्मेदार लोगों की जबाबदेही तय होनी चाहिए। धार्मिक यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए हर संभव कदम उठाए जाने चाहिएं।

## सोशल फोरम

# देशभक्ति और विचारधारा

समतावादी विचारधारा अच्छी चीज है। देशभक्ति में भी क्या बुराई है? आखिर देश एक अपरिहार्य और ठोस आर्थिक इकाई भी तो है। इस इकाई के विभिन्न उत्पादन स्रोतों से प्राप्त कर की पूलिंग से (देश की सुरक्षा सहित) बड़ी लागत वाले आधारभूत ढांचे का निर्माण होता है जो किसी भी उद्योग की स्थापना के लिए अनिवार्य है। इस दृष्टि से यह आर्थिक इकाई हम सब के लिए परस्पर सहयोग और परस्पर निर्भरता से आर्थिक विकास में आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करती है। दुनिया की समस्याओं के समाधान का प्रयास किसी इकाई से ही शुरू हो सकता है। विचारधारा पूरे विश्व में एक झटके से तो लागू हो नहीं सकती। शुरुआत तो किसी देश से ही करनी पड़ेगी, जैसा कि अतीत में हुआ है। और देश मज़बूत नहीं होगा तो अन्य देश उसे विचारधारा के पथ पर चलने देंगे ?



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

तो राष्ट्र या देश महज़ भावात्मक और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक नहीं है। इतिहास में लगातार कटती-पिटती राष्ट्रीय राज्यों की जो सीमाएं द्वितीय विश्व युद्ध और उपनिवेशवाद के अंत पर निर्धारित हुईं, वे तत्काल ठोस आर्थिक इकाइयों में तब्दील हो गईं। लेकिन विचारधारा और देशभक्ति (या राष्ट्रवाद) में पाखंडियों, नक़ली प्रगतिशीलों और नक़ली देशभक्तों को दाख़िल होने से रोकने के लिए ताला लगाने की कोई जुगत है? क्या है कि आदमी-आदमी की फ़ितरत, उसके स्वभाव व चरित्र की यह समस्या अनादि है। आप देशभक्ति के जेन्युइन जज़्बे से भरे हुए हैं तो इस मुगालते में मत रहें कि "देशभक्तों" के संगठन में आपको हाथोहाथ लिया जाएगा। या, आप पूंजीवाद के शोषण के ख़िलाफ़ दुनिया के मेहनतकश लोगों के संघर्ष और उनकी मुक्ति के लिए प्रतिबद्ध हैं तो किसी वैचारिक संगठन में पलक पांवड़े बिछाकर आपका इंतज़ार हो रहा है।

आप मानेंगे कि कौन, कहां, किस नीयत से घुसा और किस नीयत से जमा हुआ है, इसका सुराग़ लगाने की कोई तकनीक अभी तक तो ईजाद हुई नहीं। और आपको घूम फिर कर सारी समस्याओं का उत्स यहीं नज़र आएगा।

-फेसबुक वॉल से

# मगर चेत कौन रहा है

होमो सैपियेंस यानि हमारी प्रजाति धरती की किसी भी प्रजाति की तुलना में सबसे अधिक उग्र और लड़ाकू है। इतनी आक्रामक प्रजाति का हजारों वर्षों से अस्तित्व में बने रहना सचमुच आश्चर्यजनक है। तमाम दूसरी प्रजातियों को तो इसने विलुप्ति के कगार पर पहुंचा ही दिया है, पर्यावरण को तहस नहस कर डाला है और अब खुद अपनी ही प्रजाति के विरुद्ध आपस में लड़ रही है।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

इतिहास के युद्धों और नरसंहार को छोड़ भी दीजिए तो अब ही कहां यह प्रजाति सकून और शांति से बैठी है। धरती पर अनेक सभ्यताएं युद्धनत हैं। यूक्रेन रुस भिड़े हुए हैं। पाकिस्तान-भारत के दो दो हांथ हो चुके हैं। और इजराइल को जैसे हमास को नेस्तनाबूद करने से पूरी शांति न मिली हो वह अब ईरान पर हमलावर है। ईरान और इजराइल ठीक इसी क्षण अब तक के सबसे भीषण यलगार में जुट गए हैं। आखिर क्या यह प्रजाति ऐसे ही आपस में लड़ते झगड़ते मर मिटेगी? फिर वह धरती पर शाश्वत काल तक एकक्षत्र राज्य कैसे करेगी? क्या इस असीम ब्रह्मांड में कोई सभ्यता/यें ऐसी भी है या हैं जो मनुष्य की इन अविवेकभरी कारगुजारियों को देख रही है और ऊब कर फैसला ले बैठे कि है मूर्खों चलो बहुत हो गया तुम लोग धरती पर राज करने के काबिल नहीं हो, सिंहासन छोड़ो अब हम आते हैं। और फिर शेष जीवन क्या हमें उनकी चाकरी में ही बिताना पड़ेगा। दरअसल जैवीय विकास में अनेक व्यवहार प्रतिरुपों-भावनाओं, भाववृत्तियो का भी क्रमिक विकास होता गया। तमाम भावनात्मक व्यवहारों-क्षेत्र रक्षण, वात्सल्य, मातृत्व, घृणा-स्नेह-प्रेम-लगाव-घनिष्ठता, स्वजाति रक्षण (ऐल्ट्रूईज्म) के साथ आक्रामकता भी पराकाष्ठा प्राप्त कर गई है। तमाम पशु पक्षी तो इन जैवीय वृत्तियों का शमन बस अपनी बोली भाषा में डांट डपट कर या अपने अंग प्रत्यंग के जरिये लड़ भिड़ कर कर लेते हैं। मगर मनुष्य तो इनके बहुत आगे बढ़ चुका है। खुद के अंग प्रत्यंग तक ही नहीं वह तो दूर सूदूर तक की लड़ाई अपने मिसाईलों, ड्रोन और न्यूक्लियर हथियारों से निपटा रहा है। वह धरती का सबसे खतरनाक प्राणी बन चुका है। उसने इतने उन्नत अस्त्र और शस्त्र बना लिए हैं कि अब उसके स्वअस्तित्व पर भी बन आई हैं। विनाश की टिक टिक सूई अब आखिरी पड़ाव पर पहुंचने ही वाली है। मगर कौन चेत रहा है। सबसे दुर्बुद्धिवाले ये राजनेता हैं जिन्हें न तो विचारकों और वैज्ञानिकों की परवाह है और न इस धरती की शांति की। वे दिन रात प्रलय के निकट मानव प्रजाति को अपने कुकृत्यों से पहुंचाते जा रहे हैं। भारत को अतिरिक्त सावधान रहना है। चीन चुप है। मोदी मौन हैं। शायद इन्हीं से वैश्विक शांति बहाली की कुछ उम्मीद शायद बची है।

# चर्चा में फ्लैप्स

अहमदाबाद दुर्घटना के संभावित कारणों में 'फ्लैप' की भूमिका चर्चा में रही है। इसीलिए जानते हैं कुछ विस्तार मेंहवाई जहाज क्षैतिज (हॉरिजॉन्टल) दिशा में चलता है किन्तु ऊपर उठ जाता है। इसे समझने के लिए उस पर काम करते तीन बलों को पहले देखना होगा। पहला है थ्रस्ट-क्षैतिज दिशा में लगता बल, जो यान को आगे की और धकेलता है। दूसरा है ड्रैग -क्षैतिज दिशा में लगता बल जो हवा के अवरोध से पैदा होता है और यान के आगे बढ़ने की गति को कम करता है। तीसरा है लिफ़्ट-नाम से स्पष्ट है यह थ्रस्ट या ड्रैग के परपेंडिकुलर दिशा में काम करता है और यान को ऊपर उठाता है।



सचिदानंद सिंह
मुंबई

थ्रस्ट का स्रोत इंजन है। ड्रैग और लिफ़्ट यान की आकृति पर निर्भर करते हैं। यान को डिज़ाइन करने वाले उसे ऐसा शेप देते हैं जिससे ड्रैग कम से कम हो और लिफ़्ट अधिक से अधिक मिले। स्कूल की भौतिकी में हमने बरनौली साहब का नाम सुना होगा। फ्लूइड (यानी द्रव या गैस) में चलते किसी पदार्थ के लिए डेनियल बरनौली ने एक सिद्धांत दिया है। फ्लूइड की गति और दबाव में व्युत्क्रमानुपाती संबंध है यानी गति यदि अधिक रहेगी तो दबाव कम रहेगा। यान के डैने ऐसे बनाए जाते हैं कि ऊपर की तरफ उनकी लंबाई अधिक हो और नीचे की तरफ कम। बहती हवा समझिये कि परतों (लेयर्स) में बहती है। इन परतों की प्रवृत्ति एक साथ रहने की होती है। जब यान आगे बढ़ता है तो हवा की एक परत विंग्स के नीचे हो जाती है और एक परत विंग के ऊपर से जाती है। विंग के ऊपर वाली परत को अधिक दूरी तय करनी पड़ती है, नीचे वाली परत की अपेक्षा। चूंकि उनकी प्रवृत्ति एक साथ रहने की है इसलिए ऊपर वाली परत अधिक तेजी से बहती है। बरनौली साहब के सिद्धांत के अनुसार ऊपर हवा का दबाव कम हो जाएगा नीचे की अपेक्षा और दबाव के इस फर्क से यान को लिफ़्ट मिलता है। अब फ्लैप्स। फ्लैप्स डैने के पीछे के एक अंग हैं जो जरूरत पड़ने पर बाहर निकाले जा सकते हैं और जरूरत नहीं रहने पर अंदर किए जा सकते है। फ्लैप्स के बाहर निकालने पर प्रभावी ढंग से डैने अधिक चौड़े हो जाते हैं, हवा की ऊपर वाली परत को अधिक दूरी तय करनी पड़ती है जिससे उसकी गति अधिक तेज होती है जिसके चलते दबाव अधिक कम होता है और यान को अधिक लिफ़्ट मिलता है। उड़ने के फौरन बाद फ्लैप्स बाहर निकाल दिए जाते हैं, यान के ऊपर उठने प्रयास में उनसे मिलता अतिरिक्त लिफ़्ट काम आता है। यान के नीचे जमीन पर उतरते समय भी फ्लैप्स बाहर निकाले जाते हैं जिससे कम रफ़्तार में भी यान को लिफ्ट मिलता रहे अन्यथा यान अधिक रफ़्तार में रनवे को छूएगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# शिवानी मिली जिंदा, फिर वह कौन थी?

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)


यह है शिवानी।

**अमृत विचार।** बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के सर्विस लेन के किनारे वीरा गांव के पास 10 दिन पहले नहर में मिले जिस शव की शिनाख्त बेटी के रूप में कर पिता ने अंतिम संस्कार किया था, उसे जरिया थाने की पुलिस ने सोमवार को जिंदा बरामद कर लिया है। पुलिस ने उसके पिता को बुलाकर बरामद बेटी की पहचान भी करा दी है। अब सवाल उठता है कि आखिर वह युवती कौन थी? जिसका शिवानी के रूप में अंतिम संस्कार किया जा चुका है।

बीते सात जून को बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर वीरा गांव के पास सर्विस लेन पर पुल के नीचे पानी में एक युवती का शव बरामद हुआ था। पहले दिन तो युवती की शिनाख्त नहीं हो सकी थी, लेकिन दूसरे दिन शव की पहचान मुस्करा थाना क्षेत्र के बिहूनी गांव निवासी मलखान प्रजापति ने अपनी 22 वर्षीय पुत्री शिवानी प्रजापति के रूप में की थी। पहचान होने के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया था, जिसके बाद परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया था।

सोमवार को इस मामले में नया मोड़ आ गया। जरिया थानाध्यक्ष मयंक चंदेल ने बताया कि बिहुनी खुर्द निवासी शिवानी को सोमवार को गोहांड कस्बे के तिराहे से बरामद किया गया है। उसके पिता मलखान को बुलाकर पहचान कराई गई तो उसने अपनी बेटी शिवानी होने की पुष्टि कर दी है।

अब सवाल यह उठ रहा है कि आखिर शिवानी जिंदा है तो वह शव किस युवती का था। मामले में नया मोड़ आने के बाद पुलिस अब नए सिरे से मामले की जांच में जुट गई है।

- 10 दिन पहले वीरा गांव के पास बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे किनारे मिला था युवती का शव
- बिहूनी खुर्द गांव के मलखान ने बेटी के रूप में शिनाख्त कर किया था अंतिम संस्कार

### डीएनए सुरक्षित, नए सिरे से होगी जांच

इस मामले में सरीला सीओ राजकुमार पांडेय का कहना है कि पोस्टमार्टम के दौरान शव का डीएनए सुरक्षित रखा गया है। जिस युवती का शव बरामद हुआ था, उसकी फोटो के आधार पर शिनाख्त कराने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि शिवानी प्रजापति ने पुलिस को बताया है कि वह परिजनों से नाराज होकर घर से चली गई थी। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है।

**07** जून को मिले शव की गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस

### अपहरण और हत्या का दर्ज हुआ था मुकदमा

- युवती का शव बरामद होने के बाद बिहूनी खुर्द गांव के मलखान प्रजापति ने बेटी के रूप में शिनाख्त कर अपने ही गांव के महेश और उसके पुत्र मनोज के विरुद्ध पुत्री का अपहरण कर हत्या किए जाने का मुकदमा दर्ज कराया था। उसका कहना था कि आरोपी बाप-बेटे की दबंगई से परेशान होकर उसने अपनी बेटी की उसकी ननिहाल मऊरानीपुर (झांसी) भेज दिया था, जहां से उसे अगवा कर लिया गया। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस आरोपियों की सरगर्मी से तलाश में जुटी थी, तभी शिनानी के बरामद होने के बाद पुलिस भी अवाक रह गई।

# सांप डसने से एकलौती बेटी की चली गई जान

संवाददाता, बिवांर

- टीहर गांव में सोते समय छह साल की बच्ची को सांप ने डसा
- सदर अस्पताल से कानपुर ले जाते समय रास्ते में तोड़ा दम

**अमृत विचार।** रविवार की रात परिजनों के साथ जमीन पर सो रही छह वर्षीया बच्ची को सांप ने डस लिया। परिवार वाले उसे सीएचसी ले गए, जहां से सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल से कानपुर ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। एकलौती बेटी की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

बिवांर थाना क्षेत्र के टीहर गांव निवासी भैयालाल कुशवाहा की छह वर्षीया पुत्री नब्जया रविवार की रात अपने परिजनों के साथ जमीन पर लेटी हुई थी, तभी रात में सोते समय सांप ने हाथ में डस लिया। सांप के डसने से वह जाग गई और रोने लगी। उसके रोने की आवाज सुनकर परिजनों की नींद खुल गई। उसने हाथ में किसी कीड़ने के काटने की बात बताई। परिजनों ने तकिया हटाकर देखा तो उसके नीचे सांप बैठा था। परिजनों ने सांप को मार डाला।

इसके बाद परिवार के लोग मृत सर्प के साथ किशोरी को लेकर मौदहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां हालत नाजुक देख डॉक्टर ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल से डॉक्टरों ने कानपुर रेफर कर दिया। एंबुलेंस से कानपुर ले जाते समय रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। एकलौटी बेटी की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने रास्ते से घर वापस आकर उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

## सार-संक्षेप

### वन विभाग के रेंज ऑफिस मैदान पर योगाभ्यास

**हमीरपुर।** वन विभाग में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अभ्यास कार्यक्रम प्रातः 6 बजे किया गया। प्रोटोकॉल के अनुसार योग ट्रेनर डॉ. बृजेश कश्यप ने योगाभ्यास की क्रिया विभिन्न आसनों को क्रमबद्ध तरीके से कराया। साथ ही गायत्री परिवार की श्री राम बाल संस्कार शाला के बच्चों ने गायत्री परिवार की बहन नीलम, गोपाल के निर्देशन में योग क्रियाओं को संगीता, नंदिनी, आयुष, मुस्कान, वैष्णवी, अनन्या, दिशा, नीशू, वैभव, प्रिया, संजना, शिवा आदि बच्चों ने पूरे मनोयोग से योगाभ्यास संपन्न किया। अंत में वन विभाग के अधिकारियों ने सभी को योग का संदेश दिया और बच्चों को योगाभ्यास के लिए प्रेरित किया।


वन विभाग में योगाभ्यास करते लोग। अमृत विचार

### कंप्यूटर प्रशिक्षण के लिए करें आवेदन

**हमीरपुर।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अमित सोनकर ने बताया कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना अंतर्गत अन्य पिछड़े वर्ग के शिक्षित युवक/ युवतियों जिनकी उम्र 18 से 35 के मध्य हो एवं जिनके अभिभावक की वार्षिक आय ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में समान रूप से धनराशि 1.00 लाख रुपये है। जिनकी शैक्षिक योग्यता न्यूनतम इंटरमीडिएट (10+2) हो, को 14 जून से 14 जुलाई तक विभागीय वेबसाइट backwardwelfareup.gov.in एवं obccomputertraining.upsdc.gov.in पर दिये गए लिंक पर ओ लेवल एवं सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त किये जाने के लिए ऑनलाइन आवेदन करते समय शैक्षिक व अन्य अभिलेखों को अपलोड करेगें। आवेदन की हार्ड कॉपी मय संलग्नकों सहित 02 प्रतियों में कार्यालय-जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कमरा नंबर- 104 विकास भवन कुछेछा में 14 जुलाई तक अनिवार्य रूप से जमा कर दें।

## एक नजर

### पत्नी को गायब करने में तीन के खिलाफ मुकदमा

**सुमेरपुर।** मायके आई पत्नी के लापता होने पर पति ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। महोबा जनपद के कबरई थाना क्षेत्र के गुगौरा गांव निवासी अनिल सिंह ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी पत्नी मायके बिदोखर मेदनी 25 दिन पूर्व आई थी। बीते 31 मई को वह मायके से गायब हो गई है। पति का आरोप है कि उसकी पत्नी का बिदोखर मेदनी निवासी करन सिंह, आदित्य सिंह, काजल से मेलजोल था। पति का आरोप है कि उसकी पत्नी को गायब कर दिया है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### रुपये दोगुना करने का झांसा देकर दो लाख ठगे

**मौदहा।** रुपये दोगुना करने का लालच देकर महिला से दो लाख रुपये ठगने के मामले में पुलिस ने दो लोगों पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मंकराव निवासी रामप्यारी पत्नी ओम बाबू ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि साल 2018 में उसके परिचित बांदा निवासी इंद्रपाल वर्मा और रामसेवक आए और म्यूचुअल बेनिफिट कंपनी में पांच साल में रुपये दोगुना करने की बात कहकर उसे और उसके पति को बातें कर झांसे में ले लिया। जिसके चलते उन्होंने दो लाख रुपये जमा कर दिए। लेकिन समय पूरा होने के बाद भी उक्त दोनों लोग रुपये नहीं लौटा रहे हैं। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने दोनों के विरुद्ध धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दुकान की टीन काटकर नकदी और सामान चोरी

**मौदहा।** दुकान बंद कर घर गए दुकानदार की दुकान की टीन काटकर चोरों ने नकदी और सामान पार कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। कस्बे के उपरौस निवासी रियाज उददीन पुत्र बदरुद्दीन ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह पुराने बस स्टैंड के निकट चाय पान की दूकान चलाकर अपना परिवार चलाता है।बीती रात जब वह दूकान बंद कर घर चला गया तभी आधी रात चोरों ने डिब्बे की टीन काटकर नकदी और गुटखा आदि सामान पार कर दिया। पीड़ित ने शिकायती पत्र देकर कोतवाली पुलिस से कार्यवाही करने की गुहार लगाई है।

### मानसिक अवसाद में युवक ने डाई पी, अस्पताल में भर्ती

**मौदहा।** कस्बे के एक युवक ने मानसिक अवसाद में डाई पी ली। हालत बिगड़ने पर परिजन कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। कस्बे के सिचौली पुरवा निवासी राहुल (20) पुत्र ब्रजराज मानसिक अवसाद से ग्रस्त हो दुकान से डाई पी ली। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर गए, जहां युवक का इलाज जारी है।

# बिवांर कस्बे के बंद घर में मिला युवक का शव

## शव से आ रही थी तेज दुर्गंध, दो से तीन दिन पहले मौत का अनुमान

संवाददाता, बिवांर (हमीरपुर)

- पड़ोसी महिला की सूचना पर मोहल्ले वालों की जुटी भीड़
- पुलिस ने अत्यधिक शराब से मौत होने की आशंका जताई

**अमृत विचार।** कस्बे में मिनी ब्लाक के पास एक बंद मकान में सोमवार को युवक शव बरामद होने से हड़कंप मच गया। पड़ोसी महिला की सूचना पर मोहल्ले वालों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने जब दरवाजा खोला तो शव से तेज दुर्गंध आ रही थी। पुलिस ने प्रारंभिक छानबीन के बाद अत्यधिक शराब पीने से दो से तीन दिन पहले मौत होने की आशंका जताई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

कस्बे के मिनी ब्लॉक के पास रहने वाला बाबू उर्फ महेंद्र कुमार वर्मा (30) पेंटिंग का काम कर जीवन-यापन करता था। मौजूदा समय में वह घर में अकेला ही रहता था। दिन भर पेंटिंग का काम कर अपना गुजर-बसर करता था। पड़ोसियों की मानें तो पिछले दो-तीन दिन से बाबू मोहल्ले में दिखाई नहीं पड़ा, लेकिन लोगों ने उसके बारे में ज्यादा गौर नहीं किया। बताते हैं कि सोमवार को पड़ोसी रामाधार की पत्नी शिवकुमारी अपने मकान की छत पर गई थी। तभी आंगन से उसकी नजर औंधे मुंह पड़े बाबू पर पड़ी।

शिवकुमारी ने फौरन नीचे पहुंचकर पड़ोसियों को जानकारी दी। इसके बाद आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। कुछ लोगों ने अंदर जाकर देखा तो बाबू की मौत हो चुकी थी और शव से तेज दुर्गंध आ रही थी। उसके चेहरे पर चोट के निशान भी थे। मामले की सूचना मिलने पर बाबू का मामा मूलचंद आया और उसने थाने में सूचना दी। सूचना मिलते ही थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और प्रारंभिक छानबीन की।

थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि शव दो से तीन दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। शव फूल जाने के कारण उससे दुर्गंध भी आने लगी है। छानबीन में पता चला है कि बाबू शराब पीने का आदी था, जिससे अत्यधिक शराब पीने के कारण उसकी मौत होने का अंदेशा है। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

### शराब की लत से परेशान था परिवार

- बताते हैं कि बाबू का पूरा परिवार गांव में ही रहता था, लेकिन बाबू की शराब पीने की लत और उसकी आदतों से परेशान होकर परिवार के लोग कुछ दिन पहले मजदूरी करने के लिए दिल्ली चले गए थे। घर में बाबू के साथ पत्नी सरिता अपने एक बेटे के साथ रहती थी। बाबू शराब के नशे में आए दिन पत्नी के साथ मारपीट करता था, जिससे आहत होकर पत्नी सरिता भी अपने पुत्र को लेकर सास के पास चली गई थी। इस समय बाबू गांव में अकेला ही था।

### शराब ठेके के बाहर मिला अधेड़ का शव

- **सुमेरपुर।** कस्बे के बस स्टैंड में देशी शराब ठेका के बाहर एक अधेड़ का शव संदिग्ध हालात में पड़ा मिला। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को मर्च्युरी में रखवाया है। सोमवार सुबह अधेड़ का शव पड़ा होने की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन देर शाम तक उसकी पहचान नहीं हो सकी। चर्चा है कि अधेड़ कस्बे में घूमकर कबाड़ बीनता था। वह शराब भी पीता था। आशंका है कि शराब पीने से उसकी मौत हुई है।


लाभार्थी को प्रमाण पत्र देते ब्लाक प्रमुख वीरनारायण राजपूत। अमृत विचार

### तहसील सभागार में लाभार्थियों को दिए प्रमाण पत्र

**मौदहा (हमीरपुर)।** तहसील सभागार में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख मुस्करा वीरनारायण राजपूत व मौदहा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लालाराम निषाद ने ने लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। जिसमें भवानी गांव निवासी तुलसा पत्नी खुमना व खुमना पुत्र छंगू, बसवारी निवासी कुसमा रानी पत्नी गयादीन व गयादीन पुत्र शिवनाथ, टीहर निवासी लाखा पत्नी नवल किशोर, बैजेमऊ निवासी जगराम पुत्र रंजीत को मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना अंतर्गत लाभार्थी प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपजिलाधिकारी ने द्वारा आए हुए समस्त लाभार्थियों एवं अतिथियों का आभार प्रकट किया गया।

### युवती के साथ हुई छेड़छाड़, तहरीर

**बिवांर।** शौच के लिए गांव के बाहर गई शादीशुदा युवती को युवक ने हाथ पकड़कर खेत की ओर खींचने का प्रयास किया। शोर मचाने पर धमकी देते हुए भाग गया। पीड़िता ने थाने में तहरीर दी है।

युवती की शादी एक साल पहले हुई थी। युवती तीन दिन पहले मायके आई थी। 15 जून की शाम 7 बजे शौच के लिए गांव के बाहर गई थी, तभी गांव के रामजी ने उसका हाथ पकड़कर खींचने का प्रयास किया। उसने शोर मचाया तो पड़ोसियों के आने पर युवक धमकी देते हुए भाग गया। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि तहरीर मिली है, जांच कर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

### एएनएम गश खाकर गिरीं, थम गईं सांसें

**मौदहा।** सेंटर में काम करते समय गर्मी के चलते गश खाकर गिरी एएनएम की मौत हो गई, जिससे स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। केंद्र के कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।


शमा परवीन।

कस्बे के सिजवहिया निवासी शमा परवीन (35) पत्नी मुस्तकीम स्वास्थ्य विभाग में एएनएम के पद पर कार्यरत थी। वह कस्बे की सीएचसी के अधीनस्थ बिगहना एएनएम सेंटर में तैनात थी। सोमवार को वह ड्यूटी में अपना काम कर रही थी। उसी दौरान गर्मी के चलते गश खाकर टेबल पर ही गिर गई। सहयोगियों ने जब तक देखा, तब तक उनकी मौत हो गई। एएनएम की मौत की खबर सुनते ही स्वास्थ विभाग में हड़कंप मच गया। इसके बाद सभी कर्मचारियों ने सीएचसी में एक शोक सभा आयोजित कर आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया और परिवार को दुख की इस घड़ी में धैर्य रखने की प्रार्थना की। एएनएम के दो बेटियां और एक बेटा है। सीएचसी अधीक्षक डा.रजत रंजन तिवारी ने बताया कि वह शमा परवीन उनके अस्पताल की सबसे कर्मठ एएनएम में से एक थीं। परिजनों को विभाग की ओर से हर संभव सहायता दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

# राठ में जेसीज एल्युमिनी क्लब के पदाधिकारियों ने ली शपथ

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- समारोह में हाईस्कूल, इंटर, नीट और जेईई मेंस के मेधावी बच्चों का किया गया सम्मान
- प्रथम अधिष्ठापन समारोह में अलीगढ़ से आए ललेश सक्सेना ने दिलाई शपथ

**अमृत विचार।** जेसीआई सामाजिक संस्था के बाद जेएसी राठ जेसी एल्युमिनि क्लब का प्रथम अधिष्ठापन समारोह एवं मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान मां गौरी रिसोर्ट में संपन्न हुआ। इस दौरान क्लब के नये अध्यक्ष शिवशरण सोनी, सचिव मोहम्मद रिजवान और धर्मेंद्र कोष्टा को पद एवं गोपनीयता की शपथ मुख्य अतिथि ललेश सक्सेना अलीगढ़ ने दिलाई। इस दौरान जेएसी में शामिल हुए आधा दर्जन से अधिक सदस्यों को भी शपथ दिलाई।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि समेत अनेक लोगों ने भगवान गणेश की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित किया। जेएसी की रीजन चेयरमेन कल्पना पांडेय झांसी ने सभी नये पदाधिकारियों को बधाई दी। कहा कि यह आनंद का समय आ गया है। कहा कि मेधावी बच्चे अपने संस्कार बनाये रखें। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जोन चेयरमेनक ललेश सक्सेना, जेसीआई के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गौरव अग्रवाल, निवर्तमान मंडलाध्यक्ष सुमित अग्रवाल मथुरा, तरूण सक्सेना अलीगढ़, नामित अग्रवाल मथुरा, चंद्रशेखर मिश्रा आदि ने हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, जेईई और नीट में चयनित हुए बच्चों को स्मृति चिंह देकर सम्मानित किया।



हाईस्कूल के मंडल टॉपर अंशुमन को सम्मानित करते चंद्रशेखर मिश्रा, डा.जमील।



शपथ ग्रहण करते अध्यक्ष शिवशरण सोनी, सचिव मोहम्मद रिजवान व धर्मेंद्र कोष्टा।

इसके पहले उप्र उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष केजी अग्रवाल ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। संचालन प्रदीप गुप्ता ने किया। इस मौके पर डा.जमील राठवी, डा.सुरेंद्र सिंह, डा.रामगोपाल गुप्ता, संतोष परिहार, अवधेश पाठक, सूर्यमणि त्रिपाठी, सीमा कोष्टा, प्रियंका सिंह, प्रमोद बजाज, काशी प्रसाद गुप्ता, अभय खरे, दीपेंद्र बुधौलिया, अवधेश जड़िया, जगदीश चंचौदिया, हरीकिशन राजपूत, गंगाराम राजपूत, उमाशंकर गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# बीमा में धोखाधड़ी, किसानों का प्रदर्शन

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- राठ तहसील परिसर में प्रदर्शन कर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार।** फसल बीमा में हुए भ्रष्टाचार और किसानों के साथ किए गए छलावे को लेकर किसानों ने तहसील पहुंच कर प्रदर्शन किया। इस दौरान किसानों ने नारेबाजी की। किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंप जांच कराए जाने की मांग की है।

जय जवान जय किसान संगठन के तहसील अध्यक्ष राजाराम राजपूत और गुलाब सिंह ने बताया कि बीमा कंपनियों ने लेखपालों से सांठगांठ कर फसल कटाई प्रयोग किसानों के सामने नहीं किए थे। फसल बीमा योजना में प्रावधानों की क्रॉप कटिंग हेतु रेंडम की जानकारी किसानों को नहीं दी गई। आरोप लगाया कि बीमा कंपनी के दबाव में अच्छे खेत में खड़ीं फसलों की क्रॉप कटिंग कराई गई। जिससे किसानों को मुआवजा नहीं मिल पाया। उन्होंने बताया कि बीमा कंपनी के एजेंट लोकल दलालों के सहयोग से किसानों से 50 फीसदी कमीशन पर क्लेम दिलवाने की बात कह रहे हैं। जिससे वास्तव में प्रभावित किसानों को बीमा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। बीमा कंपनी जानबूझकर क्रॉप कैलेंडर जारी नहीं करती है। जबकि योजना में प्रावधान है कि क्रॉप कैलेंडर की जानकारी किसानों को दी जाए। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 में वर्षा के कारण फसलें खराब हो गई थी। इसके बावजूद भी बीमा कंपनी के द्वारा क्लेम नहीं दिया गया। इसकी उच्च स्तरीय जांच कराकर किसानों को बीमा क्लेम दिलवाने की मांग की। ज्ञापन देने के दौरान दीपेंद्र सिंह, हरिश्चंद्र, शाहिद खान, कुलदीप, प्यारेलाल, सुनील, महेंद्र, करन सिंह, सुशील, सुदर्शन, भागवत, हरिकांत, दशाराम, रामफल, सुरेंद्र सिंह व सुभाष चंद्र के अलावा अन्य किसान मौजूद रहे।


सोमवार को राठ तहसील में प्रदर्शन करते किसान। अमृत विचार

**राहत मिली** — दो दिन तक चली मरम्मत में एक कोठी की बदली गई बेयरिंग, अगले शनिवार से फिर 48 घंटे के लिए बंद होगा आवागमन

# दो दिन बाद यमुना पुल पर फिर रफ्तार भरने लगे वाहन

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** नेशनल हाईवे-34 में जिला मुख्यालय में बने यमुना पुल पर दो दिन पुल की मरम्मतीकरण व बेयरिंग बदलने का काम पूरा हो गया। एक कोठी की बेयरिंग बदल दी गई हैं, जिसके बाद सोमवार की सुबह छह बजे पुल पर वाहनों का आवागमन फिर शुरू कर दिया गया। पुल पर सभी तरह के वाहन फर्राटा भरने लगे हैं।

नेशनल हाईवे पर बुंदेलखंड के प्रवेश द्वार पर बने यमुना पुल का वर्ष 1976 में निर्माण कराया गया था। अक्टूबर 2024 में केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान की टीम ने पुल की स्थिति जांची थी। जांच में पुल में दरारें और कंपन की समस्या सामने आई थी। पुल की क्षमता 40 टन की है, लेकिन इस पर 80 टन तक के भार वाले 18 से 24 चक्का वाहन गुजरते हैं। इसको लेकर एनएचएआई ने प्रशासन से वार्ता कर पुल की छह कोठियों की बेयरिंग बदलने पर चर्चा की थी।

यह काम 14 जून से 21 जुलाई के बीच पूरा किया जाएगा। इस डेढ़ महीने की अवधि में पड़ने वाले प्रत्येक शनिवार और रविवार को पुल पर आवागमन बंद कर बेयरिंग बदलने का काम किया जाएगा। बीते शनिवार और रविवार को पुल पर वाहनों का आवागमन पूरी तरह ठप रहा। कुछ समय के लिए ही पैदल लोगों को निकलने दिया, जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। दो दिन के काम में एक कोठी में बेयरिंग बदल दी गई हैं। सोमवार की सुबह से यमुना पुल पर फिर यातायात शुरू कर दिया गया। यातायात चालू होते ही ट्रकों में ओवरलोडिंग का खेल फिर शुरू हो गया है। पुल से गुजरने वाले दैनिक यात्रियों ने राहत की सांस ली है।


सोमवार को यमुना पुल पर गुजरते भारी वाहन। अमृत विचार

# कार्यकत्रियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं ने समस्याओं को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने डीएम के माध्यम से समस्याओं का निराकरण कराने की मांग की है।

आंगनबाड़ी कर्मचारी एवं सहायिका एसोसिएशन की जिलाध्यक्ष अमिता श्रीवास्तव के नेतृत्व में कार्यकत्रियों ने एसडीएम अभिमन्यु कुमार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि करीब 12 पहले मोबाइल फोन दिए गए थे, जो खराब हो चुके हैं। कार्यकत्रियों के पास विभागीय फोन नहीं है, जिससे काम में परेशानी हो रही है। पोषण टेकर पर ऑनलाइन कार्य निजी फोन पर कराया जा रहा है। यह भी कहा कि हर माह मोबाइल रिचार्ज के भुगतान के निर्देश है, किंतु वर्षों से भुगतान नहीं हुआ है। आधार प्रमाणीकरण पोषण ऐप पर कार्य करने में कठिनाई हो रही है। इसका समाधान विभाग द्वारा नहीं किया जा रहा है। उन्होंने नया एन्ड्राइड मोबाइल अथवा टैबलेट देने की मांग की। एन्ड्राइड फोन न होने से फीडिंग का कार्य प्रभावित होने पर इसकी जिम्मेदारी विभागीय अधिकारी होगी। ज्ञापन देने के दौरान कल्पना पाठक, सविता गुप्ता, अभिलाषा त्रिपाठी, प्रतिमा गुप्ता, संगीता, शशिलता, सीमा, विमला, रामदेवी, राजकुमारी, अलका सिंह, सोनी सिंह, अंजली सिंह, अभिलाषा नगाइच, मातेश्वरी, कमलेश कुमारी, दया कुमारी, शबनम खातून आदि कार्यकत्री मौजूद रहीं।


एसडीएम को ज्ञापन सौंपतीं कार्यकत्री।



खाई के ऊपर खड़े होकर नीचे गिरी कार को देखते ग्रामीण। अमृत विचार



हादसास्थल पर घायलों को ले जाने के इंतजाम में जुटी पुलिस। अमृत विचार



हादसे के बाद रोते-बिलखते मृतकों के परिजन। अमृत विचार

# कार का टायर फटने से हुआ दर्दनाक हादसा

## कार और बाइक में भिड़ंत के बाद धमाके से सन्न रह गए लोग, चीख-पुकार सुनकर दौड़ी भीड़, कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** श्रीनगर थाना क्षेत्र के ननौरा गांव के पास तेज रफ्तार ईको कार का टायर फटने से हादसा हुआ, जिसमें पांच लोगों की जान चली गई। अचानक टायर फटने से तेज रफ्तार कार का चालक संतुलन खो बैठा और सामने से आ रही बाइक में टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग कुछ देर के लिए सन्न रह गए। चीख-पुकार मचने के बाद लोग दोड़ पड़े।

चरखारी कोतवाली क्षेत्र के बगरौन निवासी कुश कुमार की कुछ दिन पहले शादी हुई थी। सोमवार को कुश कुमार का भाई उदयभान कुशवाहा (32) अपनी बेटी खुशी (4), भतीते ऋषि 11, भांजे अंकित (10) और बुआ के बेटे विनोद (27) के साथ भाभी को विदा कराने के लिए ननौरा गांव जा रहा था। विदाई के लिए बजरिया महोबा निवासी रामपाल की गाड़ी बुक की थी। ननौरा के पहुंचने से पहले ही तेज रफ्तार कार का टायर अचानक फट गया, जिससे चालक संतुलन खो बैठा और सामने से आई बाइक से भिड़ंत हो गई।

कार की टक्कर से बाइक सवार छिटककर इधर-उधर गिरे, जबकि कार में फंसे लोगों के बीच चीख-पुकार मच गई। इस हृदय विदारक हादसे ने हर किसी को हिलाकर रख दिया। धमाके की आवाज सुनकर लोग दौड़े। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बाइक सवार तीनों युवक कुछ देर तक सिसकियां लेते रहे, लेकिन बाद में उनकी सांसें थम गईं। गांव वाले कार सवार लोगों को निकालने में जुट गए। हादसे में पांच लोगों की मौत से लोगों की आंखें डबडबा आईं। हादसे की खबर पहुंचते ही मृतकों और घायलों के परिवार वाले बदहवास हालत में अस्पताल पहुंचे।

- कार की रफ्तार तेज होने से अनियंत्रित होकर टकराई
- सामने आई बाइक में टक्कर मारने के बाद खाईं में पलटी

### हेलमेट नहीं लगाए थे बाइक सवार

- ग्रामीण क्षेत्रों में बाइक पर तीन-तीन लोग बैठकर चलना आम बात हो गई है। हालत यह है कि कुछ लोग हेलमेट तो साथ रखते हैं, मगर लगाने के बजाय पीछे बैठने वाले को पकड़ा देते हैं। बताते हैं कि जिस समय यह हादसा हुआ, उस समय बाइक सवार हेलमेट नहीं लगाए थे। लोगों का कहना है कि अगर बाइक सवार हेलमेट लगाए होते तो जान बच सकती थी।

कार का टायर फटने से हादसा हुआ है, जिसमें पांच लोगों की मौत हुई है। टक्कर के बाद दोनों वाहन गहरी खाईं में गिर गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

–वंदना सिंह, एएसपी

### चचेरे भाई थे तीनों बाइक सवार

- हादसे का शिकार हुए तीनों बाइक सवार चचेरे भाई थे। मौत की खबर मुढारी गांव पहुंची तो हर तरफ कोहराम मच गया। एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत से पूरे मोहल्ले में गम पसर गया। सोमवार को उनके घरों में चूल्हे नहीं जले। परिवार के लोग रोते-बिलखते रहे। गांव के लोग उन्हें ढांढस बंधाने का प्रयास करते रहे।

### बहू को विदा कराने जा रहे थे कार सवार

- कार सवार लोग बहू को विदा कराने जा रहे थे। हादसे में एक युवक की मौत होने और चार लोगों के घायल होने के बाद विदाई भी नहीं हो सकी। अलबत्ता हादसे की खबर सुनकर कुश के ससुराल वाले अस्पताल पहुंच गए। घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसे के बाद बगरौन गांव में भी गम का माहौल है। हंसी-खुशी बहू की दूसरी विदाई कराने जा रहे परिवार के लोग गम में डूब गए हैं।

# नया ट्रांसफॉर्मर लगा, 6 दिन बाद मिली बिजली

संवाददाता, जैतपुर



नया ट्रांसफार्मर स्थापित करते कर्मचारी।

**अमृत विचार।** जैतपुर सबस्टेशन का फुंका पड़ा 5 एमवीए का ट्रांसफार्मर 6 दिन बाद ठीक हुआ तो लोगों को बत्ती मिल सकी। भाजपा नेता महेंद्र द्विवेदी के अधिकारियों और ऊर्जा मंत्री से वार्ता करने के बाद 33 केवी सबस्टेशन का ट्रांसफार्मर ठीक कराया गया।

सिंचाई, पेयजल और घरेलू उपभोक्ताओं के लिए-अलग अलग फीडर हैं। जैतपुर, अजनर और धवर्रा सब स्टेशन में 16 करोड़ खर्च होने के बाद भी बिजली व्यवस्था बदतर है। खंभे आंधी में टूट रहे है। कोलकाता की जिस ल्यूमिनिया कंपनी को काम सौंपा गया था उसके एमडी पीएस राजपूत कहते है कि तत्कालीन अधीक्षण अभियंता आरएस गौतम बिल पास करने के एवज में 20 फीसदी कमीशन लेते थे, उन्होंने बताया यही कारण है कि लगाई गई केविल लोड नहीं ले पा रही, ट्रांसफार्मर फुकने से क्षेत्रवासियों को भीषण गर्मी में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को 33 केवी सब स्टेशन जैतपुर में लगा 5 एमबीए का ट्रांसफार्मर खराब हो गया है, जिसे ठीक करने को अभियंता पसीना बहा रहे हैं, एसडीओ प्रदीप कुमार कहते हैं लोड अधिक होने से सप्लाई एरिया वांटना मजबूरी है।

विभागीय अधिकारियों की उदासीनता से आहत बरिष्ठ भाजपा नेता महेंद्र द्विवेदी ने चार दिन पूर्व ऊर्जा मंत्री एके शर्मा को व्हाट्सएप पर समस्या की शिकायत भेज निदान की मांग की, साथ ही बात भी की। जिसे शर्मा ने गंभीरता से लेते हुए तत्काल विभागीय उच्चाधिकारियों को निर्देशित किया, जिसके फलस्वरूप विभाग के अधीक्षण अभियंता ने आकर स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश जारी किए, पर जिले के अधिकारियों का ट्रांसफार्मर के पूरी तरह डेड होने का इंतजार करते देख शनिवार को महेंद्र द्विवेदी द्वारा प्रदेश के ऊर्जा मंत्री से फोन पर बात कर अधिकारियों की उदासीनता व विजली की गंभीर समस्या से अवगत कराया गया।

# शिव पुराण में जालंधर उत्पत्ति की सुनाई कथा

संवाददाता, पनवाड़ी



कथा सुनाते चैतन्य दास महाराज।



कथा सुनने क लिए महिला श्रद्धालुओं की खासी भीड़ रही। अमृत विचार

**अमृत विचार।** वैंदो गांव में श्रीश्री 1008 महायज्ञ एवं संगीतमय शिव पुराण का आयोजन किया गया जा रहा है। शिव पुराण की कथा का ऋषिकेश धाम से पधारे कथा व्यास शिव चैतन्य दास महाराज द्वारा उपस्थित श्रद्धालुओं को रसपान कराया जा रहा है। महाराज द्वारा रविवार की रात्रि जालंधर की उत्पत्ति, उसके की कथा सुनाई। इस धार्मिक कार्यक्रम ग्राम वैदो, गैरोली व जगपुरा के ग्रामीणों के सहयोग से किया जा रहा है, जिसमें सैकड़ों महिला पुरुष कथा सुनकर पुन्य अर्जित कर रहे हैं।

ऋषिकेश धाम से पधारे महाराज ने जालंधर की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान शिव ने देवराज इंद्र के अहंकार को नष्ट करने के लिए अपनी तीसरी आंख खोली थी। तीसरी आंख से निकली ऊर्जा को भगवान शिव ने समुद्र में फेंक दिया, जिससे जलंधर का जन्म हुआ। जलंधर में अपार शक्ति थी और अपने शक्तिशाली होने का वह अभिमान करता था। जलंधर ने विष्णु को परास्त कर देवी लक्ष्मी को छीन लेने की योजना बनाई।

इसके चलते उसने बैकुंठ पर आक्रमण कर दियाए लेकिन देवी लक्ष्मी ने जलधर से कहा कि हम दोनो ही जल से उत्पन्न हुए है इसलिए हम भाई बहन हैं। देवी की बातों से जलंधर प्रभावित हो गय और बैकुंड से चला गया और इसके बाद उसने कैलाश पर आक्रमण कर दिया, जिस कारण भगवान शिव को जलंधर से युद्ध करना पड़ा, लेकिन जलंधर की पत्नी वृंदा के सतीत्व के कारण भगवान शिव का हर प्रहार जलंधर निष्फल कर देता था।

कथा व्यास ने बताया कि देवताओं ने मिलकर योजना बनाई भगवान विष्णु जलंधर का वेष धारण कर वृंदा के पास पहु गए और वृंदा ने भगवान विष्णु को अपना पति समझकर उनके साथ पत्नी के समान व्यवाहर किया, जिससे वृंदा का पतिव्रत धूट गया और श्ज्ञिव ने जलंधर का वध कर दिया। विष्णु द्वारा सतीत्व भंग किए जाने पर वृंदा ने आत्मदाह कर लिया, तब उसकी रास के ऊपर तुलसी का एक पौधा जन्मा और तभी से तुलसी देवी वृंदा का ही स्वरूप् है, जिसे भगवान विष्णु लक्ष्मी से भी अधिक प्रिय मानते हैं। इस मौके पर यज्ञाचार्य पं. रामगोपाल शास्त्री बसेला द्वारा उनका यज्ञ में मंत्रोच्चारण, आहुति, हवन और अन्य अनुष्ठान का संचालन किया गया। धार्मिक आयोजन में विशाखा, दीपेंद्र पाल, निधि सौनकिया, शिव सौनकिया सहित तमाम ग्रामों के ग्रामीण मौजूद रहे।

# झगड़े की सूचना पर पहुंची पुलिस की टीम पर हमला

कार्यालय संवाददाता, महोबा



हमले के बाद पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के कालीपहाड़ी गांव में दो भाइयों के विवाद को सुलजाने पहुंची डायल 112 की पुलिस टीम पर एक आरोपी ने हमला कर घायल कर दिया। सूचना पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। घायल पुलिस कर्मियों को जिला अस्पताल भेजा गया। सिपाही प्रदीप कुमार की तहरीर पर आरोपी दीपक कुमार के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया

कालीपहाड़ी के दीपक कुमार व पुष्पेंद्र सगे भाई हैं। सोमवार सुबह दोनों में विवाद हो गया। सूचना पर डायल 112 के सिपाही प्रदीप कुमार, अर्जुन सिंह और होमगार्ड सुभाष शुक्ला मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया, तभी दीपक कुमार ने सिपाही प्रदीप कुमार पर हमला कर दिया। सिपाही अर्जुन सिंह और होमगार्ड सुभाष शुक्ला ने बीचबचाव का प्रयास किया। हाथापाई में उन्हें भी हल्की चोटें आईं। पुलिस ने उसे हिरासत में लिया और घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। डाक्टरों ने तीनों पुलिस कर्मियों का मेडिकल परीक्षण भी किया गया। सिपाही प्रदीप कुमार की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करना, मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने कहा कि आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप



घर-घर हस्ताक्षर अभियान के लिए निकले पेंशनर। अमृत विचार

### पेंशनर्स ने घर-घर चलाया हस्ताक्षर अभियान

**महोबा।** वरिष्ठ नागरिक पेंशनर सेवा सस्थान के पदाधिकारियों ने शहर के गांधीनगर, बजंरग चौकमें घर-घर अभियान चलाकर सरकार की मनमानी के प्रति जागरूक किया और प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजने के लिए हस्ताक्षर कराये। वरिष्ठ पेंशनर शिवकुमार त्रिपाठी ने कहा कि वर्तमान सरकार ने वित्त विधेयक में पेंशनर्स के हितों को ताक पर रखते हुए आठवें वेतन आयोग में होने वाले समानता के लाभ से पेंशनर्स को वंचित कर दिया है। सरकार के इस कदम की जानकारी देने के लिए घर-घर अभियान शुरू किया गया है और सरकार से मांग की गई है कि पेंशनर्स को उत्पीड़न से बचाया जाए एवं समाज में समानता से जीवन गुजारने के अधिकार को बहाल किया जाए। ऑल इंडिया स्टेट पेंशनर्स फेडरेशन के आह्वान पर पेंशनर्स 23 जून को पूरे देश में जिलाधिकारियों के माध्यम से प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजेंगे। इस मौके पर घर घर अभियान में शामिल पदाधिकारी बसन्तलाल गुप्ता, शिवकुमार त्रिपाठी, शिवकुमार गोस्वामी, लघुचन्द्र नरायन अडजरिया, जगदीश कुमार ओपी सिहं, अरुण खरे, रामसजीवन गुप्ता सुरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव गगां प्रसाद, शामिल रहे।



योगाभ्यास करते लोग। अमृत विचार

### योगाभ्यास के लिए जुटे सेहत प्रेमी

**महोबा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग के तहत शहर के कीतर सागर स्थित आल्हा मंच पर योग सप्ताह के दूसरे दिन भी अधिकारियों सहित अन्य लोगों ने योग प्रशिक्षक द्वारा बताए गए तरीके के साथ योगाभ्यास किया। योग प्रशिक्षण द्वारा नियमित रुप से योग करने के लाभ भी बताए साथ ही नोडल अधिकारी द्वारा प्रतिदिन ऐतिहासिक स्थलों पर योगाभ्यास कार्यक्रम किए जाने की भी जानकारी दी गई। सोमवार को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 आल्हा मंच पर चल रहे योग सप्ताह के दूसरे दिन योग प्रशिक्षक विकरण सचिन गुप्ता एवं नीरेंद्र सिंह ने योग का अभ्यास कराया। सुबह से लोगों की भीड़ पहुंच गई। लोगों ने प्रशिक्षक द्वारा बताए गए तरीके के साथ योगाभ्यास किया। प्रशिक्षकों द्वारा नियमित योग करने लाभ बताते हुए कहा कि योग आसनों का अभ्यास करने से ताकत और लचीलापन विकसित होता है। साथ ही नसों को आराम मिलता है और मन शांत होता है। आसन मांसपेशियों, जोड़ों और त्वच बल्कि पूरे शरीर की ग्रंथियों, नसों, आंतरिक अंगों, हड्डियों, श्वसन और मस्तिष्क को प्रभावित करते हैं। योगाभ्यास के बाद नोडल अधिकारी डा. ममता वर्मा ने बताया कि प्रतिदिन अलग अलग ऐतिहासिक स्थलों पर योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगाए जिसमें 17 जून को शिव तांडव पार्क, 18 जून को रहिलिया सूर्य मंदिर, 19 जून को पक्षी बिहार, 20 जून को जैन मंदिर तीर्थंकर में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित होगा। कॉमन योग प्रोटोकॉल अभ्यास में पीएल प्रजापति, राकेश गुप्ता, रामसेवक सोनी, संतोष कुमार तिवारी, ज्ञानसिंह, गंगाराम चौरसिया, सुशीला राजपूत, मीरा तिवारी, अखिलेश सैनी, मेघा आदि के साथ जनसमूह ने योग किया। इस अवसर पर डा. रामकिशोर, डा. विकास कुमार, डा. आदित्य मोहन अवस्थी आदि उपस्थित रहे।

### बिजली की चपेट में आने से भैंस की मौत

**महोबा।** खेत में भैंस चराते समय सोमवार को अचानक आसमान में बादल छा जाने के बाद गड़गडाहट के साथ आकाशीय बिजली गिरने से एक भैंस चपेट में आ गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इससे पशु पालक के सामने आर्थिक संकट पैदा हो गया है। घुसयाना वार्ड निवासी रामेश्वर प्रसाद 45 पुत्र गोपीचंद खे्ात में भैंस चरा रहा था, उसी समय अचानक आकाशीय बिजली गिर गई। पशु पालक बाल बाल बच गया, जबकि भैंस की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना सदर लेखपाल लक्ष्मण सिंह और पशु चिकित्सा अधिकारी को दी गई। मौके पर पहुंची राजस्व विभाग की टीम ने पशु पालक की हर संभव मदद किए जाने का अश्वासन दिया।

### शिविर में 12 लोगों ने किया रक्तदान

**हमीरपुर।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार सोमवार को जनपद न्यायालय सभागार में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में कुल 12 लोगों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम का उद्घाटन जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार राय व पुलिस अधीक्षक डॉ.दीक्षा शर्मा द्वारा फीता काटकर किया गया। इस मौके पर जिला चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ.एसपी गुप्ता ने रक्तदान से होने वाले फायदों एवं प्रचलित मिथकों के बारे में जानकारी दी। बताया गया। जनपद न्यायाधीश ने अपने संबोधन में बताया कि रक्तदान करने से किसी तरह की कमजोरी नहीं आती है। जबकि इससे शरीर और स्वस्थ बनता है। रक्तदान करने के बाद 24 घंटे में वापस शरीर में उतना ही रक्त बन जाता है। शिविर में प्रथम रक्तदानी के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव महेन्द्र कुमार पाण्डेय ने रक्तदान किया।

# आंधी से लाइन क्षतिग्रस्त होने 13 खंभे टूटने से बिजली गुल

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** क्षेत्र के बेरी गांव में बीते शनिवार को तेज आंधी से 13 पोल टूट गए थे। तबसे विद्युत आपूर्ति व्यवस्था ठप है। ऐसे में ग्रामीणों को गर्मी से जूझना पड़ रहा है।

क्षेत्र के बेरी, ककरऊ आदि गांव में तेज आंधी से विद्युत लाइन के 13 विद्युत पोल व तार टूट जाने से गांव की बिजली व्यवस्था ठप हो गई थी, बेरी निवासी सुरेश कुमार, हरिश्चंद्र निषाद ने बताया कि केवटरा मोहाल में शनिवार से विद्युत सप्लाई ठप होने से करीब 2000 आबादी इस भीषण गर्मी में जूझ रही है। जब इस बाबत में विद्युत विभाग के अवर अभियंता अभिषेक साहू से बात की तो उन्होंने बताया कि तेज आंधी से विद्युत लाइनों के 13 पोल टूट गए हैं। इसी के चलते विद्युत आपूर्ति बाधित है। जिसे चालू करने के लिए उनकी टीम काम कर रही है। खंभे खड़े करने में अभी दो दिन लगेंगे।

### बंडा में आपूर्ति 4 दिन से ठप

**सुमेरपुर।** चार दिन से बंडा गांव की आपूर्ति ठप होने से ग्रामीण गर्मी से जूझ रहे हैं। जेई फोन नहीं उठाते हैं। ग्रामीणों ने एसडीओ से आपूर्ति बहाल करने की मांग की है। एसडीओ ने शाम तक आपूर्ति बहाल करने का आश्वासन दिया है। बंडा के पूर्व प्रधान एवं जनसत्ता दल के जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि फाल्ट के चलते पिछले चार दिनों से गांव की आपूर्ति ठप है।

# बच्चे को रेफर करने पर सभासद का हंगामा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



महिला सभासद को समझाती पुलिस। अमृत विचार

- दस्त की शिकायत होने पर जिला अस्पताल में भर्ती हुआ था बच्चा
- कानपुर रेफर करने पर हंगामा पुलिस ने किसी तरह समझाया

**अमृत विचार।** दस्त के चलते जिला अस्पताल में भर्ती मासूम को बेहतर इलाज के लिए कानपुर रेफर करने पर महिला सभासद ने सोमवार को जिला अस्पताल में जमकर हंगामा काटा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझा-बुझाकर प्राथमिक उपचार के बाद बच्चे को मां के साथ कानपुर भिजवा दिया।

शहर के कांशीराम कालोनी के रहने वाले विमल की पत्नी आशा अपने छह माह के बच्चे को दस्त की शिकायत होने पर मोहल्ले की महिला सभासद रजनी के साथ जिला अस्पताल पहुंची थी। अस्पताल में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ.आशुतोष निरंजन ने ओपीडी छोड़कर बच्चे को इमरजेंसी वार्ड में भर्ती करवा दिया। इलाज के दौरान बच्चे की हालत ठीक न होने पर डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए कानपुर रेफर कर दिया।

बच्चे को कानपुर रेफर किए जाने पर सभासद रजनी ने बाल रोग विशेषज्ञ डॉ.आशुतोष निरंजन पर इलाज न करने और अचानक रेफर कर देने का आरोप लगाते हुए जिला अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिया। अस्पताल में हंगामे की सूचना पर सदर कोतवाली पुलिस पहुंची। काफी देर तक हंगामे के हालात बने रहे। बाद में पुलिस ने सभासद रजनी को समझा-बुझाकर शांत किया और प्राथमिक उपचार के बाद बच्चे को मां के साथ कानपुर भिजवा दिया।

**बुखार से कमजोर हो गया बच्चाः डॉ.आशुतोषः**बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. आशुतोष निरंजन का कहना है कि बच्चे को लगभग एक सप्ताह से बुखार और दस्त होने के कारण कमजोरी आ गई थी। उसकी हालत को देखते हुए भर्ती किया गया था। इलाज के दौरान हालत में सुधार न होने पर बेहतर इलाज के लिए कानपुर रेफर किया था।

योजना का लाभ मिला | कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम आयोजित कर मुख्यमंत्री का दिखाया सीधा प्रसारण

# 111 लाभार्थियों के परिवारों को 4 .22 करोड़ के चेक

कार्यालय संवाददाता, महोबा



लाभार्थी के प्रतीकात्मक चेक देतीं जिलाधिकारी गजल भारद्वाज। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत कृषक आश्रित परिवारों को अम्बेडकर नगर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अम्बेडकर नगर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में 561.86 करोड़ की कृषक आश्रित परिवारों को आर्थिक सहायता सीधे उनक खातों में प्रेषित की गई। जिसका सीधा प्रसारण महोबा जनपद में कलेक्ट्रेट सभागार में दिखाया गया।

उधर, कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम आयोजित कर जिले के 111 लाभार्थियों के कृषक परिवारों को 4 करोड़ 22 लाख 65 हजार रुपये की डेमो चेक वितरित की गई। वास्तविक सहायता राशि डीवीटी के माध्यम से पात्रों के सीधे खातों में भेजी गई। जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने आश्रितों को डेमो चेक वितरित की। उन्होने कहा कि यह योजना उन किसानों और उनके परिवारों के लिए आशा की किरण है, जिन्होंने अकाल दुर्घटनाओं में अपनों को खोया है।

जनपद की कुलपहाड़ तहसील में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें संबंधित उपजिलाधिकारी, तहसीलदार व सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे। प्रत्येक स्थान पर लाभार्थियों को योजना के बारे में जानकारी दी गई और शासन की संवेदनशीलता का अहसास कराया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी ने कहा, कि यह योजना न केवल आर्थिक सहारा है, बल्कि प्रदेश सरकार का उन किसानों के प्रति कर्तव्य बोध है, जिनका जीवन खेतों से जुड़ा है।

इस मौके पर अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका अवधेश कुमार, जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी, अपर जिलाधिकारी वित्तध्राजस्व राम प्रकाश, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ संतोष चौरसिया, हमीरपुर डिस्टिक कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष चक्रपाणि त्रिपाठी, राहुल अग्रवाल, पुष्पेंद्र गुप्ता सहित तमाम भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे।

# मेला मे 85 मरीजों की जांची गई सेहत

संवाददाता, जैतपुर

- मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में जुटी ग्रामीणों की भीड़
- खमा और अजनर गांव में लगा आरोग्य मेला

**अमृत विचार।** मुख्य चिकित्साधिकारी डा. आशाराम के निर्देशन मे चिकित्साधीक्षक सीएचसी जैतपुर की देखरेख मे मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का खमा और अजनर गांव में आयोजन किया गया। जहां पर भारी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुटी। आरोग्य मेला में लगभग 85 मरीजो की सेहत की जांच की गई।

अजनर मे डा. रामकुमार, फार्मासिस्ट शिवकरन, एलटी शैलेन्द्र भगवती, नीतू, अरूण, बिनोद की मौजूदगी मे 41 मरीजो का इलाज किया गया। तेज गर्मी के चलते आज गर्भवती महिलाओ ने मेले मे आकर स्वास्थ सलाह ली और खून की जांच कराई।

उधर खमा गांव में आयोजित आरोग्य मेले में 44 मरीजों का इलाज किया गया। आरोग्य मेले में सुबह से ही ग्रामीण अंचलों के मरीजों की भीड़ शुरू हो गई। जिनका पहले पंजीयन किया गया, बाद में उनका चेकअप हुआ। जहां पर डॉ0 पीएन शर्मा, डॉ0 जेपी पस्तोर, फार्मासिस्ट शैलेन्द्र सिह प्रेमनारायण रहे मौजूद रहे।

**एक नजर**

### संजना को नीट में मिली 9415वीं रैंक

पहाड़ी (चित्रकूट)। बाबूपुर गांव की संजना सिंह ने नीट परीक्षा में आल इंडिया रैंक 9415 पाई है। उसे ओबीसी कैटेगरी में 4270वीं रैंक हासिल हुई। संजना को हाईस्कूल में 91फीसदी एवं इंटरमीडिएट में 89 फीसदी अंक मिले थे। वह नीट परीक्षा की तैयारी कोटा में कर रही थी। उसके पिता रमेश चंद्र सिंह कंपोजिट विद्यालय पहाड़ी में प्रधानाध्यापक और मां सुमन सिंह गृहिणी हैं। छात्रा ने अपनी सफलता का श्रेय गुरुजनों एवं मां-पिता को दिया।


संजना सिंह।

### करंट की चपेट में आकर भैंस की हुई मौत

पहाड़ी (चित्रकूट)। करंट की चपेट में आने से एक किसान की भैंस की मौत हो गई। नांदी रोड निवासी रज्जन पुत्र नंदलाल ने बताया कि वह सोमवार को अपनी भैंस चरा रहा था। दोपहर को खाना खाने घर आ गया। इसी दौरान भैस चरते चरते गांव अंदर एक बिजली के खंभे से टकरा गई और उसकी करंट से झुलसकर मौत हो गई। उसने बताया कि उसे लगभग पचास हजार का नुकसान हुआ। बिजली विभाग से मुआवजे की गुहार की है।

# जल जीवन मिशन के सभी काम धरातल पर किये जायें : कृष्णा देवी

## सांसद ने दिशा की बैठक में दिए दिशा-निर्देश, कहा गुणवत्तापूर्ण करायें सारे कार्य

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** सांसद कृष्णा देवी शिवशंकर पटेल ने जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में अधिकारियों से कहा कि जल जीवन मिशन के कामों को मैनपावर बढ़ाकर जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने आगाह किया कि काम धरातल पर और गुणवत्तापूर्ण होने चाहिए।

सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में सांसद ने जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन से कहा कि जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक अलग से जनप्रतिनिधियों के साथ कराई जाए। जिन गांवों में पेयजल पहुंचाया गया है, उसकी सूची फोटोग्राफ सहित बनाई जाये। साथ ही जिन सड़कों गलियों को दुरुस्त कराया गया है उसकी भी फोटोग्राफ सहित सूची सभी जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई जाए ताकि सभी को सही जानकारी मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में मुख्य रूप से सड़क एवं पानी की समस्याएं हैं। इनको दूर किया जाए। सड़कों का निर्माण कार्य का लोकार्पण, शिलान्यास भी जनप्रतिनिधियों से कराया जाए। फुंके ट्रांसफार्मरों को तत्काल बदलवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। बिजली की समस्या किसी भी दशा में नहीं होनी चाहिए। विभागीय अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों के नंबर भी फीड कराएं कि अगर कोई जनप्रतिनिधि फोन करे तो उसका जवाब अवश्य मिले और समय से आम आदमी का काम हो सके। मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने कहा कि बैठक में सुझावों और निर्देशों का अनुपालन संबंधित विभागों से कराया जाएगा। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभागों के कार्यों की सूची जनप्रतिनिधियों को संबंधित विभाग तत्काल उपलब्ध कराएं। बैठक का संचालन परियोजना निदेशक डीआरडीए सच्चिदानंद प्रसाद ने किया। बैठक में सदर विधायक अनिल प्रधान, विधायक मानिकपुर अविनाश चंद्र द्विवेदी सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।


दिशा की बैठक में समीक्षा करतीं सांसद कृष्णा देवी शिवशंकर पटेल। अमृत विचार

**सरकारी जमीनों की कराएं नाप**

सांसद ने अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र निगम को निर्देश दिए कि कि अभियान चलाकर चकरोड व गांव सभा की जमीनों की माप कराई जाए कि उन पर विकास कार्य कराए जा सकें। जो भी विकास कार्य कराए जा रहे हैं, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। इसका आप लोग विशेष ध्यान दें।

# किसान बोले, सड़कें तो खोद दीं पर बनाई नहीं, बरसात में होगी दिक्कत

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

- भाकियू की सदर और मऊ तहसील में हुई बैठक
- एसडीएम को समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौपा

**अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन की सदर तहसील एवं मऊ में बैठक हुई। इसमें किसानों ने सड़क-पानी आदि के मुद्दे उठाए। किसानों का कहना था कि नमामि गंगे योजना के तहत गांवों की सड़कों को उखाड़ दिया गया पर ठीक नहीं कराया गया। इससे बरसात में भारी दिक्कत होगी। बाद में किसानों ने मऊ में एसडीएम सौरभ यादव व कर्वी में नायब तहसीलदार को ज्ञापन दिया।

तहसील प्रभारी नीलकंठ द्विवेदी ने बताया कि नमामि गंगे योजना के तहत पाइप बिछाने के लिए गलियों में सड़कों को उखाड़ दिया गया है। पानी तो आया नहीं बल्कि सड़कों पर चलना दुश्वार हो गया है। उन्होंने पश्चिम पताई एवं सिलौटा पंप कैनाल द्वारा संचालित नहरों की सफाई कराने और टेल तक पानी पहुंचाने की आवश्यकता बताई।

कर्वी ब्लॉक अध्यक्ष नरेश सिंह ने कहा कि सालों से हदबंदी पड़े लंबित मामले अविलंब निपटाए जाएं। खोह के किसान हदबंदी से परेशान हैं। कई बार बताने के बाद भी समाधान नहीं होता। संग्रामपुर, खोही के किसानों ने हैंडपंप खराबी की समस्या बताई। कहा कि इनसे गंदा पानी निकलता है।


एसडीएम मऊ सौरभ यादव को ज्ञापन देते भाकियू के पदाधिकारी। अमृत विचार

जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र सिंह ने गौशालाओं में तीस जून तक मवेशियों को संरक्षित किए जाने, तहसील परिसर में पीने के पानी की व्यवस्था आदि समस्याएं रखीं। उन्होंने कहा कि कानूनगो द्वारा रिपोर्ट लगाने के नाम पर बार बार लौटाया जाता है, जिससे किसानों में भारी आक्रोश है। बताय कि किसान दिवस पर इससे जिलाधिकारी को अवगत कराया जाएगा। बैठकों में नरेश तिवारी, शत्रुघ्न सिंह, पप्पू सिंह, संतगोपाल, रामेश्वर, शिव सिंह, कमलेश पटेल, राममिलन, रमाशंकर मिश्र, श्रीकेशन राजपूत आदि पदाधिकारी और किसान मौजूद रहे।

# ग्राम प्रधान पर निर्माण ढहाने का लगाया आरोप

संवाददाता, बरगढ़ चित्रकूट

**अमृत विचार।** कस्बा निवासी एक महिला ने ग्राम प्रधान पर नशे में धुत होकर गालीगलौज करने और घर की निर्माणाधीन दीवार को गिराने का आरोप लगाया है। उसने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। उधर, ग्राम प्रधान ने आरोपों से इंकार किया है।

कस्बा निवासी प्रीती गुप्ता ने थाने में दी तहरीर में बताया है कि बीती रात गांव प्रधान शैलेश शुक्ला नशे में गांव के कुछ अन्य लोगों के साथ उसके घर पहुंचे और निर्माणाधीन दीवार गिराने लगे। जब उसने पूछा कि क्या कर रहे हो तो इन लोगों ने गालीगलौज की। पति के समझाने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। उसने पुलिस से मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उधर, ग्राम प्रधान शैलेश शुक्ला ने बताया कि ये लोग पुरातत्व विभाग की जमीन पर अवैध निर्माण कर रहे थे। बाहर के मजदूरों को बुलाकर रात में काम कराया जा रहा था। इस पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। प्रधान का आरोप है कि इन लोगों ने पुलिसकर्मियों से भी अभद्रता की। प्रधान ने आरोपों से इंकार किया और कहा कि इन लोगों ने झूठी तहरीर दी है। एसओ शिवआसरे ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि जैसे ही सूचना मिली, तत्काल मौके पर पहुंच कर मामले को शांत कराया गया। एसडीएम की उपस्थिति में लेखपाल ने नाप की। रात के अंधेरे में दो ट्रक खड़े कर गुप्त रूप से निर्माण कार्य कराया जा रहा था। दोनों पक्षों को समझा बुझा कर शांत कराया गया।

# बैंककर्मी की अचानक हालत बिगड़ने से हुई मौत

**चित्रकूट।** बैंक आफ बड़ौदा की कर्वी शाखा में कार्यरत क्लर्क की तबीयत बिगड़ी, सहकर्मी उसे अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के फुफेरे भाई अभिषेक मिश्रा ने बताया कि संदीप मिश्रा (30) पुत्र सुशील मिश्रा निवासी इटहा कोटवा जिला लखीमपुर खीरी तीन साल से कर्वी में तैनात थे। मामले की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

रविवार को उनको संदीप के सहकर्मियों ने सूचना दी कि उसकी तबीयत अचानक खराब हो गई है। वह चक्कर खाकर बेहोश हो गए हैं। वे लोग उनको अस्पताल ले जा रहे हैं। अभिषेक ने बताया कि जब वे लोग रात को यहां पहुंचे तो संदीप की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

# वैज्ञानिक सोच के साथ आगे बढ़ें किसान : त्यागी

संवाददाता, सीतापुर चित्रकूट

- दो दिन तक टिकाऊ खेती पर हुआ विचार-विमर्श
- तमाम कृषि वैज्ञानिकों व विशेषज्ञों ने किया संबोधित

**अमृत विचार।** दीनदयाल शोध संस्थान एवं विंध्यांचल कृषक उत्पादक संगठन ग्वालियर के संयुक्त तत्वावधान में टिकाऊ कृषि पर दो दिवसीय कार्यशाला व ग्रामीण कृषक क्रेता-विक्रेता सम्मेलन का सोमवार को समापन हो गया। इस मौके पर कृषि विशेषज्ञ और पद्मश्री बाबूलाल दहिया ने कहा कि पहले खेती पेट के लिए रहती थी, आज की खेती सेठ की खेती हो गई है। हमें ऐसे अनाज की आवश्यकता है, जो आर्थिक के साथ स्वास्थ्य लाभ भी दे सकें।

उद्यमिता विद्यापीठ के लोहिया सभागार दीनदयाल परिसर में दो दिन तक खेती की आवश्यकताओं पर मंथन हुआ। कार्यशाला संयोजक डॉ. मनोज त्रिपाठी ने बताया कि कार्यशाला का मकसद किसान और सरकारी संस्थाओं के बीच बेहतर समन्वय करना है।



टिकाऊ कृषि पर हुई कार्यशाला में मौजूद विशेषज्ञ। अमृत विचार

डॉ. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह निदेशक, राष्ट्रीय पादप आनुवांशिक संसाधन ब्यूरो ने बताया कि औपचारिक बीज एवं अनौपचारिक बीज का आंशिक संशोधन करके किसानों के पास भेजना और उसे लाभप्रद बनाना होगा। बताया कि नए बीजों का प्रयोग नदी के किनारे वाले क्षेत्रों पर ज्यादा किया गया, जिससे इनका क्षेत्र सीमित रह गया। बीजों का तकनीकी हस्तांतरण नहीं हो पाया। किसान समूहों के माध्यम से बीजों को किसानों के पास पहुंचाना आवश्यक है, जिससे इनकी स्थिति में सुधार हो सके। डा. शंकरलाल जाट निदेशक भारतीय मक्का अनुसंधान संस्थान जबलपुर ने उत्पादन, उपभोक्ता और बाजार को आपस में जोड़ने की आवश्यकता बताई। पद्मश्री भारत भूषण त्यागी ने कहा कि हम प्रकृति के सिद्धांतों को समझे और वैज्ञानिक सोच से आगे बढ़ें। पद्मश्री उमाशंकर पांडेय ने कहा कि वर्तमान समय में यहां के सर्वाधिक गेहूं का प्रदेश सरकार ने क्रय किया है, जो बुंदेलखंड की प्रगति को दर्शाता है। डा. शांतनु कुमार दुबे निदेशक आईसीएआर अटारी कानपुर ने बताया कि किसान उत्पादन के मूल्य संवर्धन में किसानों के समूहों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस मौके पर पद्मश्री कंवल सिंह, पद्मश्री सेठपाल सिंह, पद्मश्री लक्ष्मन सिंह, गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता, सीरी पिलानी के प्रिसिंपल डा ऋषि शर्मा, डा. प्रवीण सिंह, डा. ओएन त्रिपाठी, डा. अनिल तोमर, डा. ओम त्यागी, डा. कुलदीप त्रिपाठी, आईआईएम अहमदाबाद से डा. वरुण यादव, आईआईटी रुड़की के आशीष पांडेय, आईआर के सीनियर साइंटिस्ट डा. पुनीत चौहान आदि ने विचार रखे। दीनदयाल शोध संस्थान के कोषाध्यक्ष वसंत पंडित, सीएस कोषाध्यक्ष वसंत पंडित ने सभी का आभार जताया। कृषकों को अतिथियों ने प्रमाणपत्र सौंपे।

**किसान बनाएं अपना व्हाट्सएप ग्रुप**

- डॉ. राजवीर सिंह उप महानिदेशक भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली ने बताया कि किसानों के सामने बाजार की समस्या आती है, जिसमें सुधार की जरूरत है। किसानों का एक व्हाट्सअप ग्रुप बनाना चाहिए जिससे प्रत्येक सूचना भेजी जा सके। इसमें उत्पादक, मालवाहक, मंडी का सही समन्वय होना चाहिए।

**सरकार को करना होगा एक मंच स्थापित : मुंडले**

- समापन सत्र में अध्यक्षीय उद्बोधन करते हुए कृषि विशेषज्ञ निखिल मुंडले ने कहा कि टिकाऊ कृषि प्रथाओं को अपनाने के लिए, किसानों को वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान करने के साथ साथ कृषक-क्रेता-विक्रेता संबंधों को मजबूत करने के लिए सरकार को एक मंच स्थापित करना होगा। जहां ये सभी पक्ष एक साथ आ सकें और एक दूसरे के साथ बातचीत कर सहभागी बन सकें।

# कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के लाभार्थियों को बांटे गये चेक

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत सोमवार को अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने जिले के किसानों को सहायता राशि के चेक वितरित किये। इस दौरान आंबेडकरनगर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश के 11690 परिवारों को 561.86 करोड़ रुपये की सहायता राशि के वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी देखा गया

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य, जिलाध्यक्ष कोआपरेटिव बैंक पंकज अग्रवाल, अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र निगम, उप जिलाधिकारी पूजा साहू, जिला मंत्री मनोज तिवारी आदि इस मौके पर मौजूद रहे। जिलाधिकारी व जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के लाभार्थियों सावित्री देवी, अनुराधा देवी, कमला देवी, मीरा देवी, पदमा, फूला देवी, निर्मला, भोड़ी देवी, विद्या देवी, रेखा, शिवप्यारी, शहनाज बानो, कमलेश आदि को चेक का वितरण किया। कार्यक्रम में तहसीलदार कर्वी चंद्रकांत तिवारी, नायब तहसीलदार मंगल सिंह आदि मौजूद रहे।


लाभार्थी को चेक देते जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन साथ में मौजूद जनप्रतिनिधि।

# अरविंद सोनकर ने क्रीड़ाधिकारी का कार्यभार संभाला

**चित्रकूट।** क्रीड़ाधिकारी अरविंद कुमार सोनकर ने सोमवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया। वह प्रयागराज से स्थानांतरित होकर आए हैं। क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी भानु प्रसाद ने नवागंतुक क्रीड़ाधिकारी को स्पोर्ट्स स्टेडियम में कार्यभार ग्रहण कराया। अरविंद कुमार लान टेनिस के अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी रहे हैं। इस अवसर पर खेल प्रशिक्षक, कर्मचारी, खेल प्रशिक्षु आदि मौजूद रहे। साथ ही उन्होने कहा कि खेलों को प्रोत्साहन देने के लिये हससंभव कार्य होंगे।


अरविंद कुमार।

# पहले समाज के पचास विधायक थे अब सिर्फ चार हैं

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

- कायस्थ समागम में वन मंत्री अरुण कुमार सक्सेना ने लोगों को किया संबोधित

**अमृत विचार।** कायस्थ समागम एवं भगवान चित्रगुप्त मंदिर में श्रीरामचरित मानस के अखंड पाठ के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के वन एवम् पर्यावरण मंत्री अरुण सक्सेना ने समाज के लोगों को राजनीतिक और सामाजिक प्रगति की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि पहले समाज के पचास विधायक थे और अब घटकर यह संख्या चार पर पहुंच गई है।

उन्होंने कहा कि सन 1957 में पचास विधायक हमारे समाज के और सरकारी नौकरी में चालीस प्रतिशत कायस्थ थे और आज सिर्फ तीन विधायक और एक एमएलसी है। राजनीतिक पार्टियों के मन में है कि कायस्थ समाज वोट डालने नहीं जाता। चालीस प्रतिशत भी पड़ जाए तो बहुत है। उन्होंने कहा कि सभी लोग पहले लाइन में लग के वोट डालें, किसी को भी डाले लेकिन मतदान अवश्य करें। उन्होंने कायस्थ समाज को चेताते हुए कहा कि अगर वोट नहीं डालने जाएंगे तो राजनीतिक और सामाजिक अधिकारों से वंचित हो जाएंगे। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान चित्रगुप्त मंदिर में यज्ञ से हुई। वन मंत्री ने चित्रगुप्त मंदिर पहुंच कर इसमें पूजन किया। संचालन युवा अध्यक्ष विवेक श्रीवास्तव ने किया। अध्यक्षता कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने की। कार्यक्रम के पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया। राजोत्सव परिसर भैरोंपागा में कायस्थ समागम और चित्रगुप्त मंदिर के पूजन यज्ञ का आयोजन किया गया।


कायस्थ समागम में बोलते वन मंत्री अरुण कुमार सक्सेना। अमृत विचार

इसके पश्चात ग्राम छपरा माफी में पौधरोपण किया गया। इस मौके पर डा. मुकेश श्रीवास्तव, विश्व मोहन, कुश श्रीवास्तव, मेघना श्रीवास्तव के साथ स्थानीय इकाई के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**उपेक्षा का शिकार** — हर पटल पर कर्मचारी की कमी, कैसे विकसित होगा ब्लाक

# आकांक्षी विकासखंड का दर्जा मिलने के बाद भी हाल बदतर

हरी नारायण पांडेय, रामनगर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** रामनगर को आकांक्षी ब्लाक का दर्जा मिल तो गया है पर यहां विकास की उम्मीदें दम तोड़ती नजर आ रही हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह अधिकारियों और कर्मचारियों की कमी है।

आकांक्षी ब्लाक रामनगर के विकास को रफ्तार पर लाने के लिए सफाई, शिक्षा, पेयजल, बिजली, सड़क आदि 50 सूचकांकों पर प्रगति के प्रयास किए जाने हैं लेकिन सभी पटलों पर कर्मचारी की भारी कमी है। सहायक विकास अधिकारी पंचायत का पद दो वर्ष से रिक्त है। यहां सचिव को अतिरिक्त प्रभार देकर औपचारिकता पूरी की जा रही है। इसी तरह एडीओ कोआपरेटिव, एडीओ समाज कल्याण पद पर किसी की भी तैनाती नहीं की गई है। एडीओ आईएसबी को कर्वी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। अकाउंटेंट अतुलकांत खरे को रामनगर के साथ मऊ का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। कनिष्ठ सहायक का पद भी रिक्त है। ग्रामीण आरोप लगाते हैं कि ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, लघु सिंचाई विभाग के जो जेई तैनात भी हैं वे अक्सर नदारद रहते हैं। हाल ही में सचिव बनकर आए अनुराग पांडेय को एडीओ पंचायत का अतिरिक्त चार्ज देकर काम लिया जरूर जा रहा है पर उनकी कार्यशैली को लेकर लोगों में कई तरह की बातें हैं। पंचायत सहायक बताते हैं कि ग्राम प्रधान व सचिव का हर दो वर्ष में डोंगल (डिजिटल हस्ताक्षर) को रिन्युवल किया जाता है लेकिन पंचायत सहायक के द्वारा बनाए जाने पर एडीओ पंचायत द्वारा स्वीकृति नहीं दी जा रही है, जिससे कई ग्राम पंचायतें प्रभावित हो रही हैं। बताया गया कि कर्मचारियों की कमी को लेकर हर स्तर पर पत्र लिखकर जानकारी दी जा चुकी है लेकिन कुछ नहीं हुआ। मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजना की मानीटरिंग के लिए एपीओ का पद महत्वपूर्ण है लेकिन रामनगर में तैनाती नहीं की गई। कंप्यूटर के लिए संविदाकर्मियों से ही काम लिया जा रहा है।





खंड विकास अधिकारी महिमा विद्यार्थी। ब्लाक कार्यालय रामनगर। अमृत विचार

**गुणवत्तापूर्व काम कराना चुनौती: बीडीओ**

खंड विकास अधिकारी महिमा विद्यार्थी ने यहां हाल ही में कार्यभार संभाला है। उन्होंने भी कर्मचारियों की कमी बताई। बताया कि आकांक्षी ब्लाक में विभिन्न पदों के सापेक्ष कर्मचारियों की कमी है। ऐसे में निर्धारित अवधि में गुणवत्तापूर्ण काम कराना किसी चुनौती से कम नहीं है। यहां पर तो कोई एक दिन के लिए कर्मचारी मिलता है तो कोई तीन दिन के लिए पर काम तो हर हाल में कराना ही है।

# जिला कारागार के बंदी अब जिम में बनायेंगे सेहत

**चित्रकूट।** जिला कारागार में सोमवार को राजेश कुमार श्रीवास्तव उपमहानिरीक्षक कारागार प्रयागराज परिक्षेत्र प्रयागराज ने कारागार की उच्च सुरक्षा बैरकों में निरुद्ध बंदियों सहित सभी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने जेल में निरुद्ध बंदियों के स्वास्थ्य के लिए ओपन जिम का उद्घाटन किया।

इस दौरान समाजसेवी संस्था शिव नादर फाउंडेशन द्वारा शिक्षित किए गए 30 निरक्षर महिला व पुरुष बंदियों को प्रमाणपत्र दिए गए। पठन पाठन सामग्री का बैग भी वितरित किया गया। डीआईजी ने सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और संस्था सहित कारागार के अधिकारियों की सराहना की। ओपन जिम कारागार के गिर्दा प्रांगण में बनाया गया है और इसमें आठ मशीनें लगाई गई हैं।

# तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार को कुचला, मौत

संवाददाता, राजापुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** तुलसी चौक यमुना पुल के पास तेज रफ्तार डंपर ने एक बाइकसवार को रौंद दिया। इससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में काफी देर तक वह सड़क पर पड़ा तड़पता रहा। आसपास के लोगों ने परिजनों व पुलिस को सूचना दी तो उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। यहां से उसे मेडिकल कॉलेज प्रयागराज रिफर कर दिया गया। रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। वहीं इसके बाद वह डंपर चालक डंपर छोड़कर भाग निकला।

जानकारी के मुताबिक, राजापुर कस्बे के वार्ड नंबर नौ गयागंज निवासी शिवनरेश याज्ञिक (42) पुत्र देवीचरण सोमवार को किसी काम से कौशांबी जिले की ओर जा रहा था। जायसवाल ढाबा के समीप तेज रफ्तार डंपर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी और उसे रौंद दिया। आसपास के लोगों ने परिजनों तथा थानाध्यक्ष प्रवीण सिंह को सूचना दी। सूचना पाकर एसओ पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर डा. प्रमोद कुमार ने प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया पर रास्ते में ही उसकी सांसें थम गईं।

मृतक के परिवार में पत्नी मीनू तथा एक पुत्र लकी (6) व एक पुत्री अनन्या (11) है। थानाध्यक्ष प्रवीण सिंह ने बताया कि डंपर को बरामद कर लिया गया है और चालक की तलाश की जा रही है। परिजनों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# 14 माह के निचले स्तर पर थोक महंगाई

## खाद्य वस्तुओं, विनिर्मित उत्पादों और ईंधन की कीमतों में नरमी से 0.39% पर आई

नई दिल्ली, एजेंसी



खाद्य वस्तुओं, विनिर्मित उत्पादों और ईंधन की कीमतों में नरमी के बीच मई में थोक मुद्रास्फीति (डब्ल्यूपीआई) घटकर 14 महीने के निचले स्तर 0.39% आ गई। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि वैश्विक स्तर पर तनाव के कारण कीमतें बढ़ सकती हैं। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल में 0.85% और मई 2024 में 2.74% रही थी।

उद्योग मंत्रालय ने कहा, मुख्य तौर पर खाद्य उत्पादों, बिजली, अन्य विनिर्माण, रसायनों व रासायनिक उत्पादों, अन्य परिवहन उपकरणों और गैर-खाद्य वस्तुओं के विनिर्माण आदि की कीमतों में वृद्धि इसकी मुख्य वजह रही। थोक मूल्य सूचकांक के आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की कीमतों में मई में 1.56% की गिरावट देखी गई, जबकि अप्रैल में इनमें 0.86% की गिरावट आई थी। सब्जियों के दाम में भारी गिरावट आई। सब्जियां मई में 21.62% सस्ती हुईं जबकि अप्रैल में इनकी कीमतें 18.26% घटी थीं। विनिर्मित उत्पादों में मुद्रास्फीति 2.04% रही, जबकि अप्रैल में यह 2.62% थी। ईंधन और बिजली में भी मई में मुद्रास्फीति 2.27% रही जबकि अप्रैल में यह 2.18% थी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) मौद्रिक नीति तैयार करते समय मुख्य रूप से खुदरा मुद्रास्फीति पर गौर करता है। खुदरा मुद्रास्फीति मई में घटकर छह वर्ष के निचले स्तर 2.82% पर आ गई, जिसका मुख्य कारण खाद्य कीमतों में नरमी रही। पिछले सप्ताह जारी आंकड़ों में यह जानकारी मिली। आरबीआई ने मुद्रास्फीति में नरमी के बीच इस महीने नीतिगत ब्याज दर में 0.50% की भारी कटौती कर इसे 5.50% कर दिया था।

रेटिंग एजेंसी इक्रा के वरिष्ठ अर्थशास्त्री राहुल अग्रवाल ने कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून के शीघ्र आगमन के बावजूद इसकी प्रगति जून में ही रुक गई, जो 15 जून तक के सामान्य स्तर से 31% कम रही। मानसून का अस्थायी एवं स्थानिक वितरण फसल के पूर्वानुमान व परिणामस्वरूप खाद्य मुद्रास्फीति के लिए महत्वपूर्ण बना हुआ हैं। इज़राइल और ईरान के बीच तनाव बढ़ने के बाद कच्चे तेल की कीमतों में काफी तेजी है। उद्योग मंडल पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने कहा कि थोक मुद्रास्फीति में गिरावट से कारोबारी धारणा को बढ़ावा मिलेगा क्योंकि इससे उत्पादन की लागत कम होगी।

### निर्यात घटकर 38.73 तो व्यापार घाटा 21.88 अरब डॉलर

**नई दिल्ली।** देश का निर्यात मई में 2.17 प्रतिशत घटकर 38.73 अरब डॉलर रह गया। वहीं व्यापार घाटा इस दौरान 21.88 अरब डॉलर रहा। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी मिली। मई में आयात सालाना आधार पर 1.7 प्रतिशत घटकर 60.61 अरब डॉलर रह गया। आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-मई 2025-26 के दौरान निर्यात बढ़कर 77.19 अरब डॉलर हो गया, जबकि आयात बढ़कर 125.52 अरब डॉलर रहा।

# खुदरा निवेश : आर्थिक आत्मनिर्भरता

खुदरा निवेश (रिटेल इंवेस्टमेंट) वह प्रक्रिया है जिसमें आमजन – जैसे नौकरीपेशा, व्यापारी, गृहिणी या छात्र– अपनी बचत को शेयर बाजार, म्यूचुअल फंड, बॉण्ड, बीमा या अन्य वित्तीय साधनों में निवेश करते हैं। यह छोटे पैमाने पर होने वाला निवेश है, लेकिन इसका असर व्यापक होता है क्योंकि यह पूंजी बाजार की स्थिरता और तरलता बढ़ाता है। खुदरा निवेशकों की भागीदारी हाल के वर्षों में डिजिटल प्लेटफॉर्म्स और जागरूकता अभियानों से बढ़ी है। इसमें निवेश करने से व्यक्ति न केवल अपनी भविष्य की जरूरतों के लिए बचत करता है, बल्कि धन वृद्धि के अवसर भी प्राप्त करता है। हालांकि, इसके साथ जोखिम भी जुड़े होते हैं, इसलिए निवेश करने से पहले सही जानकारी और कानूनी प्रावधानों को समझना आवश्यक होता है। खुदरा निवेश, यदि विवेकपूर्ण ढंग से किया जाए, तो आर्थिक सुरक्षा का एक मजबूत माध्यम बन सकता है।



### खुदरा निवेश के लाभ

- पूंजी में वृद्धि का अवसर, मुद्रास्फीति के खिलाफ बचाव, कर लाभ (धारा 80सी व अन्य प्रावधानों के अंतर्गत), भविष्य के लक्ष्यों (जैसे रिटायरमेंट, शिक्षा) के लिए पूंजी निर्माण, आंशिक निवेश की सुविधा (कम राशि से शुरुआत)

### संभावित जोखिम

- शेयर बाजार में अस्थिरता से पूंजी हानि, गलत जानकारी या सलाह के कारण नुकसान, धोखाधड़ी व साइबर फ्रॉड का खतरा, बिना विविधीकरण के निवेश से जोखिम बढ़ता है

### कैसे करें खुदरा निवेश

- **शेयर बाजार :** स्टॉक्स या इक्विटी में निवेश करने के लिए डीमैट खाता और ट्रेडिंग खाता खोलना होता है।
- **म्यूचुअल फंड :** एसआईपी (सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) के जरिए नियमित निवेश।
- **बॉण्ड व सरकारी प्रतिभूतियां :** सुरक्षित और निश्चित रिटर्न के विकल्प।
- **बीमा व पीएफ :** सुरक्षा और बचत का मिश्रण।
- **डिजिटल प्लेटफॉर्म :** मोबाइल ऐप्स और पोर्टल के माध्यम से आसान निवेश सुविधा।

### कानूनी और नियामकीय पक्ष

- भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) खुदरा निवेश की निगरानी करता है। निवेशकों के हितों की सुरक्षा के लिए केवाईसी, डीमैट, पैन अनिवार्य। म्यूचुअल फंड्स व अन्य स्कीम्स सेबी से पंजीकृत होती हैं। शिकायतों के निपटारे के लिए सेबी, स्कोर्स प्लेटफॉर्म उपलब्ध।

### संयम और योजना जरूरी

- खुदरा निवेश में संयम, जानकारी और योजना जरूरी है। उचित मार्गदर्शन से यह आम व्यक्ति के लिए आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम बन सकता है।

# मजबूत संकेतों से सेंसेक्स 678 अंक उछला

मुंबई, एजेंसी



- निफ्टी में भी दर्ज की गई 228 अंक की बढ़त

मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) एवं पेट्रोलियम शेयरों में खरीदारी और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी आने से सोमवार को स्थानीय शेयर बाजारों में तेजी लौट आई। मानक सूचकांक सेंसेक्स में करीब 678 अंक और निफ्टी में 228 अंक की बढ़त दर्ज की गई।

शेयर बाजारों में दो दिन के बाद तेजी लौट आई। ईरान-इजराइल संघर्ष से दो सत्रों में सेंसेक्स 1,396.54 अंक और निफ्टी 422.8 अंक गिर गया था। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से अल्ट्राटेक सीमेंट, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), एशियन पेंट्स, टाटा स्टील और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ, टाटा मोटर्स, अडाणी पोर्ट्स और सन फार्मा के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। जियोजीत इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ईरान-इजराइल संघर्ष से भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने के बावजूद भारतीय बाजार दिग्गज शेयरों के दम पर बढ़त लेने में सफल रहे। निवेशकों ने उतार-चढ़ाव भरे समय में दीर्घकालिक बुनियादी पहलुओं पर अपनी स्थिति बरकरार रखी। बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.93 जबकि स्मालकैप 0.38% चढ़ गया। सर्वाधिक 1.50% की बढ़त आईटी खंड में दर्ज की गई जबकि प्रौद्योगिकी खंड में 1.35 और तेल एवं गैस खंड में 1.22% की तेजी रही।

# एसबीआई ने ब्याज दरों में 0.5% की कटौती की

नई दिल्ली, एजेंसी


- आरबीआई के नीतिगत दर में कटौती के बाद लिया निर्णय

देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने ब्याज दरों में 0.5% की कटौती की है, जिससे मौजूदा तथा नए उधारकर्ताओं दोनों के लिए ऋण सस्ता हो गया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नीतिगत दर में 0.5% की कटौती के बाद एसबीआई ने निर्णय लिया है।

एसबीआई की रेपो आधारित ब्याज दर (आरएलएलआर) में 0.5% की कटौती के साथ यह अब 7.75% हो गई है। बाह्य मानक आधारित ब्याज दर (ईबीएलआर) में भी 0.5% की कटौती की गई और यह 8.65 से अब 8.15% हो गई है। एसबीआई की वेबसाइट पर दी गई अद्यतन दर की जानकारी के अनुसार, संशोधित दरें 15 जून 2025 से लागू हो गई। बैंक के इस कदम से रेपो आधारित ब्याज से जुड़े कर्ज सस्ते होंगे। इससे आवास, वाहन, व्यक्तिगत कर्ज लेने वाले नये और मौजूदा खुदरा ग्राहकों के अलावा सूक्ष्म, लघु एवं मझोले मध्यम उद्यम (एमएसएमई) कर्जदारों को लाभ होगा।

# कंपनियों के राजस्व में स्थिर वृद्धि की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी



- रेटिंग एजेंसी इक्रा ने कहा- क्रमिक सुधार के बाद अप्रैल-जून तिमाही में कंपनियों का परिचालन लाभ मार्जिन 18.2 से 18.5 प्रतिशत पर रहने का अनुमान

मजबूत घरेलू मांग के दम पर भारतीय उद्योग जगत की राजस्व वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में स्थिर रहने की उम्मीद है। मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव का मांग पर असर रहने की आशंका है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने सोमवार को एक रिपोर्ट में यह संभावना जताई।

इक्रा ने कहा कि पिछली कुछ तिमाहियों में क्रमिक सुधार के बाद अप्रैल-जून 2025 की तिमाही में भारतीय कंपनियों का परिचालन लाभ मार्जिन (ओपीएम) 18.2 से 18.5 प्रतिशत पर रहने का अनुमान है। पिछले कुछ महीनों में रेपो दर में हुई कुल 1% की कटौती से ब्याज लागत में कमी आने से भारतीय उद्योगों के लिए ब्याज कवरेज अनुपात में सुधार होगा। इक्रा में वरिष्ठ उपाध्यक्ष किंजल शाह ने कहा, हमें उम्मीद है कि निजी पूंजीगत व्यय सोच-समझकर ही किया जाएगा। इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर और वाहन खंड में इलेक्ट्रिक वाहनों जैसे खास क्षेत्रों में निवेश में वृद्धि जारी रहेगी। रेल और रक्षा क्षेत्रों से जुड़ी कंपनियों को भी जून तिमाही में अपने बड़े ऑर्डर से राजस्व और आय होगी। घरेलू मांग से वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में स्थिर राजस्व वृद्धि दर्ज करने की उम्मीद है।



## एक नजर

### चिकित्सकों की निगरानी में सोनिया, हालत स्थिर

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी (78 वर्षीय) की हालत स्थिर है, जिन्हें पेट संबंधी समस्या के चलते रविवार शाम को सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल से जारी बयान के अनुसार, सर गंगा राम अस्पताल के प्रमुख डॉ. अजय स्वरूप ने कहा, उन्हें पेट से संबंधित समस्या के लिए सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के तहत सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनकी हालत स्थिर हैं और डॉक्टर उनके स्वास्थ्य पर बारीकी से नजर रख रहे हैं।

### बम की धमकी पर निजी स्कूल की ली गई तलाशी

**जयपुर।** एक निजी स्कूल में बम की धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद पुलिस व सुरक्षा एजेंसियों ने शिक्षण संस्थान के परिसर की जांच पड़ताल की। सिटी पैलेस स्कूल की ईमेल आईडी पर स्कूल में बम रखे होने की धमकी मिली। प्रबंधन ने पुलिस को सूचित किया। बम निरोधक दस्ते व अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने जांच पड़ताल शुरू की। हालांकि तलाशी में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। इस स्कूल की संस्थापक दीया कुमारी राजस्थान की उपमुख्यमंत्री हैं।

### संजय भंडारी से जुड़े मामले में वाड्रा को नया समन

**नई दिल्ली।** ईडी ने ब्रिटेन में रह रहे हथियार सलाहकार संजय भंडारी से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा को नया समन जारी किया है। सूत्रों ने बताया कि वाड्रा को इस मामले में बयान दर्ज कराने के लिए 17 जून को संघीय जांच एजेंसी के समक्ष पेश होने को कहा गया है। मामले की जांच धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की जा रही है।

# आप जैसे लोगों के कारण भारतीय पासपोर्ट का घटा मान : सुप्रीम कोर्ट

## डंकी रूट या अवैध तरीके से विदेश भेजने वाले एजेंटों के प्रति जताई नाराजगी

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने एक व्यक्ति को 'डंकी रूट' या अवैध तरीके से अमेरिका भेजने का वादा कर उसके साथ कथित तौर पर धोखाधड़ी करने के आरोपी को अग्रिम जमानत देने से सोमवार को इन्कार कर दिया। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि ऐसे लोग भारतीय पासपोर्ट की छवि खराब करते हैं।

न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने कहा कि आप जैसे लोगों के कारण भारतीय पासपोर्ट का मान घटता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि कुछ लोगों के ऐसे कृत्यों से भारतीय पासपोर्ट की प्रतिष्ठा खराब हुई है। 'डंकी रूट' का इस्तेमाल आमतौर पर अमेरिका या ब्रिटेन जैसे देशों में प्रवेश करने के लिए किया जाता है। इस प्रक्रिया में मानव तस्करों का उपयोग करना और कानूनी आव्रजन प्रक्रियाओं को दरकिनार करने के लिए विभिन्न देशों से होकर गुजरना शामिल है, जहां अक्सर कठोर और खतरनाक परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। मामले के तथ्यों का हवाला देते हुए पीठ ने कहा कि आरोपी ने न केवल व्यक्ति को धोखा दिया, बल्कि उसे अमानवीय परिस्थितियों में अमेरिका की सीमा से लगे कई देशों की यात्रा भी कराई, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वह अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश कर जाए। पीठ ने आरोपों को बहुत गंभीर करार दिया और हरियाणा के रहने वाले ओम प्रकाश की अग्रिम जमानत याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। यह याचिका पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के उस आदेश के खिलाफ दायर की गई थी, जिसमें उसे मामले में राहत देने से इन्कार कर दिया गया था।

प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि प्रकाश मुख्य आरोपी का सहयोगी था, जो एक एजेंट के रूप में काम कर रहा था और उसने शिकायतकर्ता को आश्वासन दिया था कि वह 43 लाख रुपये का भुगतान करने पर उसे वैध माध्यम से अमेरिका भेज देगा। मुख्य आरोपी ने शिकायतकर्ता को सितंबर 2024 में दुबई भेजा, और वहां से विभिन्न देशों, फिर पनामा के जंगलों और फिर मैक्सिको भेजा। एक फरवरी, 2025 को मुख्य आरोपी के एजेंट ने उसे अमेरिकी सीमा पार करवा दिया। शिकायतकर्ता को अमेरिकी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, जेल में डाल दिया और 16 फरवरी, 2025 को भारत भेज दिया। उच्च न्यायालय ने अग्रिम जमानत देने से इनकार करते हुए कहा कि शिकायतकर्ता के पिता ने गवाही दी कि याचिकाकर्ता ने उनसे 22 लाख रुपये की ठगी की है।



### रजिस्ट्री, कार्यालय शनिवार को खुले रहेंगे


नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को फैसला किया कि 14 जुलाई से हर शनिवार उसकी रजिस्ट्री और कार्यालय खुले रहेंगे। परंपरा के अनुसार, शीर्ष अदालत की पीठें शनिवार को अदालतें नहीं लगाती हैं। सोलह जून को जारी शीर्ष अदालत के नोटिस में कहा गया है कि न्यायालय की रजिस्ट्री और कार्यालय 14 जुलाई 2025 से सभी शनिवार को सुबह 10 बजे से अपराह्न एक बजे तक खुले रहेंगे। शीर्ष अदालत ने संविधान के अनुच्छेद 145 के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग किया है और उच्चतम न्यायालय के 2013 के नियमों में संशोधन किया है।

### न्यायिक परीक्षा के लिए 3 साल वकालत की अनिवार्यता पर पुनर्विचार का अनुरोध

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में उसके 20 मई के उस आदेश पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया गया है, जिसमें युवाओं को विधि स्नातक होते ही न्यायिक सेवा परीक्षा में शामिल होने से रोक दिया गया और प्रवेश स्तर के पदों पर आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम तीन साल वकालत करने का मानदंड तय किया गया है। प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन ने 20 मई को सिविल न्यायाधीश (जूनियर डिवीजन) बनने के लिए न्यायिक सेवा परीक्षा में शामिल होने के वास्ते न्यूनतम 3 साल वकालत करने को अनिवार्य बनाने का फैसला दिया था। अधिवक्ता के रूप में पंजीकरण कराने वाले चन्द्र सेन यादव द्वारा दायर पुनर्विचार याचिका में तर्क दिया गया है कि यह इच्छुक विधि स्नातकों के संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) और 16 (नागरिकों के लिए रोजगार के अवसर की समानता) के तहत मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है।

# आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अग्रणी बना भारतः शाह

नई दिल्ली, एजेंसी



सम्मेलन को संबोधित करते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि भारत एनडीएमए और एनडीआरएफ सहित अन्य एजेंसियों के उत्कृष्ट कार्यों से आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अग्रणी बना है। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के राहत आयुक्तों और आपदा मोचन बलों के सम्मेलन में शाह ने कहा कि 10 साल पहले आपदा से निपटने वाले संगठनों का दृष्टिकोण हताहतों की संख्या कम रखने का था और 10 साल बाद, संख्या शून्य रखने का लक्ष्य है।

उन्होंने कहा कि जब भी भारत की आपदा प्रतिक्रिया का इतिहास लिखा जाएगा, मोदी सरकार के पिछले 10 साल परिवर्तनकारी दशक के रूप में दर्ज किए जाएंगे। इन 10 वर्षों में हमने क्षमता, दक्षता, गति और सटीकता - चारों क्षेत्रों में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। गृह मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने नीति, विषय संरचना, अनुसंधान कार्य, जनता तक विभिन्न अभ्यासों का प्रसार, कई अनुप्रयोगों का विकास और समग्र समन्वय तथा नीति-संबंधी कार्य प्रभावी ढंग से किए हैं।

उन्होंने कहा, 10 वर्षों में एनडीएमए, एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा मोचन बल) और सीडीआरआई (आपदा प्रतिरोधी अवसंरचना गठबंधन) ने भारत को आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में वैश्विक नेता बनने के लिए मजबूती से स्थापित किया है। दो वर्षों में राहत और आपदा प्रबंधन से जुड़ी एजेंसियों की कार्यशालाओं और बैठकों को एक साथ लाकर समग्र सरकारी दृष्टिकोण के साथ विचारों का मंच बनाने का काम किया गया है। जब सभी आपदा राहत दलों के प्रमुख एक ही मंच पर चर्चा करते हैं, तो कई कमियां दूर हो जाती हैं और देश को भी आपदा से निपटने के लिए तैयार रहने में लाभ होता है।

### कर्तव्य पथ पर पहला कदम



उधमपुर के पुलिस ट्रेनिंग अकादमी में आयोजित समारोह के दौरान पुलिस उपाधीक्षक और प्रोबेशनरी सब-इंस्पेक्टर पासिंग-आउट परेड के अवसर पर अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा की शपथ लेते हुए। एजेंसी

# खालिस्तान समर्थक किराये के टट्टू : हरदीप पुरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने जी7 शिखर सम्मेलन से पहले कनाडा में खालिस्तान समर्थक हालिया प्रदर्शनों को खारिज करते हुए प्रदर्शनकारियों को किराये का टट्टू बताया और कहा कि इन्हें गंभीरता से नहीं लिया जाना चाहिए।

पुरी ने कहा, एक और वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें ये लोग पड़ोसी देश के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें उनसे फंडिंग नहीं मिली है। उन्होंने कहा, ये जो किराये के टट्टू हैं, इन्हें गंभीरता से मत लीजिए। मंत्री ने यह टिप्पणी लुटियंस दिल्ली के 14, पंत मार्ग स्थित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई के मुख्यालय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 11 वर्ष और दिल्ली सरकार के 100 दिन पर प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए की।

# रैपिडो कंपनी के बाइक चालक ने महिला यात्री को मारा थप्पड़

बेंगलुरु, एजेंसी



बेंगलुरु में रैपिडो कंपनी से जुड़े बाइक चालक ने लापरवाही से वाहन चलाने को लेकर हुई तू-तू मैं-मैं के बाद महिला यात्री को थप्पड़ मार दिया और यह घटना कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि यह घटना शनिवार को जयनगर में हुई। घटना के वक्त महिला उस आभूषण की दुकान पर जा रही थी जहां की वह कर्मचारी है। कथित तौर पर लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने के कारण महिला बीच में ही उतर गई और इसके बाद दोनों के बीच तीखी बहस हुई। महिला ने किराया देने और हेलमेट लौटाने से भी इन्कार कर दिया। संपर्क करने पर रैपिडो ने इस मामले पर टिप्पणी करने से इन्कार कर दिया और कहा कि यह पुलिस का मामला है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें महिला को बाइक चालक थप्पड़ मारता हुआ दिखाई दे रहा है। महिला पर हमला इतना जोरदार था कि वह जमीन पर गिर गई।

# मनरेगा खत्म करने की कोशिश में केंद्र : खरगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के आवंटन में कटौती करके इसे खत्म करने की कवायद में जुटी है, जो संविधान के खिलाफ अपराध है। उन्होंने दावा किया कि मोदी सरकार ने अब वर्ष के पहले 6 महीनों के लिए मनरेगा खर्च की सीमा 60 प्रतिशत तय कर दी है।

खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, मोदी सरकार गरीबों की जीवन-रेखा मनरेगा को तड़पा-तड़पा कर ख़त्म करने की कवायद में जुटी है। उन्होंने सवाल किया, क्या ऐसा मोदी सरकार केवल इसलिए कर रही है, क्योंकि वो गरीबों की जेब से 25,000 करोड़ रुपये छीनना चाहती है, जो हर साल अंत तक, मांग ज्यादा होने पर उसे अगले वित्तीय वर्ष में ख़र्च करने पड़ते हैं?

# बांग्ला भाषी भारतीयों को भाजपा बता रही बांग्लादेशी : ममता

कोलकाता, एजेंसी



- विस में प्रश्नकाल के दौरान बनर्जी ने भाजपा पर दमनात्मक कार्रवाई का लगाया आरोप

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को भाजपा पर आरोप लगाया कि वह बांग्ला भाषियों को निशाना बना रही है और यहां तक कि वैध दस्तावेज धारकों को भी बांग्लादेशी प्रवासी बता रही है। विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान उस समय हंगामा शुरू हो गया, जब मुख्यमंत्री ने भाजपा-शासित राज्यों में बांग्ला भाषी लोगों के खिलाफ पार्टी द्वारा दमनात्मक कार्रवाई करने का आरोप लगाया।

बनर्जी ने कहा, आपको शर्म आनी चाहिए कि आप वास्तविक भारतीय नागरिकों को सिर्फ उनकी भाषा के आधार पर बांग्लादेशी बता रहे हैं। बांग्ला के साथ गुजराती, मराठी और हिंदी में बोलने में भी गर्व महसूस होना चाहिए। अगर आप मुझसे पूछें तो मैं इन सभी भाषाओं में बोल सकती हूं। उन्होंने कहा, एक ओर आप भारतीयों को बांग्लादेशी बता रहे हैं, दूसरी ओर आप इन लोगों को, जिनके पास मतदाता पहचान पत्र, पैन और आधार कार्ड हैं, अपने राज्यों में आजीविका कमाने के अधिकार से वंचित कर रहे हैं।



कुलदीप यादव

# लीड्स में जडेजा के साथ कुलदीप को खिलाना चाहिए : हरभजन

## इंग्लैंड में पहला टेस्ट 20 जून से, तीन तेज और दो स्पिनरों को खिलाने पर दिया जोर

नयी दिल्ली, एजेंसी



रवींद जडेजा।



हरभजन सिंह।

दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह ने कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए भारत की एकादश में रविंद्र जडेजा के साथ शामिल करने का समर्थन किया है। सीरीज का पहला मैच 20 जून को लीड्स में शुरू होगा। पारंपरिक रूप से लीड्स की पिच से स्पिनरों की तुलना में तेज गेंदबाजों को अधिक मदद मिलती है।

हरभजन ने सोमवार को 'पीटीआई वीडियोज' से कहा भारत को कुलदीप यादव को खिलाने पर विचार करना चाहिए। बेशक जडेजा उनके साथ गेंदबाजी करेंगे। इसलिए तीन तेज गेंदबाजों के साथ दो स्पिनर इस मैच के लिए एकदम सही जोड़ी होंगे। हरभजन ने बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप को किसी भी तरह की परिस्थितियों में संभावित मैच विजेता करार दिया। उन्होंने कहा देखते हैं कि क्या परिस्थितियां बदलती हैं और स्पिनरों को मदद मिलती है। लेकिन अगर ऐसा नहीं भी होता है तो भी मुझे लगता है कि ये दो सक्षम गेंदबाज हैं जो किसी भी पिच पर विकेट ले सकते हैं।

अपने अनुभव के आधार पर हरभजन ने 2002 में हेडिंग्ले में दो स्पिनरों को मैदान में उतारने के भारत के साहसिक फैसले को याद किया जब उन्होंने और अनिल कुंबले ने मिलकर 11 विकेट चटकाए थे। हरभजन ने कहा उस समय यह एक बहुत ही अनोखा फैसला था। पिच पर काफी घास थी लेकिन प्रबंधन ने फैसला किया कि हम दो स्पिनरों और दो तेज गेंदबाजों के साथ उतरेंगे और संजय बांगड़ भी गेंदबाजी करेंगे। उन्होंने कहा हमने पांच सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों को चुना जो विकेट ले सकते थे। अंत में यही मायने रखता है। आपको उन गेंदबाजों का समर्थन करना चाहिए जो किसी भी परिस्थिति या किसी भी तरह की पिच पर विकेट ले सकते हैं।

शारदुल ठाकुर ने भारत की दो टीम के बीच हुए अभ्यास मैच में शतक बनाया और विकेट लिए तथा हरभजन का मानना है कि टीम में तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के स्थान के लिए उनका पलड़ा नितीश रेड्डी पर भारी है। हरभजन ने कहा भारत को एक ऐसे गेंदबाज की जरूरत है जो थोड़ी बल्लेबाजी भी कर सके। भारत के पास नंबर सात तक बल्लेबाजी करने वाले खिलाड़ी हैं और नंबर आठ पर आपको यह देखना होगा कि कौन गेंदबाजी कर सकता है और आपके लिए विकेट ले सकता है तथा थोड़ी बल्लेबाजी भी कर सकता है। उन्होंने कहा मेरे हिसाब से यहीं पर शारदुल नितीश रेड्डी पर भारी पड़ेंगे। नितीश एक बेहतरीन बल्लेबाज हैं जो गेंदबाजी भी कर सकते हैं। लेकिन हमने उन्हें आईपीएल में ज्यादा गेंदबाजी करते नहीं देखा है। इस पूर्व स्पिनर ने कहा गंभीर भी हैं। वह काबिल कोच हैं। और मुझे यकीन है कि वह सही फैसला करेंगे। हरभजन ने सरफराज खान को टेस्ट टीम से बाहर किए जाने पर भी अपनी राय रखी। उन्होंने कहा यह दुर्भाग्यपूर्ण है... मैं उनका नाम टीम में नहीं देखकर थोड़ा हैरान हूं। मुझे यकीन है कि वह मजबूती से वापसी करेंगे। उनमें वापसी करने की इच्छाशक्ति है। मैं बस इतना कह सकता हूं कि निराश मत होना, आपको आज नहीं तो कल आपका हक मिलेगा... करुण नायर को देखिए। हरभजन ने कहा उन्होंने (नायर ने) इंग्लैंड के खिलाफ 300 रन बनाए और फिर उन्हें ज्यादा मौके नहीं मिले। अब वह टीम के साथ इंग्लैंड में वापस आ गए हैं।

## पूर्व क्रिकेटर बोले-भारत देगा कड़ी चुनौती



इंग्लैंड में अभ्यास मैच के दौरान भारतीय टीम। • एजेंसी

**नई दिल्ली, एजेंसी** : ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन का मानना है कि अगर भारत लीड्स और मैनचेस्टर में मैच जीतने में सफल रहता है तो उसके पास इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट शृंखला जीतने का शानदार मौका होगा। वहीं दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने पांच मैच की सीरीज में मेजबान टीम को 3-2 से जीत का दावेदार बताया। भारत और इंग्लैंड पांच मैचों की शृंखला के साथ अपने नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत करेंगे। इस शृंखला का पहला मैच शुक्रवार से लीड्स में खेला जाएगा। मैनचेस्टर 23 जुलाई से चौथे टेस्ट की मेजबानी करेगा। हेडन ने जियो हॉटस्टार पर कहा मुझे नहीं लगता कि इंग्लैंड के गेंदबाज इतने अच्छे हैं। उसके कई गेंदबाज चोटिल हैं, और कई खिलाड़ी संन्यास ले चुके हैं। उसके लिए यही बड़ी चुनौती होगी। उन्होंने कहा उत्तरी इंग्लैंड में होने वाले टेस्ट मैच काफी महत्वपूर्ण होंगे। भारत अगर इन मैच में जीत हासिल कर लेता है तो वह सीरीज अपने नाम कर सकता है। भारत के इंग्लैंड के पिछले दौरे के बाद से मेजबान टीम के दो सबसे अनुभवी गेंदबाजों जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। यही नहीं इंग्लैंड के कुछ प्रमुख तेज गेंदबाज चोटिल हैं। तेज गेंदबाज मार्क वुड चोट के कारण कम से कम पहले तीन टेस्ट मैचों से बाहर हो गए हैं। उनके साथी तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भी शुरुआती मैच में नहीं खेल पाएंगे और गस एटकिंसन हैमस्ट्रिंग में खिंचाव से उबर रहे हैं। इस बीच भारत नए कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में मैदान पर उतरेगा। इस तरह से भारत रोहित शर्मा, विराट कोहली और आर अश्विन जैसे दिग्गजों के संन्यास के बाद एक नए युग की शुरुआत करेगा। स्टेन ने भारत को हारा हुआ नहीं माना, लेकिन इंग्लैंड को जीत का दावेदार बताया। उन्होंने कहा भारतीय टीम काफी युवा है। यह कहा जा सकता है कि इंग्लैंड शृंखला जीतने जा रहा है, लेकिन यह बिना संघर्ष के नहीं होने वाला है। मुझे लगता है कि एक या दो टेस्ट ऐसे होंगे जिन्हें भारत अपने नाम कर सकता है। दक्षिण अफ्रीका के इस क्रिकेटर ने कहा सभी मैच करीबी होंगे। लेकिन हर मैच का नतीजा निकलेगा।

## एक नजर



अमेरिका के ओकमोंट में ओकमोंट कंट्री क्लब में अमेरिकी ओपन गोल्फ टूर्नामेंट जीतने के बाद ट्रॉफी के साथ जश्न मनाते हुए जेजे स्पाउन। • एजेंसी

### जूनियर क्रिकेट में आयु निर्धारण के लिए अतिरिक्त अस्थि परीक्षण होगा

**नई दिल्ली** : भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक महत्वपूर्ण कदम के तहत जूनियर स्तर पर खिलाड़ियों का अतिरिक्त अस्थि परीक्षण (बोन टेस्ट) कराने का फैसला किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी खिलाड़ी अतिरिक्त सत्र खेलने से वंचित न रहे। मौजूदा मानदंडों के अनुसार खिलाड़ी टीडब्ल्यू3 विधि (अस्थि की उम्र का आकलन करने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला परीक्षण) के माध्यम से आयु निर्धारण के लिए अस्थि परीक्षण से गुजरता है। इसमें उसके उम्र का आकलन अस्थि परीक्षण की उम्र में एक जोड़कर किया जाता है। नियम में बदलाव के साथ हालांकि अंडर 16 लड़कों की श्रेणी में किसी क्रिकेटर को अगले सत्र में उसी आयु वर्ग में खेलने की अपनी पात्रता निर्धारित करने के लिए दूसरे अस्थि परीक्षण से गुजरना होगा।

### एफईआई ने भुगतान नहीं करने के कारण घुड़सवारी प्रतियोगिताएं रद्द की

**नई दिल्ली** : भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) द्वारा वैश्विक संचालन संस्था एफईआई को बकाया राशि का भुगतान नहीं किए जाने के कारण कम से कम 24 घरेलू और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट रद्द कर दिए गए हैं। यह घटना घुड़सवारों और देश में घुड़सवारी खेल के विकास को नुकसान पहुंचा सकती है। पता चला है कि ईएफआई को जनवरी से मार्च 2025 के बीच आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए एफईआई अधिकारियों को पारिश्रमिक और संबद्ध शुल्क के रूप में लगभग 27 लाख रुपये का भुगतान करना था। हालांकि गुटों में अंदरूनी लड़ाई के कारण महासंघ का खाता फ्रीज हो गया है जिसके कारण बकाया राशि का भुगतान नहीं हो पा रहा है और एफईआई को कैलेंडर से इन प्रतियोगिताओं को हटाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

### पैंथर्स ने अश्विन की टीम के खिलाफ गेंद से छेड़छाड़ के आरोप लगाए

**चेन्नई** : तमिलनाडु प्रीमियर लीग (टीएनपीएल) में आर अश्विन की अगुआई वाली डिंडीगुल ड्रैगन्स के खिलाफ सीचम मदुरै पैंथर्स ने गेंद से छेड़छाड़ के आरोप लगाए हैं। आयोजकों ने 'मैच खत्म होने के बाद और अटकलबाजी की तरह लग रहे' आरोपों के लिए सबूत पेश करने का निर्देश दिया है। पैंथर्स ने ड्रैगन्स पर 14 जून को सलेम में हुए मैच के दौरान 'केमिकल (रसायन) लगे तौलिये का इस्तेमाल' करके गेंद से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। यह समझा जाता है कि इन तौलियों को राज्य क्रिकेट संघ ने गेंद के गीला होने पर उसे पोंछने के लिए मुहैया कराया था। गेंद को सुखाने का काम मैदानी अंपायरों की मौजूदगी में किया गया।

# मैंने वाशिंगटन सुंदर से प्रेरणा ली : साई

बेकेनहैम (ब्रिटेन), एजेंसी



साई सुदर्शन। • एजेंसी

वाशिंगटन सुंदर का बहुत कम समय में आयु वर्ग से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट तक का शानदार सफर उनके युवा साथी बी साई सुदर्शन के लिए प्रेरणास्रोत रहा है। सुदर्शन 20 जून को लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण कर सकते हैं।

वाशिंगटन 2016 में जूनियर विश्व कप में भारत अंडर-19 के लिए विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में खेल रहे थे और इसके डेढ़ साल के अंदर उन्होंने 18 वर्ष के खिलाड़ी के रूप में भारत के लिए अपना पहला वनडे खेला। जब वह 20 वर्ष के थे तब 2021 में उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया तथा आस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी की जीत में अहम भूमिका निभाई। वाशिंगटन से दो साल जूनियर साईं सुदर्शन ने बताया कि किस तरह से उनके इस सीनियर साथी के सफर ने उन्हें भारतीय टीम में शामिल होने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। साई सुदर्शन ने इंट्रा-स्क्वाड (टीम के बीच आपस में मैच) अभ्यास मैच के दौरान बीसीसीआई टीवी से कहा मैंने उनके साथ (जूनियर स्तर पर) कुछ मैच खेले हैं। इसलिए, यह हमेशा विशेष होता है। हम उनसे काफी प्रेरणा लेते हैं और जिस तरह से उन्होंने बहुत कम समय में भारत की तरफ से खेलना शुरू किया वह बात मेरे दिमाग में थी। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने वाशिंगटन की प्रशंसा करते हुए कहा उन्होंने (वाशिंगटन) आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन किया। फिर वह देश के लिए खेले। इसलिए यह मेरे लिए बहुत बड़ी प्रेरणा थी कि चेन्नई का कोई खिलाड़ी भारत के लिए खेल रहा है।

उन्हे जानने और उनके साथ खेलने से मुझे लगा कि मैं भी उसी तरह से खेलना चाहता हूं। वह एक प्रेरणा था। भारत के लिए नौ टेस्ट, 23 एकदिवसीय और 54 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके वाशिंगटन ने उस समय के बारे में बात की जब साई सुदर्शन चेन्नई के एक प्रतिभाशाली क्रिकेटर के रूप में उभर रहे थे।

वाशिंगटन ने कहा मेरे कई कोच और मित्र भी लगातार उसके (साई सुदर्शन के) क्रिकेट करियर के बारे में बात करते थे। वह अपने खेल में लगातार निखार लाता रहा और आगे बढ़ता रहा। उन्होंने कहा जब भी मैंने उसे (सुदर्शन को) टीवी पर देखा, तो उसके कौशल और कार्यशैली से बहुत कुछ सीखने को मिला, जिसने निश्चित रूप से बहुत से युवा खिलाड़ियों को प्रेरित किया।

### गौतम गंभीर मंगलवार को टीम से जुड़ेंगे



**नई दिल्ली** : परिवार में आपात स्थिति के कारण पिछले सप्ताह स्वदेश लौटने वाले भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर 20 जून से लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट शृंखला से पहले मंगलवार को भारतीय दल से जुड़ेंगे। गंभीर की मां को दिल का दौरा पड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती करना पड़ा था। बीसीसीआई के एक सूत्र ने 'पीटीआई' से कहा उनकी मां की स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। गौतम (गंभीर) कल यहां से रवाना होने के बाद टीम से जुड़ेंगे। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज ने बेकेनहैम में भारत और भारत ए के बीच बंद स्टेडियम में खेले गए मैच में हिस्सा नहीं लिया था। उनकी अनुपस्थिति में सहायक कोच रेयान टेन डोएशे ने टीम की तैयारियों पर नजर रखी थी।

# विश्व कप में महिला टीम पाकिस्तान से टकराएगी

दुबई, एजेंसी

भारत और पाकिस्तान की टीमें महिला वनडे विश्व कप मैच पांच अक्टूबर को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में तटस्थ स्थल पर एक-दूसरे का सामना करेंगी।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने सोमवार इस विश्व कप के कार्यक्रम की घोषणा की। इस साल की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी और उसके बाद के मैचों के लिए स्वीकार किए गए हाइब्रिड मॉडल के अनुसार कोलंबो को तटस्थ स्थल के रूप में जोड़ा गया है। भारत ने तब आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने से मना कर दिया था। भारत हालांकि अपने अभियान की शुरुआत 30 सितंबर को बेंगलुरु में श्रीलंका के खिलाफ करेगा। टीम 26 अक्टूबर को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में बांग्लादेश का सामना भी करेगी।

### महिला एकदिवसीय विश्व कप में भारत का कार्यक्रम

**30 सितंबर** : भारत बनाम श्रीलंका, बेंगलुरु।

**पांच अक्टूबर** : भारत बनाम पाकिस्तान, कोलंबो।

**नौ अक्टूबर** : भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका, विशाखापत्तनम।

**12 अक्टूबर** : भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया, विशाखापत्तनम।

**19 अक्टूबर** : भारत बनाम इंग्लैंड, इंदौर।

**23 अक्टूबर** : भारत बनाम न्यूजीलैंड, गुवाहाटी।

**26 अक्टूबर** : भारत बनाम बांग्लादेश, बेंगलुरु।

# कोहली और मेरे बीच वर्चस्व की जंग चली, सचिन के साथ नहीं : एंडरसन

लंदन, एजेंसी



इंग्लैंड के महान तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने अपने 21 साल के करियर के दौरान भारतीय दिग्गजों सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली के खिलाफ अपनी जंग का आनंद लिया लेकिन उन्हें कोहली को गेंदबाजी करना थोड़ा मुश्किल लगा। एंडरसन ने 2003 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था और पिछले सत्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहते हुए अपने शानदार करियर का अंत किया।

लंकाशर के इस खिलाड़ी को तेंदुलकर और कोहली दोनों के खिलाफ सफलता मिली। उन्होंने इन दोनों भारतीय सुपरस्टार को क्रमशः नौ और सात बार आउट किया। एंडरसन ने 'टॉकस्पोर्ट' से कहा कोहली के खिलाफ मुझे शुरुआत में कुछ सफलता मिली थी, जब वह पहली बार इंग्लैंड आए थे (2014 में)। मैंने इसका काफी फायदा उठाया, ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद उनकी कमजोरी थी, इसका काफी फायदा उठाया और फिर अगली बार जब मैं उनके खिलाफ खेला (2018 में) तो उन्होंने स्पष्ट रूप से उस पर काम किया और यह एक अलग खिलाड़ी को गेंदबाजी करने जैसा था।

हालांकि यह ध्यान देने योग्य है कि तेंदुलकर और कोहली अपने करियर के अलग-अलग चरण में थे जब उन्हें एंडरसन की चुनौती का सामना करना पड़ा जो 42 साल की उम्र में भी काउंटी क्रिकेट खेल रहे हैं।

# महिला एशियाई कप क्वालीफायर के लिए टीम घोषित

नई दिल्ली, एजेंसी

चोटों के कारण तीन फारवर्ड खिलाड़ियों को खोने के बाद भारतीय सीनियर महिला फुटबाल टीम के मुख्य कोच क्रिस्पिन छेत्री ने सोमवार को एएफसी महिला एशियाई कप ऑस्ट्रेलिया 2026 क्वालीफायर के लिए थाईलैंड जाने वाली 24 सदस्यीय टीम की घोषणा की। क्वालीफायर के लिए 23 खिलाड़ियों की अंतिम टीम की घोषणा पहले मैच से पूर्व की जाएगी।

भारतीय टीम को क्वालीफायर के ग्रुप बी में रखा गया है जहां उनका सामना मंगोलिया (23 जून), तिमोर लेस्ते (29 जून), इराक (दो जुलाई) और मेजबान थाईलैंड (पांच जुलाई) से होगा।

ग्रुप विजेता मार्च 2026 में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले मुख्य टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगे। महिला एशियाई कप फीफा महिला विश्व कप ब्राजील 2027 का भी क्वालीफायर है। छेत्री और उनकी टीम सोमवार शाम को थाईलैंड पहुंचेगी और अपने पहले मैच से पूर्व उत्तरी शहर चियांग माई में एक सप्ताह तक प्रशिक्षण लेगी। सभी मैच चियांग माई स्टेडियम में होंगे।

भारतीय टीम ने बेंगलुरु में पादुकोण-द्रविड़ सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में छह सप्ताह तक ट्रेनिंग की और क्वालीफायर की तैयारी के लिए 30 मई और तीन जून को उज्बेकिस्तान के खिलाफ दो मैत्री मैच खेले जिसमें दोनों बार टीम को 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। छेत्री ने कहा मैं बेंगलुरु में तैयारियों से खुश हूं। हमने 40 दिन से अधिक समय तक ट्रेनिंग की।

ट्रेनिंग मैदान और सभी सुविधाएं बेहतरीन थीं। जहां तक टीम की बात है हमारे पास युवा और सीनियर खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है। उन्होंने कहा दुर्भाग्य से चोटों के कारण करिश्मा (शिरवोइकर), संध्या (रंगनाथन) और रेणु जैसे फॉरवर्ड टीम का हिस्सा नहीं हैं।

### भारत की 24 सदस्यीय टीम इस प्रकार है



**गोलकीपर** : एलंगबाम पंथोई चानू, मोइरांगथेम मोनालिशा देवी, पायल बसुदे।
**डिफेंडर** : हेमाम सिल्की देवी, किरण पिस्दा, मार्टिना थोकचोम, नगंगबाम स्वीटी देवी, फंजौबाम निर्मला देवी, पूर्णिमा कुमारी, संजू, सोरोखैबम रंजना चानू। **मिडफील्डर** : अंजू तमांग, ग्रेस डांगमेई, कार्तिका अंगमुथु, नोंगमैथेम रतनबाला देवी, प्रियदर्शिनी सेलादुरई, संगीता बासफोर। **फारवर्ड** : लिंडा कोम सर्टो, मालविका पी, मनीषा कल्याण, मनीषा नाइक, प्यारी शाशा, रिम्पा हलदर और सौम्या गुगुलोथ।

# भारतीय निशानेबाजों ने किया शानदार प्रदर्शन

नई दिल्ली, एजेंसी

**म्यूनिख विश्व कप**



सुरुचि सिंह। • एजेंसी

- **भारत ने म्यूनिख विश्व कप में दो स्वर्ण और दो कांस्य पदक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया**

भारत ने अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) के वार्षिक कैलेंडर में सबसे प्रतिष्ठित और चुनौतीपूर्ण टूर्नामेंटों में से एक म्यूनिख विश्व कप में अपने प्रदर्शन में सुधार कर दो स्वर्ण और दो कांस्य पदक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। पिछले चार विश्व कप में यह तीसरा मौका है जब भारत ने तालिका में तीसरा स्थान हासिल किया है।

भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के महासचिव के. सुल्तान सिंह ने कहा हमारे निशानेबाजों ने एक बार फिर से म्यूनिख विश्व कप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इस आयोजन से पहले कहा जा रहा था कि भारत के लिए यह टूर्नामेंट चुनौतीपूर्ण होगा। इसमें बड़ी संख्या में खिलाड़ी भाग ले रहे थे जबकि हमारे कुछ सर्वश्रेष्ठ निशानेबाज इसमें नहीं खेल रहे थे। हमारे निशानेबाजों ने हालांकि यह साबित कर दिया कि भारतीय निशानेबाजी में विकल्प पहले से कहीं अधिक है। आर्या बोसरे और अर्जुन बबूता की मिश्रित जोड़ी ने ओलंपिक चैंपियन और विश्व रिकॉर्डधारी चीन की एस जीएल आई और वांग जी फी की जोड़ी को 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में हराकर बड़ा उलटफेर किया।

दो बार की ओलंपियन इलावेनिल वलारिवान (महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल) और ओलंपियन और विश्व रिकॉर्ड धारक सिफ्त कौर सामरा (महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन) ने भी म्यूनिख में कांस्य पदक जीतने वाले अपने प्रदर्शन से विश्व स्तरीय निशानेबाजों के रूप में अपनी स्थिति मजबूत की। वलारिवान ने कांस्य पदक जीतने से पहले 635.9 के स्कोर के साथ नया क्वालीफिकेशन राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी बनाया, जबकि सुरुचि ने महिला एयर पिस्टल में मनु भाकर के 588 के क्वालीफिकेशन राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी की। प्रतियोगिता की 10 स्पर्धाओं में भी भारतीय खिलाड़ी सात के फाइनल में जगह बनाने में सफल रहे। चीन चार स्वर्ण सहित सात पदकों के साथ तालिका में शीर्ष पर रहा। नार्वे दो स्वर्ण और एक रजत के साथ दूसरे स्थान पर रहा। व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट समूह सहित कुल 11 देशों ने म्यूनिख में पदक जीते।

### हरियाणा की सुरुचि सिंह ने लगातार तीसरा स्वर्ण जीता

इस सत्र की शुरुआत से शानदार लय में चल रही पिस्टल निशानेबाज सुरुचि सिंह ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। हरियाणा की इस 19 साल की निशानेबाज ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में विश्व कप का अपना लगातार तीसरा स्वर्ण पदक जीता।

# अर्जेंटीना के खिलाफ ठोस प्रदर्शन की उम्मीद


लंदन, एजेंसी :

**एफआईएच प्रो लीग**

यूरोपीय चरण की शुरुआत दो करीबी हार के साथ करने के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग में दुनिया की दूसरे नंबर की टीम अर्जेंटीना के खिलाफ लगातार दो मैच में वापसी करने के लिए बेताब है।

सलीमा टेटे की अगुआई वाली भारतीय टीम सप्ताहांत हुए दो मैच में ऑस्ट्रेलिया से 1-2 और 2-3 से हार गई और उनके पास अर्जेंटीना की मजबूत टीम का सामना करने से पहले खुद को फिर से संगठित करने के लिए बहुत कम समय होगा। अर्जेन्टीना ने अब तक अपने 12 लीग मैच में से सात जीते हैं। हॉकी इंडिया ने सलीमा के हवाले से कहा अर्जेंटीना दुनिया की दूसरे नंबर की टीम है और उसने अब तक अपने 12 एफआईएच प्रो लीग मैच में से सात जीते हैं। लीग के इस चरण में आने से पहले हम जानते थे कि उन्हें हराना आसान नहीं होगा। उन्होंने कहा हम दोनों मैचों में अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे। टीम उनसे मुकाबला करने के लिए अच्छी तरह से ट्रेनिंग कर रही है और उनके खिलाफ महत्वपूर्ण अंक हासिल करने के लिए विभिन्न रणनीतियों पर काम कर रही है। नौ अंक के साथ सातवें स्थान पर चल रहे भारत की नजरें वापसी पर टिकी हैं।

## गेम चेंजर



डीआरडीओ और आईआईटी दिल्ली ने 1 किमी की सीमा में क्वांटम एंटैंगलमेंट आधारित फ्री स्पेस क्वांटम सुरक्षित संचार का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया। इसे क्वांटम साइबर सुरक्षा और सुरक्षित संचार में एक बड़ी सफलता बताया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस विकास को भविष्य के युद्ध में गेम चेंजर करार दिया। एजेंसी

# कई मुश्किलों में डाल सकती है एक रात की खराब नींद



जब भी आप अपने फोन पर स्क्रॉल करते हुए, ईमेल का जवाब देते हुए या सिर्फ एक और एपिसोड देखते हुए बहुत देर तक जागते रहते हैं, अगली सुबह, आप खुद को सुस्त और चिड़चिड़ा महसूस करते हैं। मीठी पेस्ट्री या चिकनाईपूर्ण नाश्ता अचानक आपको सामान्य दही और जामुन की तुलना में अधिक आकर्षक लगने लगता है। यह सिर्फ इच्छा के कारण नहीं होता बल्कि आपका मस्तिष्क जिसे ठीक से आराम नहीं मिला है, वह आपको त्वरित और हाई कैलोरी खाद्य जरूरतों की ओर प्रेरित करता है। एक शोध से पता चलता है कि अपर्याप्त नींद सिर्फ भूख के संकेतों को बाधित नहीं करती बल्कि आत्म-नियंत्रण को कमजोर करती है और ग्लूकोज चयापचय को खराब करती है जिससे वजन बढ़ने का खतरा बढ़ जाता है। ये परिवर्तन एक रात की खराब नींद के बाद भी हो सकते हैं। अगर ध्यान न दिया जाए तो समय के साथ ज्यादा नुकसान पहुंचा सकते हैं।

### नींद की कमी से लाखों लोग प्रभावित

नींद की कमी लाखों लोगों को प्रभावित करती है। रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्रों के अनुसार अमेरिका के एक तिहाई से अधिक वयस्क नियमित रूप से रात में सात घंटे से कम नींद लेते हैं। लगभग तीन-चौथाई किशोर स्कूल जाने के दौरान 8-10 घंटे की नींद से वंचित रह जाते हैं जो उनके लिए जरूरी है। नर्सों जैसे आपातकालीन कर्मचारी और रात में काम करने वाले भी इसी असुरक्षा से गुजरते हैं। ये पैटर्न शरीर की आंतरिक घड़ी को बाधित करते हैं और बढ़ती लालसा, खराब खाने की आदतों और मोटापे और चयापचय रोग के बढ़ते जोखिम से जुड़े होते हैं। हालांकि कुछ रातों की लगातार और उच्च गुणवत्ता वाली नींद भी प्रमुख प्रणालियों को पुनर्संतुलित कर सकती है।

### इतने दुष्प्रभाव

- अध्ययनों से पता चलता है कि सिर्फ एक रात की नींद की कमी से प्रीफ्रंटल कॉर्टेक्स की गतिविधि कम हो जाती है जो निर्णय लेने और आवेग नियंत्रण के लिए जिम्मेदार है।
- आपका मस्तिष्क जंक फूड के प्रति ज्यादा लालायित हो जाता है और इसका विरोध करने में कम सक्षम हो जाता है। उच्च कैलोरी वाले खाद्य पदार्थों की जरूरत महसूस होने लगती है।
- चयापचय धीमा हो जाता है, जिससे वसा भंडारण बढ़ जाता है। ब्लड शुगर नियंत्रण के लिए नींद भी महत्वपूर्ण है। आंशिक नींद इंसुलिन संवेदनशीलता को 25% तक कम कर सकती है।

### भूख के हार्मोन होते हैं बाधित

शरीर दो प्रमुख हार्मोनों से भूख को नियंत्रित करता है। घ्रेलिन जो मुख्य रूप से पेट में उत्पन्न होता है और संकेत देता है कि आप भूखे हैं, लेप्टिन जो वसा कोशिकाओं में उत्पन्न होता है और मस्तिष्क को बताता है कि आपका पेट भर गया है। एक रात की प्रतिबंधित नींद से ही घ्रेलिन का स्राव बढ़ जाता है और लेप्टिन कम हो जाता है। इससे अधिक भूख लगती है और खाने के बाद संतुष्टि कम हो जाती है।

### नींद आपका मेटाबोलिक रीसेट बटन

ऐसी संस्कृति जो भागदौड़ और देर रात तक जागने को बढ़ावा देती है, उसमें नींद को वैकल्पिक माना जाता है लेकिन आपका शरीर इसे इस तरह नहीं देखता है। नींद सक्रिय और आवश्यक मरम्मत है। यह तब होता है जब आपका मस्तिष्क भूख और इनाम संकेतों को पुनः व्यवस्थित करता है, आपके हार्मोन रीसेट हो जाते हैं और आपका चयापचय स्थिर हो जाता है। इसका आपके शरीर और मानसिक स्वास्थ्य पर व्यापक प्रभाव पड़ता है।

## एक नजर

### कांगो में भारी बारिश से 29 लोगों की मौत

**किंशासा।** कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य की राजधानी किंशासा में भारी बारिश के कारण कम से कम 29 लोगों की मौत हो गई है। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि शुष्क मौसम में असामान्य बारिश के कारण भारी नुकसान हुआ, सड़कें जलमग्न हो गईं, बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा और बड़े पैमाने पर बिजली और पानी की आपूर्ति बाधित हुई। गवर्नर डैनियल बुम्बा ने कहा कि लोगों को निकालने और अस्थायी पुनर्वास के प्रयास जारी हैं। उन्होंने स्थानीय लोगों से आपदा जागरूकता बढ़ाने और निवारक उपाय करने का भी आग्रह किया।

### ब्राजील: गर्म हवा का गुब्बारा फटने से महिला की मौत

**साओ पाउलो।** दक्षिण-पूर्वी ब्राजील के साओ पाउलो में पर्यटकों को ले जा रहा एक गर्म हवा का गुब्बारा (हॉट एयर बैलून) के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से 26 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। सैन्य पुलिस ने बताया कि जब गुब्बारा इपेरो के पास कैपेला डू ऑल्टो शहर के ग्रामीण इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हुआ तब उसमें लगभग 35 लोग सवार थे। समाचार चैनल ग्लोबोन्यूज़ ने बताया कि गुब्बारे के पास पर्यटन उद्देश्यों के लिए उड़ाने का लाइसेंस नहीं था। दुर्घटना के बाद पायलट को गिरफ्तार कर लिया गया।

### बलूचिस्तान में विस्फोट के बाद महत्वपूर्ण रेलमार्ग बंद

**कराची।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में सोमवार को बम विस्फोट होने से एक रेलवे कर्मचारी घायल हो गया और सबसे महत्वपूर्ण रेलमार्गों में एक पर यातायात स्थगित करना पड़ा। एक अधिकारी ने बताया कि उत्तर पश्चिम प्रांत में माच और आब-ए-गम क्षेत्र को जोड़ने वाले रेलमार्ग को निशाना बनाकर यह विस्फोट किया गया जिससे यातायात बाधित हो गया। पाकिस्तान रेलवे के एक प्रवक्ता ने कहा कि यह विस्फोट राष्ट्रीय परिवहन ढांचे को नुकसान पहुंचाने के मकसद से की गयी आतंकवादी हरकत जान पड़ती है।

### खैबर पख्तूनख्वा में पांच आतंकवादी मार गिराए

**पेशावर।** पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा में दो अलग-अलग अभियानों में पांच आतंकवादियों को मार गिराया है। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा ने कहा कि 15-16 जून की दरमियानी रात को दो अलग-अलग खुफिया-आधारित अभियानों में फितना-अल-ख्वारिज के पांच आतंकवादी मारे गए। पेशावर जिले में पहले अभियान में चार और उत्तरी वजीरिस्तान जिले में एक आतंकवादी मारा गया।

# खामेनेई परिवार के साथ बंकर में छिपे

## ईरान ने कहा- पश्चिम एशिया को खतरे में डाल दिया है इजरायल को अमेरिका के समर्थन ने

तेहरान, एजेंसी

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई अपने परिवार के साथ तेहरान के पूर्वोत्तर भाग में स्थित लाविजान में एक बंकर में भूमिगत हो गए है। ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार खामेनेई के पुत्र मुज्तबा भी उनके साथ हैं। इस बीच ईरानी विदेश मंत्रालय ने कहा है कि इजरायल को अमेरिका के समर्थन ने पश्चिम एशिया को खतरे में डाल दिया है।

खामेनेई के साथ उनके दूसरे पुत्र मसूद और मुस्तफा नहीं हैं। खामेनेई के भूमिगत होने की सूचना इजरायल की ओर से किए गए हवाई हमले के जवाब में ईरान की ऑपरेशन ट्रू फेज 1 और ट्रू फेज 2 की सैन्य कार्रवाई के बाद आई है। इस अभियान के तहत ईरान ने इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर मिसाइल हमले किए थे। इससे पहले इजरायल ने रविवार को 'ऑपरेशन राइजिंग लायन' के तहत 2,300 किलोमीटर दूर स्थित मशहद शहर को निशाना बनाया था। यह हमला ईरानी नेता को यह चेतावनी देने के लिए किया गया था कि वह कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं।

इस बीच ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघई ने कहा है कि इजरायल के लिए अमेरिका के समर्थन ने पश्चिम एशिया और दुनिया की सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है। बाघई ने कहा, जिस समय इजरायल ने आक्रमण किया, उस समय हम एक कूटनीतिक प्रक्रिया में लगे हुए थे। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा कृत्य है, जिसकी अमेरिकी सहयोग के बिना कल्पना भी नहीं की जा सकती है। इसने कूटनीतिक और बातचीत की प्रक्रिया को निरर्थक बना दिया है।

उन्होंने कहा कि ईरान को उम्मीद है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद इजरायल के खिलाफ 'बाध्यकारी' प्रस्तावों को अपनाएगा। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आग्रह किया है कि पहले कदम के रूप में इजरायल के हवाई हमलों को आक्रमण की संज्ञा दी जाए।



इजरायल के तेल अवीव में ईरान के मिसाइल हमले के बाद उठता धुएं का गुबार।

### ईरान ने मिसाइल हमलों में इस्तेमाल की नई तकनीक

**तेहरान।** ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने दावा किया है कि हाल ही में इजरायल के खिलाफ जवाबी मिसाइल हमलों में उसने नई तकनीक का प्रयोग किया, जिससे इजरायल की वायु रक्षा प्रणालियां एक-दूसरे पर ही हमला करने लगीं। आईआरजीसी ने कहा 13 जून की रात इजरायल ने 'राइजिंग लायन' नाम से एक बड़ा सैन्य ऑपरेशन शुरू किया, जिसमें ईरानी परमाणु कार्यक्रम और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। इसके जवाब में, उन्होंने नई तकनीकों और खुफिया क्षमताओं का इस्तेमाल किया, जिससे इजरायल की बहु-स्तरीय रक्षा कमान और नियंत्रण प्रणाली विफल हो गई।

### तेहरान में मोसाद के दो और जासूस गिरफ्तार

**तेहरान।** ईरान के तेहरान प्रांत में पुलिस ने इजरायल की जासूसी एजेंसी मोसाद के दो और जासूसों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 200 किलोग्राम से अधिक विस्फोटक, 23 ड्रोन, लॉन्चर और अन्य उपकरण जब्त किए गए हैं। तेहरान पुलिस ने कहा कि उसने अलग-अलग अभियानों में मोसाद के दो कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से बड़ी मात्रा में विस्फोटक जब्त किए गए। इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के पुलिस कमान के प्रवक्ता सईद मोंटेजर अल-महदी ने रविवार को कहा कि तेहरान प्रांत के रे काउंटी के एक जिले फशाफुयेह में मोसाद के दोनों जासूसों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया है।

### इजरायल ने खामेनेई को मारने को लेकर अमेरिकी दावे को किया खारिज

**वाशिंगटन/तेल अवीव।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी अधिकारियों के उस दावे को खारिज किया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि इजरायल ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को मारना चाहता था लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने उसे ऐसा करने से रोक दिया। गौरतलब है कि इजरायली रक्षा बल की ओर से किए गए हमलों में ईरान के कई शीर्ष अधिकारी मारे गए थे। नेतन्याहू ने इस अभियान को ईरानी परमाणु बुनियादी ढांचे पर पूर्व खाली हमला बताया था। अमेरिका की डिजिटल मीडिया पोलिटिको की रिपोर्ट के अनुसार खामेनेई के प्रति शत्रुता के भाव के बावजूद ट्रंप उन्हें बातचीत की मेज पर लाने के लिए तैयार है ताकि कूटनीति के जरिये इजरायल-ईरान के बीच खतरनाक टकराव रोका जा सके।

# पाकिस्तान घुटनों पर, भारत से बातचीत की मंशा जताई

इस्लामाबाद, एजेंसी



- बिलावल भुट्टो ने कहा- दोनों देशों के बीच व्यापाक बातचीत से ही हो सकता है लंबित मुद्दों का समाधान

पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के प्रमुख बिलावल भुट्टो जरदारी ने भारत से वार्ता की मेज पर लौटने का आग्रह करते हुए कहा है कि दोनों देशों के बीच सभी लंबित मुद्दों का समाधान केवल व्यापक बातचीत के जरिए ही हो सकता है। 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' अखबार की खबर के अनुसार, पश्चिमी देशों की यात्रा पर गए संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे बिलावल ने रविवार को ब्रसेल्स की यात्रा के दौरान जर्मन प्रसारक 'दायचे वेले उर्दू' को दिए साक्षात्कार में यह टिप्पणी की।

उन्होंने कहा, पाकिस्तान और भारत के बीच सभी लंबित मुद्दों को केवल व्यापक बातचीत के जरिए ही सुलझाया जा सकता है। अगर भारत बातचीत की मेज पर नहीं आता है, तो यह उनके हित में नहीं होगा। पूर्व विदेश मंत्री ने चेताया कि भारत द्वारा पाकिस्तान की जल आपूर्ति रोकने के किसी भी प्रयास को अस्तित्व के लिए खतरा माना जाएगा, जिससे पाकिस्तान के पास युद्ध के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा।

एक दिन पहले बिलावल ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से भारत को बातचीत के लिए मेज पर लाने और समग्र वार्ता के माध्यम से दक्षिण एशिया में स्थायी शांति सुनिश्चित करने में भूमिका निभाने का आग्रह किया था जिसमें कश्मीर मुद्दे, जल मुद्दे और आतंकवाद का समाधान भी शामिल है। पीपीपी अध्यक्ष ने कहा कि पाकिस्तान युद्ध नहीं चाहता, लेकिन वह राष्ट्रीय सुरक्षा या जल अधिकारों से समझौता नहीं करेगा।

### सिर्फ आतंकवाद पर वार्ता की बात कह चुका है भारत

भारत ने स्पष्ट कर चुका है कि वह पाकिस्तान के साथ केवल पीओके की वापसी और आतंकवाद के मुद्दे पर ही बातचीत करेगा। समग्र वार्ता की शुरुआत 2003 में हुई थी जब पाकिस्तान में जनरल परवेज मुशर्रफ का शासन था। इसमें आठ घटक थे, जिनमें दोनों देशों के बीच सभी विवादास्पद मुद्दे शामिल थे। वर्ष 2008 के मुंबई हमलों के बाद बातचीत पटरी से उतर गई थी और उचित रूप में बहाल नहीं हो पाई।

# गाजा में खाद्य वितरण केंद्रों के निकट गोलीबारी, 38 मरे



इजरायली गोलाबारी से तबाह हुई इमारतों को देखते फलस्तीनी।

गाजा पट्टी, एजेंसी

गाजा के क्षेत्र के दक्षिणी हिस्से में खाद्य वितरण केंद्रों के पास हुई गोलीबारी में 38 फलस्तीनी मारे गए। यह घटना उस वक्त हुई जब हजारों फलस्तीनी लोग खाद्य वितरण केंद्रों तक पहुंचने के लिए इजराइली सैन्य-नियंत्रित क्षेत्रों से गुजर रहे थे।

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि इजराइली सैनिकों ने भीड़ को नियंत्रित करने के प्रयास में गोलियां चलाईं। खाद्य वितरण केंद्रों के आसपास इजराइल सेना की यह अब तक की सबसे भीषण गोलीबारी है। गोलीबारी में हुई मौतों पर इजराइली सेना ने फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं की है। सेना ने पूर्व में भी कहा था कि सैनिकों ने अपने ठिकानों की ओर आने वाले संदिग्धों पर चेतावनी के तौर पर गोलियां चलाईं।

# तमिलनाडु के एडीजीपी अपहरण केस में गिरफ्तार

**चेन्नई।** मद्रास उच्च न्यायालय ने अपहरण के एक मामले में एडीजीपी रैंक के एक अधिकारी को गिरफ्तार करने का तमिलनाडु पुलिस को सोमवार को मौखिक रूप से निर्देश दिया और कुछ ही मिनटों बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

- विधायक की याचिका पर सुनवाई करते हुए मद्रास हाईकोर्ट ने दिया था आदेश

न्यायमूर्ति पी. वेलमुरुगन ने यह निर्देश विधायक एम. जगन मूर्ति द्वारा दायर एक अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया, जिन्हें मामले में गिरफ्तारी की आशंका थी। वह किल्वैथिनंकुप्पम (आरक्षित) सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं और एक संगठन के प्रमुख हैं। एडीजीपी एचएम जयराम को अदालत भवन से बाहर आते ही गिरफ्तार कर लिया गया। न्यायाधीश ने विधायक को भी फटकार लगाई। सोमवार को जब मामला सुनवायी के लिए आया, तो न्यायाधीश ने पुथिया भारतम काची के नेता मूर्ति और एडीजीपी जयराम को मौखिक रूप से दोपहर में अदालत में पेश होने के लिए समन किया। जिस पर दोनों अदालत में पेश हुए। जयराम की सरकारी कार का कथित तौर पर अपहरण के लिए इस्तेमाल किया गया था।

# जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने कनाडा रवाना हुए पीएम मोदी

निकोसिया, एजेंसी



- प्रधानमंत्री की पिछले एक दशक में कनाडा की पहली यात्रा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी साइप्रस की अपनी यात्रा संपन्न करने के बाद सोमवार को जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए कनाडा रवाना हो गए। इस दौरान उन्होंने साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के साथ व्यापक वार्ता की और दोनों देशों के संबंधों को बढ़ावा देने के लिए कई मुद्दों पर चर्चा की।

मोदी तीन देशों साइप्रस, कनाडा और क्रोएशिया की चार दिवसीय यात्रा पर हैं। विदेश मंत्रालय ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री मोदी ने साइप्रस की यादगार यात्रा सम्पन्न की। मंत्रालय ने कहा कि प्रधानमंत्री ने साइप्रस के राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस और लोगों को उनकी असाधारण गर्मजोशी और आतिथ्य के लिए धन्यवाद दिया। 'एक्स' पर पोस्ट में कहा गया है, 'जी-7 शिखर सम्मेलन के लिए कनाडा के लिए रवाना।'

मोदी कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के निमंत्रण पर अपनी यात्रा के दूसरे चरण के तहत रात को कैलगरी पहुंचेंगे, जहां वह कनानास्किस में जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। यह मोदी की एक दशक में कनाडा की पहली यात्रा है। प्रधानमंत्री मोदी लगातार छठी बार जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए सम्मेलन में शामिल हो रहे हैं। रविवार को साइप्रस के राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस ने लार्नाका हवाई अड्डे पर मोदी का स्वागत किया।

# प्रदर्शनकारियों को पकड़कर वापस भेजने का ट्रंप का निर्देश

**वाशिंगटन।** अमेरिका के लॉस एंजिलिस और अन्य प्रमुख शहरों में आव्रजन नीति के खिलाफ बड़े पैमाने पर प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संघीय आव्रजन अधिकारियों को डेमोक्रेटिक पार्टी के शासन वाले राज्यों से निर्वासन को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

- अधिकारियों से कहा, सबसे बड़े निर्वासन के लिए पूरी क्षमता से काम करें

ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) अधिकारियों से इतिहास के सबसे बड़े सामूहिक निर्वासन अभियान के बेहद महत्वपूर्ण लक्ष्य को हासिल करने के लिए अपनी पूरी क्षमता से काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि लक्ष्य को हासिल करने के लिए अधिकारियों को लॉस एंजिलिस, शिकागो और न्यूयॉर्क जैसे बड़े शहरों में अवैध विदेशियों को हिरासत में लेने और उन्हें निर्वासित करने के प्रयासों में तेजी लाने को कहा। ट्रंप का यह बयान, कई सप्ताह तक कार्रवाई में तेजी और 'व्हाइट हाउस' के 'डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ' एवं ट्रंप की आव्रजन नीति के मुख्य निर्माता स्टीफन मिलर के उस बयान के बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि आईसीई अधिकारी रोजाना कम से कम 3,000 गिरफ्तारियों का लक्ष्य रखेंगे।

# अपने हथियारों को दीवार से घेरने पर भड़का इजरायल

पेरिस, एजेंसी

- पेरिस एअर शो में फ्रांसीसी अधिकारियों के निर्णय को अपमानजनक बताया

इजराइल के रक्षा मंत्रालय ने 'पेरिस एयर शो' में अपने रक्षा उद्योग मंडपों के चारों ओर काले रंग की दीवारें खड़ी किये जाने की निंदा करते हुए इस कदम को अपमानजनक और अभूतपूर्व बताया तथा फ्रांसीसी अधिकारियों एवं कार्यक्रम के आयोजकों से तत्काल इसे हटाने की मांग की।

सोमवार को एयर शो के उद्घाटन से ठीक पहले, रात में दीवारें खड़ी की जा चुकी थीं, जिससे इजराइली मंडप अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शकों से अलग-थलग पड़ गए। इजराइली अधिकारियों का कहना है कि यह कदम आयोजकों की ओर से आखिरी समय में की गई मांग के बाद उठाया गया। आयोजकों ने हथियार प्रणालियों को प्रदर्शन से हटाने की मांग की थी, जिसे इजराइली प्रदर्शकों ने अस्वीकार कर दिया था।

मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा, फ्रांसीसी सरकार कथित राजनीतिक विचारों की आड़ में इजराइल के हथियारों को जो फ्रांसीसी उद्योगों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हैं, एक अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी से बाहर कर रही है। मंत्रालय ने इस कार्रवाई को अनुचित बताया। शुक्रवार को फ़्रांस की एक अपीलीय अदालत ने मानवाधिकार कार्यकर्ता समूहों के खिलाफ फैसला सुनाया, जिन्होंने गाजा में युद्ध के कारण इजराइली कंपनियों को प्रदर्शनी में भाग लेने से रोकने की मांग की थी।

# कोच्चि हवाई अड्डे के पास ड्रोन, लेजर ग्लाइडर पर प्रतिबंध

**कोच्चि।** अधिकारियों ने गंभीर सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए सोमवार को कोच्चि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पांच किलोमीटर के दायरे में ड्रोन, लेजर बीम और अन्य हवाई उपकरणों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया।

यह आदेश एर्नाकुलम के डीएम एनएसके उमेश ने जारी किया। उन्होंने कहा कि माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट, पैराग्लाइडर, हॉट एयर बैलून और मानव रहित हवाई प्रणाली (यूएएस) जैसे उपकरण नेदुम्बस्सेरी हवाई अड्डे के अंदर और बाहर उड़ने वाले विमानों के लिए खतरा पैदा करते हैं। यह निर्णय हवाई अड्डे के निदेशक और ग्रामीण पुलिस प्रमुख की रिपोर्ट के बाद लिया गया है, जिन्होंने रनवे और संपर्क मार्गों के पास अनधिकृत उड़ान गतिविधि को चिह्नित किया था।

## अहमदाबाद विमान हादसा

चार दिन से अहमदाबाद में डेरा डाले हुए हैं देश भर से आए हादसे में मारे गए लोगों के परिजन

# सदमे में डूबे परिजनों को और बेहाल कर रहा शवों के लिए इंतजार

## डीएनए जांच में देरी, हादसे वाले ही दिन सैंपल देने के बाद भी कई लोगों को नहीं मिले शव

अहमदाबाद, एजेंसी

अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान हादसे में अपनों को खोने के सदमे के बीच कई पीड़ितों के परिवारों को उनके शवों को लेने में काफी लंबा इंतजार करना पड़ रहा है और वे चार दिन से यहां डेरा डाले हुए हैं। इनमें वह लोग भी शामिल हैं जिन्होंने 12 जून को हादसे वाले दिन ही डीएनए जांच के लिए अपना नमूना दे दिया था ताकि उसका मिलान कर मृतक की शिनाख्त की जा सके।

इन लोगों को 72 घंटे का इंतजार करने के लिए कहा गया था और यह समयसीमा रविवार को बीत गई। विशेषज्ञों का कहना है कि इतनी बड़ी संख्या में डीएनए के नमूनों के मिलान में वक्त लग सकता है। चालक दल की सदस्य रोशनी सोंघारे की रिश्तेदार पूजा सुखदरे ने सोमवार को कहा, हम कल डीएनए संग्रह केंद्र गए थे, लेकिन हमें बताया गया कि हमारे नमूने का अभी मिलान नहीं किया गया है। सुखदरे, सोंघारे के पिता और भाई के साथ त्रासदी के बाद से यहां हैं। सोंघारे का परिवार महाराष्ट्र के ठाणे जिले के डोंबिवली में रहता है।

यही स्थिति चालक दल की सदस्य मैथिली पाटिल के रिश्तेदारों की भी है, जो नवी मुंबई के न्हावा के निवासी हैं और दुर्घटना के बाद 12 जून को यहां पहुंचे थे। गुजरात के कच्छ में राजमिस्त्री और बढ़ई का काम करने वाले 32 वर्षीय अनिल खिमानी के रिश्तेदार भी घटना के बाद से अहमदाबाद में डेरा डाले हुए हैं। खिमानी विमान में सवार थे। खिमानी का रिश्तेदार बताने वाले मनसुख ने बताया कि उनके पिता ने डीएनए मिलान के लिए नमूना 12 जून को दिया था।

आकाश पटानी (15) का परिवार भी उसके शव के लिए इंतजार कर रहा है। हादसे के समय वह बी जे मेडिकल कॉलेज के आवासीय परिसर में अपनी मां की चाय की दुकान के बगल में चारपाई पर आराम कर रहा था। दुर्घटना और उसके बाद लगी आग का प्रभाव इतना भयानक था कि पटानी को भागने का मौका ही नहीं मिला और उसकी जलने से मौत हो गई।



हादसे में मारी गई मुंबई की साइनिता चक्रवर्ती का शव सोमवार को घर लाया गया।

### अब तक 99 शवों की पहचान, 64 परिजनों को सौंपे

अहमदाबाद सिविल अस्पताल के अधिकारियों ने कहा कि सोमवार दोपहर तक डीएनए परीक्षण से 99 शवों की पहचान कर ली गई है और 64 शव उनके रिश्तेदारों को सौंप दिए गए हैं। शोकाकुल परिवारों के लिए सिविल अधीक्षक डॉ. राकेश जोशी ने कहा कि मृतकों के अवशेषों के साथ डीएनए नमूनों के मिलान की प्रक्रिया में लगने वाले वक्त को लेकर वे घबराएं नहीं। फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला के निदेशक एचपी सांघवी से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन वह उपलब्ध नहीं थे। हैदराबाद स्थित कोशिकीय एवं आणविक जीवविज्ञान केंद्र के पूर्व निदेशक राकेश मिश्रा ने डीएनए मिलान कोई कठिन काम नहीं है, लेकिन इस मामले में मृतकों की संख्या ज्यादा है।